3 | राजधानी
गांवों के विकास पर खर्च होंगे 399 करोड़

6 | अभिमत
राजकोषीय संतुलन बनाने की जरूरत

11 | विदेश
कराची में मंदिर की मूर्तियां तोड़ी गईं

12 | विविध
चेतना के साथ प्रयास

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 48
नई दिल्ली, बुधवार, 22 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

{ लगा कि मुझे बीच भंवर में छोड़ दिया गया

स्पोर्ट्स-10 }

तीन हफ्ते में ओमीक्रोन के 200 से ज्यादा केस

- महाराष्ट्र और दिल्ली बनते जा रहे हॉटस्पॉट, दोनों जगह 54-54 मरीज मिले
- केंद्र का राज्यों को निर्देश- स्थानीय स्तर पर रोकथाम व बचाव के उपाय करें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गुरुग्राम में मंगलवार को कोरोना के चलते विद्यार्थियों का तापमान लेता कर्मचारी

भारत में कोविड के तेजी से फैलने वाले स्ट्रेन ओमीक्रोन के मामलों की संख्या दो से बढ़कर तीन सप्ताह में ही 200 से अधिक हो गई है। इस पर केंद्र ने चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार को सभी राज्य सरकारों से स्थानीय स्तर पर रोकथाम और स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने व बचाव के उपाय बेहतर करने का निर्देश दिया है। ओमीक्रोन के 200 मामलों में से 77 मरीज ठीक हो चुके हैं या अस्पताल से जा चुके हैं।

महाराष्ट्र और दिल्ली में सबसे अधिक केस आ रहे हैं। दोनों जगह इस वैरिएंट के 54-54 मरीज हैं। इसके बाद तेलंगाना (20) और कर्नाटक (19) का स्थान है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि ओडिशा में दो लोगों में कोविड-19 के ओमीक्रोन वैरिएंट के केस मिले हैं। जो राज्य में कोरोनावायरस के नवीनतम संस्करण का पहला मामला है। भुवनेश्वर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज (आईएलएस) ने भी 12 नमूनों की जीनोम अनुक्रमण करने के बाद दो रोगियों में वैरिएंट के अस्तित्व की पुष्टि की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने अपने पत्र में कुछ लक्षित कार्रवाइयों को साझा किया जिन्हें राज्यों द्वारा किसी भी संभावित प्रकोप को रोकने के लिए लागू करने की आवश्यकता है। भूषण ने लिखा कि जिला स्तर पर कोविड-19 से प्रभावित आबादी, भौगोलिक प्रसार, अस्पताल के बुनियादी ढांचे और इसके उपयोग, जनशक्ति, नियंत्रण क्षेत्रों को अधिसूचित करने, नियंत्रण क्षेत्रों की परिधि को लागू करने आदि के बारे में उभरते आंकड़ों की निरंतर समीक्षा होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि साक्ष्य के आधार पर जिला स्तर पर ही प्रभावी निर्णय लेने का आधार होना चाहिए। इस तरह की रणनीति यह सुनिश्चित करती है कि संक्रमण राज्य के अन्य हिस्सों में फैलने से पहले स्थानीय स्तर पर ही रोकी जा सकेगी।

वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में डब्ल्यूएचओ की चेतावनी की के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि ओमीक्रोन वैरिएंट डेल्टा की तुलना में तेजी से फैल रहा है, नया संस्करण डेल्टा वायरस की तुलना में कम से कम 3 गुना अधिक संचरण योग्य है। इसके अलावा, डेल्टा संस्करण अभी भी देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूद है। इसलिए, स्थानीय और जिला स्तर पर और भी अधिक दूरदर्शिता, आंकड़ा विश्लेषण, गतिशील निर्णय लेने और सख्त और त्वरित नियंत्रण कार्रवाई की आवश्यकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश और जिला स्तर पर निर्णय लेना बहुत ही त्वरित और केंद्रित होना चाहिए। भूषण ने कहा कि मंत्रालय ने राज्यों पर रोकथाम के उपाय करने का निर्णय यह कहते हुए छोड़ दिया कि क्योंकि यह स्थानीय स्थिति और जनसंख्या विशेषताओं जैसे घनत्व आदि पर आधारित हो सकता है। केंद्र ने राज्यों से यह भी कहा कि वे वैक्सीन नहीं लगवाने वालों का टीकाकरण करवाएं और पहली और दूसरी खुराक के पात्र लाभार्थियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण त्वरित तरीके से सुनिश्चित करें। अब तक दी गई 137 करोड़ खुराक के साथ, देश की 88 फीसदी आबादी को वैक्सीन की एक खुराक मिल चुकी है, जबकि 58 फीसदी को पूरी तरह से टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए जहां पहली और दूसरी खुराक कवरेज राष्ट्रीय औसत से कम है। ऐसे जिलों में घर-घर जाकर टीकाकरण अभियान को मजबूत करने की जरूरत है। अधिकारी ने पत्र में कहा कि कुछ रणनीतिक क्षेत्रों में रोकथाम, परीक्षण, निगरानी, नैदानिक प्रबंधन, टीकाकरण और कोविड उपयुक्त व्यवहार पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

परिसीमन आयोग की सिफारिश विभाजनकारी: गुपकर गठबंधन

- जम्मू में फारूख अब्दुल्ला के निवास पर बैठक, एक जनवरी को करेंगे विरोध प्रदर्शन का फैसला

मोहित कंधारी। जम्मू

जम्मू में बैठक के बाद गुपकर गठबंधन के नेता

पीपुल्स अलायन्स फॉर गुपकर डिक्लेरेशन (पीएजीडी) ने मंगलवार को कहा कि जम्मू कश्मीर पर परिसीमन आयोग के सुझाव विभाजनकारी और अस्वीकार्य हैं। इसके विरोध में गठबंधन एक जनवरी को श्रीनगर में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करेगा। जम्मू में डॉ. फारूख अब्दुल्ला के आवास पर एक घंटे चली बैठक में विचार-विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती, सीपीआई(एम) नेता मोहम्मद यूसुफ तारिगामी, आवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता मुजफ्फर अहमद शाह और नेशनल कांफ्रेंस सांसद जस्टिस (सेवानिवृत्त) हसनैन मसूदी और पीडीपी से महमूद बेग भी अब्दुल्ला के भटिंडी स्थित आवास पर बैठक में शामिल हुए। केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा सीटों के सीमांकन के लिए गठित परिसीमन आयोग ने अपने 'पेपर-1' में जम्मू क्षेत्र के लिए छह अतिरिक्त सीट और कश्मीर के वास्ते एक अतिरिक्त सीट का प्रस्ताव दिया है। आयोग ने इस पर नई दिल्ली में अपने पांच सदस्यों- नेशनल कॉन्फ्रेंस के तीन और भारतीय जनता पार्टी के दो सांसदों के साथ सोमवार को चर्चा की थी।

पीएजीडी के मुख्य प्रवक्ता और माकपा नेता एम वाई तारिगामी ने संवाददाताओं से कहा कि हम शांति चाहते हैं और किसी संस्थान या सरकार के साथ संघर्ष नहीं चाहते। हम लोगों के वैधानिक अधिकार की रक्षा के लिए अपनी आवाज शांतिपूर्ण तरीके से उठाएंगे। हमने परिसीमन आयोग के प्रस्ताव के विरुद्ध श्रीनगर में एक जनवरी को शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है, क्योंकि हमारे विचार से यह मसौदा जनता और सभी समुदाय के लोगों को अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव विभाजनकारी है तथा इससे जम्मू कश्मीर में विभाजन और बढ़ेगा। इससे लोगों का अलगावावाद और बढ़ेगा तथा ऐसी खाई बनेगी जिससे जम्मू कश्मीर और लद्दाख के लोगों का हित प्रभावित होंगे और देश के हितों को भी नुकसान होगा।

परिसीमन आयोग के सुझावों पर विपक्ष की कड़ी आपत्ति पर विरोध जताते हुए भारतीय जनता पार्टी की जम्मू कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रविंद्र रैना ने मंगलवार को कहा कि गुपकर घोषणापत्र गठबंधन (पीएजीडी/गुपकर) के वर्षों तक चले कुशासन के कारण उन्होंने लोगों का समर्थन खो दिया है। रैना ने कहा कि भाजपा लोगों को बांट नहीं रही, बल्कि जोड़ रही है।

लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ने वाला बिल लोकसभा में पेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के भारी विरोध के बीच मंगलवार को लोकसभा में बाल विवाह प्रतिषेध संशोधन विधेयक 2021 पेश किया गया जिसमें लड़कियों के विवाह की न्यूनतम कानूनी आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर पुरुषों के बराबर 21 वर्ष करने का प्रस्ताव है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले बुधवार को पुरुषों एवं महिलाओं के विवाह की न्यूनतम आयु में एकरुपता लाने के प्रस्ताव संबंधी बाल विवाह (प्रतिषेध) विधेयक 2021 को स्वीकृति प्रदान की थी। निचले सदन में महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि वह स्वयं ही सरकार की ओर से इस विधेयक को स्थाई समिति को भेजने का प्रस्ताव कर रही हैं ताकि इस पर विस्तृत चर्चा हो सके। विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने विधेयक को व्यापक विचार विमर्श के लिए संसद की स्थाई समिति को भेजने की मांग की थी। इसके माध्यम से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में और संशोधन (शेष पेज 9)

कोलकाता नगर निगम चुनाव में तृणमूल की प्रचंड जीत

- पार्टी ने 144 में से 132 सीटें हासिल की, तेजी से घटा भाजपा का वोट प्रतिशत

सौगर सेनगुप्ता। कोलकाता

कोलकाता नगर निगम चुनाव में पार्टी की भारी जीत के बाद प्रसन्नता व्यक्त करतीं तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता

सात महीने पहले विधानसभा चुनाव में एकतरफा जीत हासिल कर पश्चिम बंगाल की सत्ता पर लगातार दूसरी बार काबिज हुई तृणमूल कांग्रेस ने हाईप्रोफाइल कोलकाता नगर निगम चुनाव में भी जोरदार प्रदर्शन किया है। निगम चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को करीब 72 फीसदी वोट मिले हैं और पार्टी ने निगम की 144 में से 132 सीटों पर जीत हासिल की है। भाजपा, वाम मोर्चा और कांग्रेस कोई भी पार्टी राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी को चुनौती नहीं दे पाई। विधानसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। राज्य चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, भगवा दल महज तीन वार्डों में जीत हासिल कर पाया है। कांग्रेस और माकपा नीत वाम मोर्चे की झोली में भी दो-दो सीटें ही आई हैं। वहीं तीन निर्दलीयों ने फतह मिली है। वाम मोर्चा मत प्रतिशत के मामले में दूसरे स्थान पर (शेष पेज 9)

मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक करा रही सरकार: प्रियंका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनके बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक किए जा रहे हैं। प्रियंका ने विपक्षी नेताओं के फोन टैपिंग किए जाने के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर यहां पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, फोन टैपिंग छोड़िए, मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट भी हैक कर रहे हैं। सरकार के पास और कुछ काम नहीं है क्या? गौरतलब है कि इससे पहले समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दावा किया था कि उत्तर प्रदेश सरकार उनके फोन टैप कर रही है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद उनकी बातचीत सुनते हैं। प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज प्रयागराज में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन पर भी तंज किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अभियान लड़की हूं, लड़ सकती हूं की वजह से प्रधानमंत्री को महिलाओं के लिए (शेष पेज 9)

आईओसी रिफायनरी में आग तीन लोगों की मौत, 44 घायल

पायनियर समाचार सेवा। हल्दिया

पूर्वी मेदिनीपुर में आईओसी रिफाइनरी में लगी आग के बाद निकलता धुआं

पश्चिम बंगाल के पूरब मेदिनीपुर में मंगलवार दोपहर को आईओसी रिफाइनरी में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने एक बयान में कहा कि यह घटना रिफाइनरी की एक इकाई में शटडाउन संबंधी कार्य के दौरान हुई। बयान में कहा गया कि आग लगने की घटना में तीन लोगों की मौत हुई है जबकि 44 लोग घायल हुए हैं। आईओसी के मुताबिक, आग बुझा दिया गया है और अब स्थिति नियंत्रण में है।

जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 44 घायलों में से 37 को कोलकाता के एक अस्पताल ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घायलों को जल्द से जल्द कोलकाता पहुंचाने के लिए यातायात को ध्यान में रखते हुए ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सात अन्य घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

इस बीच, राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रिफाइनरी में आग लगने की घटना में तीन लोगों की मौत पर शोक जताया। बनर्जी ने ट्वीट किया, दुख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवारों के (शेष पेज 9)

दुबई के सुल्तान पूर्व पत्नी को चुकाएंगे 55 करोड़ पाउंड

एपी। लंदन

ब्रिटेन की एक अदालत ने मंगलवार को दुबई के शासक को अपनी पूर्व पत्नी और उनके बच्चों को 55 करोड़ पाउंड का भुगतान करने का आदेश दिया, जो ब्रिटिश इतिहास में सबसे महंगे तलाक समझौतों में से एक है। उच्च न्यायालय ने कहा कि शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम को अपनी छठी पत्नी, राजकुमारी हया बिंत अल हुसैन को 25.15 करोड़ पाउंड का भुगतान करना होगा तथा अपने बच्चों 14 वर्षीय अल जलीला और नौ वर्षीय जायद को 29 करोड़ पाउंड की बैंक गारंटी के तहत भुगतान करना होगा। अदालत ने कहा कि बच्चों को प्राप्त होने वाली कुल राशि 29 करोड़ पाउंड से अधिक या कम हो सकती है। यह विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जैसे कि वे कितने समय तक जीवित रहते हैं और क्या वे अपने पिता के साथ मेल-मिलाप करते हैं। न्यायाधीश फिलिप मूर ने यह आदेश पारित किया। सैंतालीस वर्षीय राजकुमारी (शेष पेज 9)

बाजार

सेंसेक्स	56,319	↑ 497	
निफ्टी	16,770	↑ 156	
सोना	47,246	↓ 172	/10g
चांदी	60,508	↑ 342	/kg

क्विक न्यूज

प्रधानमंत्री कल वाराणसी में शुरू करेंगे कई विकास परियोजनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का दौरा करेंगे और 870 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली 22 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास सहित कई अन्य पहलों की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि इस दौरे के दौरान मोदी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और क्षेत्र के किसानों की मदद करने के प्रयास के तहत बनास डेयरी संकुल की आधारशिला भी रखेंगे। पीएमओ ने कहा कि इन परियोजनाओं से वाराणसी के समग्र विकास में और भी अधिक तेजी आएगी। बयान में पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के विकास और आर्थिक प्रगति के लिए काम करने को लेकर निरंतर प्रयासरत है और इस दिशा में आगे बढ़ते हुए वह 23 दिसंबर को वाराणसी का दौरा करेंगे और विकास संबंधी कई पहलों की शुरुआत करेंगे।

तृणमूल के राज्यसभा सांसद डेरेक शेष सत्र के लिए संसद से निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के सदस्य डेरेक ओब्रायन को राज्यसभा में मंगलवार को सदन की नियमावली पुस्तिका आसन की ओर उछालने के कारण सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। उच्च सदन में पीठासीन अध्यक्ष डॉ. सस्मित पात्रा ने आज सदन में निर्वाचन कानून (संशोधन) विधेयक 2021 को पारित किए जाने के दौरान तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन द्वारा नियमावली पुस्तिका आसन की ओर उछाले जाने का जिक्र किया।

उन्होंने कहा डेरेक ओब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया था जिस पर उप सभापति ने व्यवस्था दी थी। इसे बाद डेरेक ओब्रायन ने राज्यसभा की नियमावली की पुस्तिका उछाल दी। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से पुस्तिका आसन की ओर उछाली गई थी जो आसन को, महासचिव को या किसी को भी लग सकती थी। पात्रा ने कहा इस तरह नियमावली पुस्तिका को अधिकारियों की मेज की ओर उछाला जाना संसदीय परंपराओं का घोर उल्लंघन है और सदन इसकी भर्त्सना करता है। डेरेक ओब्रायन सदन में अपनी पार्टी के नेता हैं और उन्हें सदन की गरिमा बनाए रखना चाहिए जबकि उन्होंने सदन की गरिमा पर आघात किया और उनका यह कृत्य घोर निंदनीय है।

इसके बाद संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने डेरेक ओब्रायन को वर्तमान शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। इसके बाद सदन की बैठक कल बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले डेरेक के व्यवहार पर क्षोभ व्यक्त करते हुए सदन के नेता (शेष पेज 9)

वर्तमान में कोई भी व्यक्ति हाथ से मैला ढोने में संलग्न नहीं: सरकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले मंगलवार को लोकसभा को बताया कि हाथ से मैला उठाने के लिए कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध एवं पुनर्वास संशोधन विधेयक 2020 पेश करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हाथ से मैला उठाना छह दिसंबर 2013 से ही प्रतिबंधित है। निचले सदन में फ्रांसिस्को सार्दिन्हा के प्रश्न के लिखित उत्तर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने यह बात कही। उन्होंने सवाल किया था कि क्या सरकार का हाथ से मैला उठाने के लिए कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध एवं पुनर्वास संशोधन विधेयक 2020 पेश करने का कोई विचार है। आठवले ने कहा, वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके साथ (शेष पेज 9)

भारत विरोधी बीस यूट्यूब चैनल व दो वेबसाइट ब्लॉक

- भ्रामक व भड़काऊ सामग्री परोसने वालों पर चला सूचना और प्रसारण मंत्रालय का डंडा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर

भारत विरोधी दुष्प्रचार और फर्जी खबरें फैलाने वाले 20 यूट्यूब चैनल और दो वेबसाइट पर सरकार का डंडा चला है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर इस चैनलों और वेबसाइट को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। मंत्रालय ने दो आदेश जारी किए, जिनमें से एक में यूट्यूब को 20 चैनलों को ब्लॉक करने और दूसरे आदेश में दो समाचार वेबसाइट को ब्लॉक करने का निर्देश दिया गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि चैनल और वेबसाइट पाकिस्तान से संचालित एक समन्वित दुष्प्रचार नेटवर्क से संबंधित हैं तथा भारत से संबंधित विभिन्न संवेदनशील विषयों के बारे में फर्जी खबरें प्रसारित कर रहे थे। मंत्रालय के अनुसार इन चैनल का इस्तेमाल कश्मीर, भारतीय सेना, भारत में अल्पसंख्यक समुदायों, राम मंदिर, जनरल बिपिन रावत आदि जैसे विषयों पर विभाजनकारी सामग्री पोस्ट करने के लिए किया जा रहा था।सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक वीडियो संदेश में कहा कि भारतीय कानूनों का उल्लंघन कर फर्जी समाचार और भारत विरोधी सामग्री चलाकर भारत में भय और भ्रम का माहौल पैदा करने वाले चैनल व वेबसाइट के खिलाफ आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) नियमों के तहत कार्रवाई की गई है, ताकि भारत के खिलाफ पाकिस्तान जो एजेंडा चलाता है, उस पर अंकुश लग सके। मंत्री ने अपने ट्वीट में भी कहा कि फर्जी खबरें और (शेष पेज 9)

इन यूट्यूब चैनलों पर हुई कार्रवाई

मंत्रालय द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार, जिन 20 यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक करने का आदेश दिया गया है, उनमें द पंच लाइन, इंटरनेशनल वेब न्यूज, खालसा टीवी, द नेकेड ट्रुथ, 48 न्यूज, फिक्शनल, हिस्टोरिकल फैक्ट्स, पंजाब वायरल, नया पाकिस्तान ग्लोबल, कवर स्टोरी, गो ग्लोबल ईकॉमर्स, जुनैद हलीम ऑफिशियल, तैयब हनीफ, जैन अली ऑफिशियल, मोहसिन राजपूत ऑफिशियल कनीज फातिमा, सदफ दुर्रानी, मियां इमरान अहमद और नजम उल हसन बाजवा शामिल हैं।

ग्रेटर नोएडा के लोगों को जल्द मिलेगा गंगाजल

800 करोड़ की परियोजना, गंगा का पानी देहरा प्लांट से बिसाहड़ा तक पहुंचा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गंगाजल ग्रेटर नोएडा वासियों के और करीब आ गया है। देहरा स्थित प्लांट से करीब 9 किलोमीटर तक पानी पहुंच गया है। यहां तक की लाइनों का परीक्षण भी शुरू हो गया है। गंगाजल बहुत जल्द केंद्रीय जलाशय तक पहुंचने की उम्मीद है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप डुली ने जैतपुर स्थित केंद्रीय जलाशय का मुआयना भी किया। हरिद्वार से गंग नहर के जरिए देहरा तक पानी पहले ही पहुंच चुका है। बीते सात अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण इस प्लांट पर गंगाजल की टेस्टिंग शुरू करा चुके हैं।

गंगाजल देहरा से अब बिसाहड़ा तक पहुंच चुका है। देहरा से ग्रेटर नोएडा तक पाइपलाइन की लंबाई

करीब 23 किलोमीटर है, जिसमें 9 किलोमीटर तक की दूरी तय कर ली गई है। गंगाजल के साथ-साथ ट्रायल भी चल रहा है। प्राधिकरण की मंशा है कि गंगाजल दिसंबर माह के अंत तक ग्रेटर नोएडा पहुंचा दिया जाए, ताकि नए साल के शुरुआत में ही ग्रेटर नोएडा वासियों को गंगाजल मिलने लगे। गंगाजल ग्रेटर नोएडा में सबसे पहले जैतपुर स्थित मास्टर रिजर्व वायर तक पहुंचेगा। प्राधिकरण के एसीईओ अमनदीप, जीएम प्रोजेक्ट एके अरोड़ा व वरिष्ठ प्रबंधक कपिलदेव सिंह ने इसका जायजा लिया। गौरतलब है कि 85 क्यूसेक गंगाजल प्रोजेक्ट पर करीब 800 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। आपको बता दें कि अगर शत-प्रतिशत गंगाजल आपूर्ति की जाए तो भी 12 लाख आबादी की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।

यमुना प्राधिकरण में भूखंडों के आवंटन की आवेदन प्रक्रिया बदली

- योजना में 72 भूखंड, बड़े प्लाट का आवंटन ड्रा के जरिए किया जाएगा

नोएडा। यमुना प्राधिकरण 4000 वर्ग मीटर से बड़े भूखंडों का आमंत्रण ड्रॉ के जरिए करेगा।

फिलहाल बड़े भूखंडों का आवंटन हस्ताक्षर के जरिए किया जा रहा था। लेकिन अब ड्रॉ के जरिए किया जाएगा। अगर एक प्लॉट पर एकमुश्त पैसा देने वाले और शर्तों को पूरा करने वाले कई आवेदक होंगे तो यह आवंटन ड्रॉ के जरिए किया जाएगा। अभी तक इस नियम के तहत ग्रेटर नोएडा में आवंटन हो रहे हैं। अब यमुना प्राधिकरण ने भी यह नियम लागू कर दिया है।

यमुना प्राधिकरण ने औद्योगिक भूखंडों की योजना लॉन्च की है जिसके के लिए प्राधिकरण ने आवेदन 15 दिसंबर से शुरू कर दिए हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन किए जाएंगे।

इस योजना में 72 भूखंड है। जिनमें से 6 भूखंड 4000 वर्ग मीटर से बड़े हैं। यह बड़े भूखंड सेक्टर-29, 32 और 33 में है। अभी तक यमुना प्राधिकरण के द्वारा बड़े भूखंडों का आवंटन हस्ताक्षर के जरिए किया जाता है। लेकिन अब प्राधिकरण द्वारा इसमें बदलाव करते हुआ बड़े भूखंडों का आवंटन ड्रा के जरिए किया जाएगा। दरअसल एक ही भूखंड पर कई आवेदक शर्तों को पूरा कर लेते हैं और एकमुश्त पैसा देने को तैयार होते हैं। ऐसी स्थिति में ड्रॉ के जरिए आवंटन किया जाएगा। इस योजना में भी इसका पालन किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में भी यही नियम लागू है। प्राधिकरण द्वारा बड़े भूखंडों का आवंटन इसी तरह किया जा रहा है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुण वीर सिंह ने बताया कि बड़े भूखंडों की संख्या कम होती है और आवेदक ज्यादा हो जाते हैं।

ठंड से बचाव के लिए प्राधिकरण बनाएगा एक और रैन बसेरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- डेल्टा-टू में बनाए गए रैन बसेरे में 25 बिस्तर लगाए गए

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ठंड से बचाव के लिए डेल्टा टू के सामुदायिक केंद्र में एक और रैन बसेरा बना दिया है। अब से पहले शनिवार को प्राधिकरण द्वार बिल्डर्स एरिया में रैन बसेरा बनाया गया है। डेल्टा टू में बनाए गए रैन बसेरे में 25 बिस्तर लगा दिए गए हैं। जिसमें गरीब-बेसहारा लोग आसरा पा सकते हैं।

रैन बसेरा में अलाव के भी इंतजाम किए गए हैं। इन रैन बसेरों में और भी कई सुविधाओं का भी इंतजाम किया गया है। अत्यधिक ठंड से ग्रेटर नोएडा में किसी गरीब-बेसहारा व्यक्ति को रात गुजारने में परेशानी न हो, इसके लिए प्राधिकरण द्वारा अलग-अलग जगहों पर अस्थायी रैन बसेरा बनवाए जा रहे है।

एक रैन बसेरा बिल्डर्स एरिया में बीते शनिवार को शुरू कर दिया गया है। सोमवार को डेल्टा टू में भी रैन बसेरा बना दिया गया। रैन बसेरा में 25-25 गद्दे और रजाई के इंतजाम किए गए हैं।

जरूरत पड़ने पर बिस्तरों की संख्या और बढ़ा दी जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम प्रोजेक्ट एके अरोड़ा ने बताया कि कोविड को देखते हुए रैन बसेरा में बचाव के उपाय किए गए हैं।

रैन बसेरों में थर्मामीटर भी रखवा दिये गये है। रैन बसेरा में रात बिताने के लिए आने वाले व्यक्ति के टंपरेचर की जांचा की जाएगी और मास्क का प्रयोग अनिवार्य है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम केआर वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक मनोज धारीवाल, आरडब्ल्यूए के महासचिव आलोक नागर ने सोमवार को रैन बसेरा में इंतजामों का जायजा भी लिया।

बोर्ड बैठक स्थगित, अब 3 जनवरी को

नोएडा। नोएडा अथॉरिटी की बोर्ड बैठक सोमवार को होनी थी, स्थगित हो गई। वहीं, यमुना प्राधिकरण अपने बोर्ड की बैठक 3 जनवरी को करेगा। बैठक की अध्यक्षता प्राधिकरण के चेयरमैन अरविंद कुमार करेंगे। बोर्ड बैठक का एजेंडा बनाया जा रहा है।

वहीं, फिल्म सिटी परियोजना को लेकर लखनऊ में बैठक होगी। जिसमें बड़ा फैसला लिया जाएगा। नोएडा अथॉरिटी की सोमवार को बोर्ड बैठक होनी थी। किन्हीं कारणों से इस बैठक को स्थगित कर दिया गया है। प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक जल्दी ही बोर्ड मीटिंग की तारीख मुकर्रर की जाएगी।

दरअसल, अब विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने से पहले बोर्ड मीटिंग करेगा। इसके लिए एजेंडा तैयार कर लिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया है कि कुछ और मुद्दे बोर्ड के सामने रखे जाने हैं, जिन्हें लेकर तैयारी पूरी नहीं हो पाई थीं। इसे ध्यान में रखते हुए बोर्ड मीटिंग का वक़्त आगे बढ़ाया गया है। जल्दी ही नहीं तारीख घोषित की जाएगी।

यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 3 जनवरी को होगी। इसके लिए प्राधिकरण में तैयारी शुरू हो गई हैं। बोर्ड बैठक में रखे जाने वाले प्रस्ताव बनाए जा रहे हैं। बोर्ड बैठक

में फिल्म सिटी, राया हेरिटेज सिटी और टप्पल लॉजिस्टिक हब समेत तमाम परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट रखे जाने की उम्मीद है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि 3 जनवरी को बैठक नियत की गई है।

बेटे ने मां के कथित प्रेमी को चाकू से गोदा

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-39 क्षेत्र स्थित सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने अपनी मां के कथित पुरुष मित्र को चाकू से गोद कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

थानाध्यक्ष राजीव बालियान ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी में रहने वाले युवक ने मां के कथित पुरुष मित्र पर मंगलवार सुबह चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उन्होंने बताया कि आरोपी युवक, पीड़ित के घर आने और रात को रुकने से नाराज था। बालियान ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली से बिहार जा रही बस से 90 पेटी शराब बरामद

नोएडा। दनकौर में दिल्ली से बिहार जा रही एक डबल डेकर बस से उत्तर प्रदेश पुलिस ने हरियाणा उत्पादित 90 पेटी अवैध शराब बरामद की है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

सहायक पुलिस आयुक्त (ग्रेटर नोएडा) बृज नंदन राय ने बताया कि आज तड़के दनकौर थाना पुलिस को सूचना मिली कि शराब तस्कर दिल्ली से बिहार जाने वाली डबल डेकर निजी बस में हरियाणा उत्पादित शराब लेकर बिहार जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर नौरंगपुर गांव के पास बस की तलाशी ली गई जिसमें 90 पेटी हरियाणा मार्का अंग्रेजी शराब मिली जो बस के नीचे बने केबिन में छिपाकर रखी गई थी।

लिफ्ट में अपशब्द लिखने वाली युवती गिरफ्तार

नोएडा। सोसाइटी की लिफ्ट में एक युवती द्वारा अपशब्द लिखने का वीडियो वायरल हुआ। पुलिस ने वीडियो की जांच की तो तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसमें 2 युवती और एक युवक शामिल है। पुलिस कमिश्नरेट के मीडिया प्रभारी ने बताया कि पिछले दिनों एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

I, Lavesh Seth intend to purchase First, Second Floor with Roof Rights of the property bearing No.A-35/13, DLF, Phase-I, Gurugram, Haryana. Any person have any claim of whatsoever regarding the above mentioned property should intimate us within 15 Days from date of this publication.
Mobile- 9811210346.

I, Pooja Khatri intend to purchase Basement and Ground Floor of the property bearing No. A-35/13, DLF, Phase-I, Gurugram, Haryana. Any person have any claim of whatsoever regarding above mentioned property should intimate us within 15 Days from date of this publication.
Mobile-9999440430.

PUBLIC NOTICE

To, be known to all that my client, **SHRI SIMERPREET SINGH** S/O SHRI DARSHAN SINGH R/O E-26, FIRST FLOOR, SOUTH EXTENSION PART-1, NEW DELHI-110049, is the owner/purchaser of DDA SFS FLAT NO.39-C, ON SECOND FLOOR, POCKET-B, CATEGORY-SFS-II, BODELLA EXTENSION, VIKAS PURI EXTENSION, NEW DELHI 110018, VIDE DDA FILE NO. F.8(1340)83/SFS/B0/II have applied for Substitution and Conversion of Leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. Original **ALLOTMENT CUM DEMAND LETTER, POSSESSION LETTER, SITE POSSESSION SLIP, NOC FOR WATER & ELECTRICITY CONNECTION and BANK CHALLAN**, of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An FLR/NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (**LR No. 1082517/2021** dated **21.12.2021**. Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/ Phone No.9810127405 within **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

संक्षिप्त समाचार

भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राज्यमंत्री अतुल गर्ग।

योगी सरकार में युवाओं को मिले हैं रोजगार: अतुल गर्ग

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री अतुल गर्ग ने कहां है की योगी सरकार के जमाने में युवाओं को रोजगार नौकरी के भरपूर अवसर मिले हैं। श्री गर्ग आज यहां नेहरू नगर में युवा वर्ग के साथ आयोजित एक परिचय बैठक को संबोधित कर रहे थे। अतुल गर्ग में कहा कि पूर्व की सरकारो में व्यापारी व्यापार के लिए, युवा उज्ज्वल भविष्य के लिए दूसरे प्रदेशों में अवसर तलाश रहे थे। योगी सरकार ने आते ही युवाओं को आर्थिक व अन्य संसाधन उपलब्ध कराये। बैठक में मुख्यरूप से वंश चौधरी, धर्मवीर नागर, मनीष दीक्षित, संजीव गुप्ता, दयानन्द बंसल, सिद्धार्थ गुप्ता, रवि गर्ग, उदित मोहन, विवेक अग्रवाल व नीरज गोयल उपस्थित रहे।

ऑटो चालक पर लाखों की चोरी की शिकायत

नोएडा। यात्री ने ऑटो चालक पर उसके लाखों रुपये के गहने और सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में रितेश कुमार ने बताया कि वह मूलरूप से बिहार के सिवान के रहने वाले हैं और वर्तमान में नगला चरणदास गांव में रहते हैं। वह बस से सेक्टर-44 छालेरा स्टाप पर उतरे थे। यहां से वह नगला चरणदास जाने के लिए एक ऑटो में सवार हो गए। ऑटो में उनके अलावा चालक और अन्य यात्री बैठा था। सेक्टर.41 में जाने के बाद चालक ने कहा कि उसके ऑटो के बैरिंग खराब हो गए हैं। इसे ठीक कराने के लिए जाना होगा। इस पर उसने रितेश को वहीं उतार दिया और ऑटो लेकर चला गया। रितेश का आरोप है कि जब उसने अपने दोनों बैग चेक किए तो उनमें से लाखों रुपये के गहने और सामान गायब था। आरोप है कि चालक व उसके साथी ने गहने और सामान चोरी किए हैं।

बीएसए पर शिक्षकों के उत्पीड़न का आरोप

नोएडा। जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए पर शिक्षिकाओं ने मानसिक उत्पीड़न और अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया है। बेसिक शिक्षा सचिव अनामिका सिंह ने इस मामले की जांच के लिए मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक जेडी को जांच अधिकारी नामित किया है। उन्हें जल्द ही जांच आख्या प्रस्तुत करने के भी आदेश दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार सितंबर में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र सक्सेना के खिलाफकुछ शिक्षक और शिक्षिकाओं ने गंभीर आरोप लगाकर शासन से शिकायत की थी। आरोप है कि बीएसए ने शिक्षिकाओं के बाल्य देखभाल अवकाश को पहले बिना किसी कारण अस्वीकृत कर दिया और बाद में स्वीकृत कर लिया।

एमएमजी अस्पताल को मिलीं दस बाइपैप मशीनें

गाजियाबाद। कोविड के चलते स्वास्थ्य विभाग लगतार अपना इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने में लगा है। इसके लिए बड़ी-बड़ी कंपनियां भी अपने सीएसआर (कार्पोरेट सोशल रेस्पांसबिलटी) के तहत विभाग की मदद कर रही हैं। जिला एमएमजी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डा. अनुराग भार्गव ने बताया सैमसंग समेत कई बड़ी कंपनियों ने जिला अस्पताल के लिए साजों सामान उपलब्ध कराया है। उन्होंने बताया सीएसआर फंड से कंपनियों ने 10 बाईपैप मशीनों के अलावा, 50 बेड, 50 टेबल और ढाई सौ कुर्सियों के साथ ही 3000 लीटर सेनेटाइजर और पांच एयर फिल्टर उपलब्ध कराए हैं। सीएमएस ने बताया कि एक बाईपैप मशीन की कीमत करीब एक लाख रुपए होती है।

कार्यालय ग्राम पंचायत अमरपुरघना विकास खण्ड सासनी , हाथरस

पत्रांक संख्या 17/टैंडर/वित्त आयोग/ वर्ष 2021–2022 दिनांक–21/12/21

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि वित्त आयोग के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्य वर्ष 2021–22 में कराये जाने हेतु कार्य स्थल पर समिग्री की आपुर्ति हेतु मुहरबंद निविदाए दिनांक 27/12/21 को दिन के 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन सांय 3:30 बजें उपस्थित निविददाताओ के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्रधिकृत एवं नामित अधिकारी द्वारा केएचओएलआई जाएँगी।

निविदा की शर्तें निम्नवत हैः–

1– निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 27/12/21 को दोपहर 3:00 बजें तक निविदा मूल्य देकर पास कर सकते है।

2– निविदा प्रपत्र के साथ 2X धरोहर की एफ0 डी0 आर0 देय होगी व100–100 रूपये के नानजुडीशियल स्टम्प पेपर होना अनिवार्य हैं।

4– समिग्री आपूर्ति में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए गुणवत्ता खराब होने पर निविदा बिना सूचना के निरस्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	कार्य स्थल का विवरण	अनु0 लागत	2X धरोहर राशि	निविदा मुल्य	अवधि
1.	बनी सिहं के घर से नरेंद्र के घर तक यू टाइप निर्माण काय	155898.00	3118.00	250+ जीएसटी	6 माह
2.	ग्राम पंचायत अमरपुरघना मे प्राथमिक विध्यालय की बाउंड्री निर्माण कार्य	119940.00	2400.00	250+ जीएसटी	6 माह
3.	ग्रा0 पा0 अमरपुरघना मे कि छोटी किन्दौली में नसीम के घर से भुरा के घार तक टाईप नाली निर्माण	240650	5000	250+ जीएसटी	6 माह

हस्ता/–
ग्रम प्रधान
ग्रम पंचायत–अमरपुरघना
विकास खण्ड सासनी

CSB Bank
Formerly The Catholic Syrian Bank Ltd.

PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS

The borrower/s in specific and interested bidders in general are hereby informed that on account of non-repayment of Bank's dues by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank as security by the respective borrowers for the loans availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non- recourse" basis through physical auction on 29th December, 2021 at 03.00 p.m. in branch premises. Auction may be adjourned to any other later date at the discretion of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further informed that the gold ornaments will be disposed off by private sale if the public auction is not successful and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank.

S. No.	Pledged Branch	Name of Borrower	Account Number	Total Outstanding Balance as on 21.12.2021 (in Rs.)	Net Weight in gms
1	Ashok Vihar	Suresh Kumar Jindal	0283-07290699-000001	10,70,434.00	219.44
2	Ashok Vihar	Sumit Daga	0283-07273680-000001	7,61,205.00	224.82
3	Ashok Vihar	Vishal Goel	0283-04104685-000008	1,17,570.00	29.28
4	Ashok Vihar	Vishal Goel	0283-04104685-000005	3,31,579.00	79.07
5	Ashok Vihar	Vishal Goel	0283-04104685-000004	3,59,946.00	81
6	Ashok Vihar	Ravi	0283-04163943-000001	26,160.00	5.9
7	Ashok Vihar	Jai Kishor	0283-04161640-000003	26,673.00	7.8
8	Ashok Vihar	Jai Kishor	0283-04161640-000001	26,356.00	6
9	Ashok Vihar	Rakesh	0283-04203052-000002	93,303.00	21.35
10	Ashok Vihar	Komal Devi	0283-04240433-000001	1,16,984.00	29.2
11	Ashok Vihar	Ajit Kumar	0283-04236403-000001	1,64,099.00	40
12	Ashok Vihar	Anil Kumar	0283-04235230-000001	1,02,921.00	24.3
13	Ashok Vihar	Sumit Kumar	0283-04234668-000001	53,076.00	12.5
14	Ashok Vihar	Vinay Basoya	0283-04180947-000005	8,26,013.00	212.16
15	Ashok Vihar	Vinay Basoya	0283-04180947-000003	3,10,220.00	80.17
16	Ashok Vihar	Vikram Kumar	0283-04099629-000003	1,27,221.00	32.37
17	Ashok Vihar	Dharmendra Rai	0283-03999801-000010	59,553.00	14.72
18	Ashok Vihar	Rakesh	0283-04203052-000004	10,709.00	3.45
19	Ashok Vihar	Shashi Bansal	0283-04049100-000031	7,31,861.00	181
20	Ashok Vihar	Shashi Bansal	0283-04049100-000030	96,278.00	23.6
21	Ashok Vihar	Shashi Bansal	0283-04049100-000029	6,47,580.00	160
22	Ashok Vihar	Mukesh Bansal	0283-04062619-000023	7,24,217.00	179
23	Ashok Vihar	Mukesh Bansal	0283-04062619-000022	1,77,796.00	43.8
24	Ashok Vihar	Kasim Salmani	0283-04049700-000004	18,251.00	6.46
25	Ashok Vihar	Kasim Salmani	0283-04049700-000003	8,613.00	3.1
26	Ashok Vihar	Sonu	0283-04170777-000003	1,27,957.00	30.5
27	Ashok Vihar	Sachin	0283-04241186-000001	73,877.00	18.3
28	Ashok Vihar	Usha	0283-04271818-000001	1,59,666.00	37.6
29	Ashok Vihar	Neeraj Kumar	0283-04166274-000003	43,471.00	12.75
30	Ashok Vihar	Sushila	0283-04302521-000001	14,180.00	4.3
31	Ashok Vihar	Anu	0283-04315237-000001	22,710.00	7.06

For more details/account wise information borrowers and for participating in the auction, interested bidders may contact respective branches.

Date: 21.12.2021
Place: Ashok Vihar

Authorised Officer,
(CSB Bank Limited)

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र.	कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र.	सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	मेसर्स मेकशॉट इंजीनियर्स/ मनोज कुमार/ रिया रानी/ रजनीश सिंह/ अवंतिका कुशवाहा– 629405042934	कमर्शियल स्पेस नंबर 405 ए चौथी मंजिल, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स जिसे ऑर्बिट प्लाजा के रूप में जाना जाता है। प्लॉट नंबर सी- 2, क्रॉसिंग रिपब्लिक डेंडाहेरा, एनएच- 24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201009/ 17 दिसंबर, 2021	अगस्त 21, 2021 ₹ 28,49,848/-	गाजियाबाद

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: दिसम्बर 22, 2021
स्थान: गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी
नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थिति में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :–

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदार/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि (रू. में)	सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में)	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	जितेंद्र कुमार छाबड़ा (कर्जदार)/ राम देवी (सह-कर्जदार) LBNOD00002116807	फ्लैट नंबर ए-2002, टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच-24, गाजियाबाद, उ.प्र. क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट	रू. 59,39,736/- (दिसम्बर 09, 2021 तक)	रू. 41,80,000/- / रू. 4,18,000/-	जनवरी 14, 2022 को दो. 02:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक	जनवरी 28, 2022 दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जनवरी 27, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **जनवरी 27, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **जनवरी 27, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पत्ति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु संलग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : दिसम्बर 22, 2021
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

गांवों के विकास पर खर्च होंगे 399 करोड़

सरकार ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक में 291 योजनाओं को दी मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में हुई बैठक दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड के अधिकारी व अन्य।

दिल्ली देहात के गांवों के विकास कार्य पर आम आदमी पार्टी की सरकार 399 करोड़ रुपए खर्च करेगी। विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक में गांवों में सड़क, नाली, पानी निकासी, पार्क, खेल मैदान, और सामुदायिक केंद्र समेत अन्य विकास कार्यों के लिए 291 योजनाओं को मंजूरी दी है।

राय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्राम विकास की परियोजनाओं को समय सीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

गोपाल राय की अध्यक्षता में सचिवालय में दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड की बैठक हुई। इस बैठक में गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए सड़कों, नालियों, जल निकाय, सामुदायिक केंद्र, पार्क, श्मशान, खेल मैदान, चौपाल, व्यायामशाला आदि से जुड़े विकास कार्य किए जाएंगे। बैठक में बोर्ड के सदस्यों ने लंबित प्रस्तावों का मुद्दा उठाया। जिसके बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने विभाग को ग्राम विकास से जुड़ी परियोजना की फाइलों पर समय सीमा के भीतर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा, मंत्री ने ग्राम विकास के कार्यों को करने वाली मुख्य कार्यकारी एजेंसी सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को निर्देश दिया कि समय-सीमा के भीतर स्वीकृत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कार्य में तेजी लाई जाए। राय ने कहा कि सरकार गांवों की स्थिति में सुधार के साथ-साथ पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

सरकार ने गांव में की जाने वाली विभिन्न योजनाओं पर इस साल लगभग 200 करोड़ रूपए खर्च कर रही है। वहीं, मंजूर की गई इन 291 योजनाओं को भी जल्द से जल्द पूरा करने के लिए विभाग से कहा गया है। सरकार इन योजनाओं को पूरा करने में करीब 399 करोड़ रुपए खर्च करेगी। विकास मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार, शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ- साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

विकास विभाग से जुड़े इन विकास कार्यों को सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, एमसीडी सहित अन्य सरकारी विभागों के माध्यम से किया जा रहा है।

कोरोना वायरस के 102 नए मामले, एक मरीज की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोविड-19 के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले चौबीस घंटे में 102 कोविड-19 के नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान संक्रमण दर 0.2 फीसदी बनी है। मंगलवार को एक संक्रमित मरीज की मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शहर में 27 जून को संक्रमण के 259 नए मामले सामने आए थे और कोविड से चार मरीजों की मौत हो गई थी। महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक, संक्रमण के कुल 14,42,390 मामले सामने आ चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 से पीड़ित होने के बाद अब तक 14.16 लाख से ज्यादा लोग ठीक हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर में अभी तक कोविड की कुल 11.86 लाख जांच हुई हैं जिनमें से 10.49 लाख आरटी-पीसीआर जांच हैं। पिछले साल दिसंबर में आरटी-पीसीआर जांच की दर 50.24 प्रतिशत थी जो जनवरी में बढ़कर 57.65 प्रतिशत हो गई।

आरटी-पीसीआर जांच बढ़कर 90 फीसदी हुई

नई दिल्ली। कोविड-19 महामारी की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने आरटी-पीसीआर जांच का दायरा बढ़ा दिया है। जांच की संख्या में वृद्धि की वजह पिछले साल के मुकाबले बुनियादी ढांचा के हिसाब से जांच भी आसान हुई है। आरटी-पीसीआर जांच दिसंबर 2020 के 50 फीसदी से बढ़कर 90 फीसदी कर दी गई है।

शिक्षक की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

- मंगोलपुरी में 14 दिसंबर को मामूली बात पर हुआ था विवाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मंगोलपुरी इलाके में झगड़े के दौरान एक निजी शिक्षक की कथित रूप से हत्या करने एवं उसके मित्र को घायल कर देने को लेकर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मंगोलपुरी निवासियों मुकेश, रौनक और रोहित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को 14 दिसबंर को रात आठ बजकर 20 मिनट पर झगड़े की सूचना मिली जिसके बाद दो घायलों को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार अस्पताल में शिक्षक अमरदीप (20) को मृत घोषित कर दिया गया जबकि सागर का उपचार चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि ये दोनों अपने दोस्त से मिलने जा रहे थे, उसी बीच किसी बात पर उनका आरोपियों के साथ झगड़ा हो गया। इस घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। अधिकारी के अनुसार जांच के दौरान पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला एवं फिर आरोपियों की पहचान की। पुलिस उपायुक्त (बाहरी) परविंदर सिंह के अनुसार पुलिस ने रोहित को गिरफ्तार किया जिसने बताया कि हादसे दिन वह काम से लौटने के बाद बाजार में मुकेश एवं रौनक से मिला। उसने बताया कि इसके बाद तीनों जब किसी काम से मुकेश के घर जाने लगे तब अमरदीप एवं सागर सामने से आ रहे थे और आपस में टकराने के बाद दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया।

सिंह के अनुसार अमरदीप एवं सागर ने अपने कुछ और दोस्तों को बुला लिया तथा दोनों पक्षों में एक बार फिर लड़ाई हो गयी जिसमें रौनक एवं मुकेश ने पीड़ितों पर चाकू से वार कर दिया। अधिकारियों के अनुसार पुलिस ने मुकेश एवं रौनक को मंगोलपुरी रेलवे अंडरपास से गिरफ्तार किया। इन दोनों को मीडिया में आई खबरों से निजी शिक्षक की मौत की जानकारी मिली।

निगम के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

नई दिल्ली। समस्याओं का समाधान नहीं होने के विरोध में मुबारिकपुर डबास के निवासियों ने मंगलवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।

क्षेत्र में टूटी सड़कों और डीटीसी बस के संचालन नहीं होने से नाराज ग्रामीण चौगामा विकास समिति के बैनर तले रोहिणी जोन के कार्यालय पर दो घंटे से अधिक समय तक धरना प्रदर्शन किया। नगर निगम के जोनल उपायुक्त विवेक प्रकाश का ग्रामीणों ने घेराव किया। समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने उपायुक्त के व्यवहार की घोर निंदा की। उन्होंने कहा कि वह उपायुक्त की प्रधानमंत्री समेत अन्य मंत्री व अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

चरमराती स्वास्थ व्यवस्थ्य को ठीक करने की जरूरत: भाजपा

- स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो : गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा ने मोहल्ला क्लीनिक में दी गई गलत दवा से तीन बच्चों की मौत के बाद दिल्ली सरकार द्वारा तीन डॉक्टरों को बर्खास्त करने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि सिर्फ डॉक्टरों की बर्खास्तगी कर केजरीवाल सरकार इस संगीन मामले की लीपापोती कर रही है।

यह सीधा हत्या का मामला है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए कहा कि 24 घंटे बीतने के बाद भी कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। जबकि यह पूरी तरह से स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही है। आदेश गुप्ता ने कहा कि इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। तीन डॉक्टरों को बर्खास्तगी तो सिर्फ लोगों के बीच सहानुभूति बटोरने का महज एक तरीका है।

जब स्वास्थ्य व्यवस्था की गलती है तो नैतिक तौर पर डॉक्टरों को बर्खास्त करने के साथ-साथ स्वास्थ्य मंत्री को भी इस्तीफा देना चाहिए। 57 हजार करोड़ सिर्फ स्वास्थ व्यवस्था पर खर्च करने वाली सरकार ने मोहल्ला क्लीनिक पर शुरुआती दौर में ही 1500 करोड़ सिर्फ इसलिए खर्च किये ताकि प्रचार और विज्ञापन का अड्डा बना सके।

उपमुख्यमंत्री फंड को लेकर पेश कर रहे गलत आंकड़े : महापौर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फंड को लेकर दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के महापौर मुकेश सुर्यान ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर निगम की छवि को धूमिल करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक आम आदमी पार्टी के नेता और विधायक निगमों के ऊपर अर्नगल आरोप लगा रहे थे जिस पर जनता से विश्वास नहीं किया तो अब उपमुख्यमंत्री को निगम पर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए उतरना पड़ा है। वह दिन दूर नहीं जब खुद मुख्यमंत्री निगम को बदनाम करने के लिए आगे आएंगे।

महापौर मुकेश सुर्यान और स्थायी समिति के अध्यक्ष (रि) कर्नल बी.के. ऑबराय ने मंगलवार को सिविक सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उप-मुख्यमंत्री द्वारा नगर निगमों पर बकाया फंड को लेकर, लगाए गए झूठे आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री को यह शोभा नहीं देता है कि वह इस प्रकार फंड को लेकर गलत आंकड़े पेश करे और जनता से झूठ बोले, अगर नगर निगमों को सरकार से फंड प्राप्त हुआ होता तो उनके बैंक खाते में भी आता। सिर्फ कागजों में फंड दर्शाने से नगर निगमों को विकास कार्यों के लिए पैसा प्राप्त नहीं होता।

महापौर द्वारा दिल्ली सरकार पर बकाया फंड को लेकर आंकड़े पेश किये गए। वर्ष 2016 से अब तक दक्षिणी निगम का प्लान मद में 1482.19 करोड़ रु व नॉन प्लान मद में 708.63 करोड़ बकाया है। 5वें वित्तीय आयोग की सिफारिशों के अनुसार दक्षिणी निगम को प्लान मद में इस वर्ष 2021-22 में 878.10 करोड़ रु का अनुदान मिलना था लेकिन सरकार द्वारा सिर्फ 371.36 करोड़ ही प्राप्त हुआ।

शीतलहर का प्रकोप जारी, वायु गुणवत्ता बेहद खराब

- न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में शीतलहर के साथ गिरते तामपान ने सर्दी के सितम को और बढ़ा दिया है। हालांकि दिन में धूप के कारण मंगलवार को थोड़ी राहत जरूर रही लेकिन शाम होते ही सर्द हवाओं ने गलन बढ़ा दिया।

मंगलवार को शहर में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक शीतलहर से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक 380 था जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। हालांकि, मंगलवार को न्यूनतम तापमान में थोड़ी-सी वृद्धि हुई लेकिन यह अब भी कम बना हुआ है जिससे सुबह बेहद ठंड पड़ रही है। भारत मौसम विज्ञान (आईएमडी) विभाग के अनुसार, सापेक्ष आर्द्रता 94 फीसदी दर्ज की गयी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो न्यूनतम तापमान चार डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक अधिकतम तापमान 17 से 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान पांच से सात डिग्री के बीच ही रहेगा। जबकि नए साल में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से कम रह सकता है।

मौसम विज्ञान कार्यालय ने बुधवार को दिन में हल्का कोहरा छाए रहने और अधिकतम तापमान 23 एवं न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस का अनुमान जताया है।

डूटा के प्रतिनिधियों ने चुने पदाधिकारी

नई दिल्ली। डूटा के विभिन्न पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमे डूटा कार्यकारिणी के चुने हुए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इंटेक (आई) के अध्यक्ष अश्विनी शंकर ने कहा कि इस चुनाव प्रक्रिया की खास विशेषता ये रही कि दक्षिणपंथी विचारधारा को प्रतिनिधित्व करने वाली एनडीटीएफ के साथ कांग्रेस की आधिकारिक संस्था इंटेक की तरफ से चुनाव जीतने वाले प्रतिनिधि प्रदीप कुमार ने स्वयं घोषित कांग्रेस फैक्शन एएडी के चुने दो प्रतिनिधियों के साथ मिलकर डूटा के पदाधिकारियों एवं पांच सदस्यों के पैनल को निर्णायक मतों से विजयी बनाया।

बाबा भीमराव आंबेडकर के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएं छात्र-छात्राएं

- एक हजार छात्रों को दी गईं पीएचडी, एमफिल, एमबीए, एम, बीए (ऑनर्स) की डिग्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के 10वां दीक्षांत समारोह में करीब एक हजार छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में 438 ग्रेजुएट, 558 पोस्ट ग्रेजुएट, 29 एम.फिल., 12 पोस्ट ग्रेजुएट और 5 पीएचडी छात्रों को उनकी डिग्री दी गई। इनमें 657 छात्राएं भी शामिल हैं।

इसके अलावा विकास अध्ययन, मानव परिस्थितिकी, मनोविज्ञान चिकित्सकीय अध्ययन आदि विषयों में डिप्लोमा प्रदान किया गया। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया इस कार्यक्रम में बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शामिल हुए। इसरो के पूर्व प्रमुख के कस्तूरीरंगन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा तैयार करने के लिए गठित समिति के अध्यक्ष भी हैं और इस मौके पर उन्होंने नयी नीति और इसकी विशेषताओं पर चर्चा की। इस अवसर पर मनीष सिसोदिया ने कहा बाबा साहब अंबेडकर का नाम भारत में जहां भी लिया जाता है, समानता और सामाजिक न्याय वहां के वातावरण में शामिल हो जाता है। इसलिए अम्बेडकर विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करके निकले हर एक छात्र की यह जिम्मेदारी बनती है कि वो यहां से प्राप्त अपने ज्ञान और कौशल का इस्तेमाल समाज में समानता और सामाजिक न्याय लाने के लिए भी करे और दुनिया भर में सामाजिक न्याय और समानता के ब्रांड एम्बेसडर बने। इस विवि के छात्र जब भी अपने सर्टिफिकेट पर बाबा साहब का नाम पढ़ें, तो गर्व महसूस करें। सिसोदिया ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए गए देश के मेंटर प्रोग्राम में शामिल होकर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का मार्ग दर्शन करें।

यूनिवर्सिटी को जल्द मिलेंगे दो और कैंपस

अम्बेडकर यूनिवर्सिटी का चौथा कैंपस धीरपुर में 49 एकड़ में तैयार हो रहा है। यहां 5,000 नए छात्र-छात्राएं दाखिला ले पाएंगे। इस कैंपस में कुल 270 फैकल्टी मेंबर और 273 स्टाफ मेंबर के साथ 7 स्कूल और 9 सेंटर होंगे। साथ ही, रोहिणी में विश्वविद्यालय का पांचवा कैंपस तैयार किया जा रहा है, जहां विभिन्न कोर्सज में 3,475 सीटें होंगी। दोनों कैंपस का डिजाइन विश्व स्तरीय होगा और यहां एनवायर्नमेंटल सस्टेनेबलिटी का भी खास ध्यान रखा जाएगा। उर्जा के मामले में दोनों कैंपस आत्मनिर्भर होंगे और ग्रीन-एनर्जी का इस्तेमाल करेंगे।

डेंगू रोकथाम पायलट परियोजना में पूर्वी निगम की होगी भागीदारी

- ईडब्ल्यूएआरएस के तहत पूर्वी निगम करेगा 5 साल का साप्ताहिक आंकड़ा साझा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

डेंगू रोकथाम के लिए तैयार हो रहे पायलट परियोजना में पूर्वी निगम भी भागीदारी करेगा और पिछले 5 साल का साप्ताहिक आंकड़ा साझा करेगा।

जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्यक्रम, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र और भारत सरकार के सहयोग से डब्ल्यूएचओ द्वारा एक प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया प्रणाली ईडब्ल्यूएआरएस पायलट परियोजना सरकार शुरू करने जा रही है जिसमें पूर्वी दिल्ली नगर निगम सक्रिय रूप से शामिलहोगा।

डेंगू से संबंधित अपेक्षित डाटा सांझा करेगा। निगमायुक्त विकास आनंद ने बताया कि अर्ली वारनिंग एंड रिसपांस सिस्टम ईडब्ल्यूएआरएस के तहत पूर्वी दिल्ली के दोनो ज़ोन शाहदरा उत्तरी और दक्षिणी ज़ोन को शामिल किया गया है। जिसमें पूर्वी निगम पिछले 5 सालों का साप्ताहिक आंकड़े देगा। भारतीय मौसम विभाग द्वारा मौसम जैसे वर्षा, आर्द्रता और तापमान आदि मौसम संबंधी आंकड़े प्रदान किए जाएंगे जिससे यह डेंगू फैलने के लिए स्थितियों का पता लगाकर डेंगू के संभावित प्रकोप के बारे में पूर्वानुमान लगाया जा सकता है।

केजरीवाल मुफ्त राशन के नाम पर कर रहे गुमराह : नेता प्रतिपक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गरीबों को मुफ्त राशन देने के नाम पर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुमराह कर रहे हैं।

यह आरोप दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लगाया है। बिधूड़ी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया था कि जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं है, उन्हें मुफ्त राशन मुहैया कराया जाए। दिल्ली सरकार ने यह राशन देने की घोषणा तो की थी लेकिन यह राशन नहीं बांटा गया। अब राशन बांटने की मुफ्त योजना को 31 मई तक बढ़ाने की घोषणा कर दी गई है, लेकिन सरकार बताए तो सही कि राशन कहां बांटा जा रहा है। सरकार की इस झूठी घोषणा का विरोध करते हुए रोहतास नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन के नेतृत्व में प्रदर्शन भी किया गया जिसमें नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी भी शामिल हुए।

मिनी ऑपरेशन थिएटर से लैस है बच्चों की एंबुलेंस

चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने एंबुलेंस सेवा का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली कोविड-19 और ओमीक्रोन के बढ़ते मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार हरकत में आ गई है।

वह अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने की कोशिश में जुटी हुई है। साथ ही कोविड-19 महामारी की संभावि?त तीसरी लहर से दिल्ली वालों को बचाने के लिए हर छोटे-बड़े कदम भी उठा रही है।

इसी कड़ी में स्वास्थ्य सेवाओं को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के के मकसद से पूर्वी दिल्ली के चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में एक एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की शुरूआत की है। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार एम्बुलेंस का उद्घाटन किया।

सत्येंद्र जैन ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह एंबुलेंस मिनी ऑपरेशन थिएटर के रूप में काम करने की क्षमता रखती है। इसमें नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए ऑपरेशन थिएटर, इनक्यूबेटर, मॉनिटर और ऑक्सीजन थेरेपी जैसी विशिष्ट सुविधाएं मौजूद हैं। दिल्ली वालों के लिए यह एम्बुलेंस 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। जैन ने एम्बुलेंस को डोनेट करने वाली संस्थान सीड इंडिया फाउंडेशन का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार सभी के लिए बेहतरी स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए काम कर रही है। नई एम्बुलेंस की सौगात से पैदा होने वाले बच्चों और नवजात शिशुओं को समय रहते अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा पहुंचने में मदद मिलेगी।

शराब के नए ठेके खोलने के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

नई दिल्ली। नई शराब नीति के विरोध में देवली गांव और संगम विहार के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में सरकार की नीति को जनविरोधी बताया। जौली ने दिल्ली सरकार की भर्त्सना करते हुए कहा कि दिल्ली में 850 से ज्यादा शराब के ठेके रिहायशी बस्तियों में खोलने से युवा वर्ग व गृहणियाँ सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी। युवा नशे के शिकार होंगे और महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही नये ठेके खुलने से कानून व्यवस्था खराब होगी। विरोध में भाजपा नेत्री मीरा पहाड़िया, संगम विहार मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, डोली बाई जीनवाल, जिला मंत्री कुमुदेश गुप्ता, ओम प्रकाश बैरवा, राजेश पाल, पंडित चंद्रप्रकाश शर्मा, ललिता, दिलावर सिंह, सतींद्रा कुमारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निगमकर्मियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन, आप का प्रदर्शन

- डॉक्टरों, नर्सों, मेडिकल स्टॉफ, शिक्षकों समेत किसी को नहीं मिल पाई सैलरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली नगर निगम के डाक्टर्स, नर्स, पारा मेडिकल स्टाफ, शिक्षकों, अधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों को पिछले तीन महीने का वेतन नहीं मिलने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया।

पूर्वी निगम में नेता प्रतिपक्ष मनोज कुमार त्यागी के नेतृत्व में आप के सभी निगम पार्षदों ने भाजपा के खिलाफ पूर्वी निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। नेता विपक्ष ने कहा कि दिसम्बर माह तक दिल्ली सरकार द्वारा 2588 करोड़ रूपये जारी गया है, इसके बावजूद इन्हें वेतन से वंचित रखा जा रहा है।

मनोज त्यागी ने कहा कि जब सभी निगम पार्षद महापौर कार्यालय ज्ञापन देने पहुंचे तो महापौर ने ज्ञापन लेने से साफ मना कर दिया और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए कार्यालय से बाहर जाने को कहा। उनका यह व्यवहार निंदनीय है।

नेता विपक्ष ने कहा कि डाक्टर्स, नर्स एवं पारा मेडिकल स्टाफ, जिन्होंने कोरोना काल में अपनी जान की परवाह किये बिना पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं दी। इस दौरान, इनमें से अनेकों को अपनी भी जान गवानी पड़ी।

गुरुग्राम की 100 फीसदी जनता को लगी कोरोना रोधी दोनों वैक्सीन

गुरुग्राम जिला में कोरोना का सुरक्षा चक्र हुआ और मजबूत

128 प्रतिशत लोगों को लग चुकी है पहली डोज

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

नागरिक अस्पताल में कोरोना रोधी वैक्सीन लगाती डॉक्टर।

गुरुग्राम हरियाणा में पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां के 100 फीसदी नागरिकों को कोरोना की दोनों डोज लगाई जा चुकी हैं। इसके साथ ही यहां पर कोरोना का सुरक्षा चक्र और अधिक मजबूत हो गया है। काफी लोग यहां ऐसे हैं जो कि किसी भी तरह से पंजीकृत नहीं हैं। इस लिहाज से यहां के 128 प्रतिशत लोगों को कोरोना की पहली डोज लगाई जा चुकी है। यानी पहली डोज का आंकड़ा तो 100 प्रतिशत को भी पार कर गया है।

सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव ने इस उपलब्धि को मीडिया के साथ साझा करते हुए इस काम का श्रेय आम जनता के साथ चिकित्सा क्षेत्र के मेहनती स्टाफ को भी दिया है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर के दौरान प्रदेश में सबसे अधिक प्रभावित गुरुग्राम जिला ही रहा है। देसी-विदेशी लोगों की पहली पसंद गुरुग्राम में कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक संस्थाओं, समाजसेवियों ने बेहतरीन काम किए। जैसे ही टीकाकरण शुरू हुआ तो यहां पर सभी लोग मजबूत के साथ खड़े हुए। अब सौ प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करने वाला हरियाणा व एनसीआर का पहला जिला बन गया है। सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र यादव के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरुग्राम जैसे जिला में जहां फ्लोटिंग जनसंख्या एक मुख्य मुद्दा है, ऐसे में जिला में 100 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण होना एक नया कीर्तिमान है।

डॉ. यादव ने कहा कि वैक्सीनेशन अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने समाज के प्रत्येक वर्ग का टीकाकरण करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के तहत काफी नई पहल की शुरुआत की थी जो आगे चलकर देश के अन्य शहरों में भी लागू की गई। इनमें मॉल में ड्राइव थ्रू, थर्ड जेंडर का टीकाकरण प्रमुख है।

जिले में लगाई गई हैं 41 लाख 28 हजार 596 डोज

जिला में लगाई गई 41 लाख 28 हजार 596 डोज का विवरण देते हुए बताया कि जिला में 44362 हेल्थ वर्कर्स को पहली व 44453 को दूसरी वहीं 45984 फ्रंटलाइन वर्कर्स को पहली व 49432 को दूसरी डोज दी गयी है। जिला में उम्रवार वैक्सीनेशन का डाटा बताते हुए उन्होंने कहा जिला में 18 से 44 आयु वर्ग के 16 लाख 40 हजार 210 लोगों को पहली व 12 लाख 14 हजार 84 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज़ दी गयी है। वहीं 45 से 59 वर्ष आयु वर्ग के 03 लाख 76 हजार 826 को पहली व 03 लाख 13 हजार 816 लोगों को दूसरी डोज दी गयी। 60 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के 02 लाख 12 हजार 338 को पहली व 01 लाख 87 हजार 91 को टीके की दूसरी डोज़ दी गयी है। उन्होंने कहा कि जिला में वैक्सीनेशन अभियान अभी भी जारी है।

टीकाकरण के 40441 सेशन किए गए

टीकाकरण के नोडल अधिकारी उप-सिविल सर्जन डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि इसी वर्ष 16 जनवरी से हेल्थ वर्कर्स को टीका लगाने के साथ शुरू हुए इस अभियान को 100 प्रतिशत आबादी तक ले जाने में टीकाकरण के 40,441 सेशन आयोजित किए गए थे। वहीं 3 नवंबर से शुरू किए गए हर घर दस्तक अभियान में जिला के 06 लाख 97 हजार 672 घरों में जाकर 02 लाख 53 हजार 357 लोगों का टीकाकरण किया गया। जिला में गभज्वती महिलाओं के लिए प्रत्येक माह की 09 तारीख को सेशन आयोजित कर 8431 महिलाओं को कोरोना रोधी वैक्सीन दी गयी।

बच्चों की जनसंख्या का डेटा कर रहे एकत्रित

भविष्य में बच्चों को लगने वाले कोरोनावायरस के टीके के लिए 0 से 6 वर्ष व 06 वर्ष से 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों का डाटा एकत्रित किया जा रहा है, ताकि जैसे ही बच्चों के टीकाकरण प्रक्रिया को शुरू किया जाए, उसको जल्द से जल्द रफ्तार दी जा सके।

संक्षिप्त समाचार

कहीं बूंद-बूंद को तरसे तो कहीं लापरवाही से नालों में बरसे

गांव बसई के पास टूटी पीने के पानी की मुख्य लाइन से व्यर्थ बहता पानी।

गुरुग्राम। यह बात सच है कि कहीं बूंद-बूंद को तरसे तो कहीं लापरवाही के कारण पानी फव्वारा बनाकर नालों में बरसे। ऐसा नजारा आप देख सकते हैं सेक्टर-9ए क्षेत्र में धोबी घाट के पास। पिछले चार दिनों यहां पेयजल की मुख्य लाइन टूटी हुई है और हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहकर नाले में जा रहा है। किसी अधिकारी, कर्मचारी को इसकी चिंता नहीं है। बसई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से पेयजल सप्लाई की मुख्य लाइन के टूटे होने की खबर बसई गांव के जागरुक एवं समाजसेवी राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने इस जगह की तस्वीरें और वीडियो भी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि पिछले 4 दिनों यह पानी की मुख्य लाइन क्षतिग्रस्त है। लगातार पानी यहां नाले में बह रहा है। बसई में धोबी घाट द्वारका एक्सप्रेस-वे के पास रेलवे क्रॉसिंग के बनने वाले फ्लाईओवर के पास यह स्थान है। पानी कहां पर कितना जा रहा है, वैसे तो जीएमडीए के पास पूरा हिसाब-किताब होता है, लेकिन यहां लाइन टूटने का किसी भी अधिकारी को पता नहीं चल रहा। ऐसे में सवाल उठता है कि काम किस तरह से हो रहा है।

नागरिक अस्पताल व सामान्य बस स्टैंड पर लगेंगे वाटर एटीएम

सोहना। अधवायत कैम्यूनिटी लाइफसाइंसिस प्राइवेट लिमिटेड सामाजिक संगठन शहरवासियों और नागरिक अस्पताल में 24 घंटा फिल्टर पानी की सुविधा देगा। जिसके लिए संगठन द्वारा अस्पताल परिसर में एक हजार लीटर वाला एटीएम जल्द ही स्थापित किया जाएगा। जल्द ही संगठन को जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से मंजूरी भी मिलने के उम्मीद है। शहरवासियों को अब मात्र पांच रुपये में 20 लीटर फिल्टर पानी पीने को मिलेगा। स्वच्छ पेयजल पानी सप्लाई देने वाली सामाजिक संगठन अधवायत कैम्यूनिटी लाइफसाइंसिस प्राइवेट लिमिटेड ने वाटर एटीएम लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग से जमीन दिए जाने की अपील की हैं। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने हरीझंडी दे दी है। अब सामाजिक संगठन अधवायत कैम्यूनिटी लाइफसाइंसिस प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को पत्र लिखते हुए मंजूरी मांगी है। अधवायत कैम्यूनिटी लाइफसाइंसिस प्राइवेट लिमिटेड के नागरिक अस्पताल में लगाए जाने वाले वाटर एटीएम से नागरिक अस्पताल में आने वाले रोगियों और स्टाफक्वार्टरों में रहने वाले डॉक्टर, नर्स और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल पीने का मिलेगा। वाटर एटीएम लगाने में अधवायत प्राइवेट लिमिटेड संगठन का कुल लागत 30 से 35 लाख रुपये तक आने का अनुसान है। एक घंटे में वाटर एटीएम पर एक हजार लीटर शुद्ध पेयजल तैयार होगा। संगठन के निदेशक अंसुमन सिंह ने बताया कि नागरिक अस्पताल के साथ-साथ सामान्य बस स्टैंड पर भी वाटर एटीएम लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। वहां पर 200, 300, 500 ग्राम और एक लीटर में यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

कर्मयोगी रवि कालरा को मरणोपरांत पदमश्री दिया जाए

गुरुग्राम। कर्मयोगी रवि कालरा सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक संस्था थे। उन्होंने अपना जीवन समाजसेवा को समर्पित किया। बीमार, लाचारों, बुजुर्गों की सेवा को वे दिन-रात जुटे रहे। मरणोपरांत उनके अंगों को भी दान किया गया। ऐसे कर्मयोगी को मरणोपरांत पदमश्री सम्मान दिया जाना चाहिए। यह मांग कैनविन फाउंडेशन द्वारा सरकार से की गई है। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने कहा कि द अर्थ फाउंडेशन बनाकर कर्मयोगी रवि कालरा जी ने मानवता की सेवा की नई राह दिखाई। हर कोई उनकी सेवा और सेवा भावना का कायल था, है और रहेगा। देशभर में उनका नाम है। चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो या सामाजिक, न्यायिक क्षेत्र हो या कोई अन्य क्षेत्र। हर जगह उनके सेवा कार्यों की सराहना होती रहती है। गुरुग्राम में वे वर्ष 2008 से जनसेवाएं कर रहे थे। बंधवाड़ी में उन्होंने आश्रम बनाकर जिस तरह से बीमार, लाचारों को वे गलियों, नालियों से उठाकर अपने आश्रम में लाकर सेवा करते, वह काम अपने आप में अविस्मरणीय, अकल्पनीय है। श्री कालरा बहुत बड़े योद्धा थे। उनका इस तरह से चले जाना गुरुग्राम ही नहीं, देश को बड़ी क्षति है। सभी को उनके असामयिक निधन से गहरा आघात पहुंचा है। डा. गोयल ने कहा कि कर्मयोगी रवि कालरा जी के दिखाए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की है कि मरणोपरांत कर्मयोगी रवि कालरा को पदमश्री सम्मान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही एक करोड़ रुपये का नामकरण उनके नाम से किया जाए। इसी साल जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) की ओर से कर्मयोगी रवि कालरा को उनके कार्यों की बदौलत पद्मश्री अवार्ड दिये जाने की सिफारिश की।

सोहना में 23 को आएंगे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह

सोहना। जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी, भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह 23 दिसंबर को सोहना में आएंगे और सोहना ब्लॉक के गांव कादरपुर स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रांगण में आयोजित दीक्षांत परेड़ समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। दीक्षांत समारोह 23 दिसंबर को प्रात: साढ़े नौ बजे प्रारंभ होगा। यह आयोजन 52 बैच के सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह को लेकर कादरपुर सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र में जबरदस्त तरीके से तैयारियां चल रही हैं।

दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी पैसेंजर ट्रेन का गुरुग्राम में हुआ स्वागत

गुरुग्राम में दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी पैसेंजर ट्रेन का स्वागत करते लोग।

ट्रेन को डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल ने स्टेशन अधीक्षक की मौजूदगी में दिखाई झंडी

गुरुग्राम। रेल यात्रियों के लिए सुविधाओं में अब एक और पैसेंजर ट्रेन का नाम जुड़ गया है। इस ट्रेन के संचालन के साथ ही दिल्ली-रेवाड़ी रेल रूट पर हजारों यात्रियों की यात्रा संबंधी परेशानी दूर हुई है। मंगलवार को रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने स्टेशन अधीक्षक शंकर लाल मीणा की मौजूदगी में पैसेंजर ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी रूट पर ट्रेनों के संचालन की बहाली के लिए डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल ने केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का धन्यवाद किया है, जिन्होंने इस मांग का समर्थन करके अपना योगदान दिया है। मंगलवार को पैसेंजर ट्रेन संख्या-04990 सुबह 07:05 बजे रेवाड़ी जंक्शन से चलकर 08:15 बजे गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन पर पहुंचने के दौरान डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल ने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ ट्रेन का स्वागत किया। डा. डीपी गोयल के मुताबिक यही ट्रेन शाम के समय संख्या-0428 बनकर दिल्ली रेलवे स्टेशन से 04.10 बजे चलेगी और 05:16 बजे गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पर 06.40 बजे पहुंचेगी। इस पैसेंजर ट्रेन के दिल्ली-रेवाड़ी ट्रेक पर सभी स्टेशनों पर ठहराव है। इस कारण इस रूट के हजारों यात्रियों को रोजाना इसका लाभ मिल सकेगा। क्योंकि ट्रेन के संचालन के बिना लोगों को अपनी नौकरी, काम-धंधों के लिए पहुंचने में काफी कठिनाई आ रही थी। डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने पहले जहां दिल्ली-सिरसा एक्सप्रेस ट्रेन को रोहतक की बजाय वाया गुरुग्राम-रेवाड़ी-सिरसा तक चलवाने का काम किया, वहीं अब दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी रूट पर पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू करवाने में अपना योगदान दिया है।

स्टेशन अधीक्षक शंकर लाल मीणा ने कहा कि दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी के मध्य आवागमन करने वाले यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के कारण अन्य ट्रेनों को चलाने की मांग भी की जा रही थी। भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की महिला विंग की महामंत्री आशा गोयल, गुड़गांव विकास मंच के सचिव अजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

लोगों का जीवन स्तर सुधारना अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का उद्देश्य : मधु आजाद

सुखराली में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत लगाया गया लाभार्थी मेला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के सुखराली में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना।

मेयर मधु आजाद ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का उद्देश्य सभी व्यक्तियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में लाभार्थी मेलों का आयोजन किया जा रहा है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही मौके पर ही योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को प्रदान किया जा रहा है।

मेयर ने नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सुखराली स्थित सामुदायिक केन्द्र में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत दूसरे दिन आयोजित लाभार्थी मेले का शुभारंभ करते हुए मौके पर ही लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि मुख्यंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत ऐसे परिवार, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रूपए से कम है, उन्हें विभिन्न विभागों की तरफ से चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इनमें स्वरोजगार के लिए सस्ती दरों पर लोन सहित कई प्रकार की ऐसी कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिनसे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा तथा उनकी आय में वृद्धि होगी। मेयर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का भी अवलोकन किया तथा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर लाभार्थियों को योजनाओं से संबंधित स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मेयर मधु आजाद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा अनेक प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं को हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल बेहतर ढ़ंग से लागू करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इन्द्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में यहां पर भी जन-जन तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लगाए गए दो दिवसीय लाभार्थी मेलों में सेंकड़ों व्यक्तियों ने उपस्थित होकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की है तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने आवेदन जमा करवाए हैं। कार्यक्रम में निगम पार्षद अनूप सिंह, संयुक्त आयुक्त संजीव सिंगला एवं सतीश यादव, डिप्टी म्यूनिसिपल कमिशनर डा. विजयपाल यादव तथा सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर देवेन्द्र सिंह ने मेयर मधु आजाद का स्वागत किया तथा विभिन्न योजनाओं के बारे में उन्हें अवगत करवाया।

विकास कार्यों पर ग्राम दर्शन पोर्टल की मार्फत ग्रामीण दे सकेंगे अपनी राय

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

सुझावों के आधार पर तैयार होगा खाका

हरियाणा में ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों में ग्रामीणों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार की ओर से ग्राम दर्शन पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल में विकास कार्यों संबंधी कोई भी प्रस्ताव सीधे सरकार को दिया जा सकता है। साथ ही लोग गांव के विकास कार्य संबंधित शिकायत भी इसमें दे सकते हैं। केवल वही आवेदक इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकेगा, जिसका परिवार पहचान पत्र होगा।

ग्रामीणों को अगर विकास कार्यों से जुड़ी कोई शिकायत है या फिर कोई सुझाव देना है तो किसी कार्यलय के चक्कर काटने की और अन्य कहीं जाने की जरूरत नहीं। लैपटाप या मोबाइल उठाइए और ग्राम दर्शन पोर्टल खोलिए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्रामीणों के विकास कार्यों संबंधी सुझाव और शिकायतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल ग्राम दर्शन लांच किया है। ग्रामीणों की विकास कार्यों में सीधी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा यह पोटज़्ल लांच किया गया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य की विकास योजनाओं का खाका भी तैयार किया जा रहा है।

सीएम विंडो से लिंक होंगी शिकायतें : ग्रामीण विकास की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देते हुए डीसी ने कहा है कि ग्रामीणों द्वारा ग्राम दर्शन पोर्टल पर की जाने वाली शिकायतों को सीएम विंडो के साथ लिंक किया गया है, ताकि शिकायतों का दोहराव न हो। ग्राम दर्शन पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति केवल अपने स्थाई निवास के गांव, जो परिवार पहचान पत्र में दर्ज हो, के संबंध में ही शिकायत या सुझाव दे सकता है।

ग्रामीणों द्वारा दिया गया सुझाव और मांग सीधे सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, विधायक और सांसद को दिखाई देंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र के ही सुझाव डैशबोर्ड पर दिखाई देंगे, जिन्हें संबंधित जनप्रतिनिधि संस्तुति के साथ आगे बढ़ा सकेंगे। पोर्टल पर सुझाव या शिकायत दर्ज करते ही एक आईडी जनरेट होगी, जो आवेदक को एसएमएस के माध्यम से मिलेगी।

बेटे को नशीला पदार्थ पहुंचाने वाला मां दामाद के साथ जाएगी जेल

सोहना। बंदी बेटे को नशीला पदार्थ पहुंचने वाली मां अपने दामाद के साथ खुद भी जेल जाएगी। आरोपी मां व उसके दामद और बंदी बेटे के खिलाफ जेल अधीक्षक ने मामला दर्ज कराया है। भोंडसी थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी। भोंडसी जिला जेल में बंद बेटे को नशीला पदार्थ पहुंचाने वाली राजस्थान के जिला अलवर निवासी महिला शशि देवी अपने नैनीताल निवासी दामद कमल के साथ जेल जाएगी। शशि देवी का बेटा जिला जेल में बंद है। शशि देवी ने 28 जनवरी 2020 को बेट आरुष को जूते की तलहटी के अंदर छुपाकर नशीला पदार्थ मुलाकात के दौरान पहुंचा, लेकिन जेल में तलाशी के दौरान नशीला पदार्थ पकड़ा गया।

एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट के साथ स्वास्थ्य, फिटनेस और पोषण पर जोर देने वाले समुदायों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ / देहरादून

लोगों को बेहतर, स्वस्थ जीवन जीने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने हाल ही में सामुदायिक निर्माण पहल 'स्कल्प्ट स्टूडियो बाई न्यूट्रीलाइट' को लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य भारत के युवाओं और महिलाओं के बीच फिटनेस एवं स्वास्थ्य समुदाय निर्माण को बढ़ावा देना है। उत्तर भारत के बाजार से शुरू करते हुए यह शुरुआत फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों के बीच स्वास्थ्य का समर्थन करने पर एमवे इंडिया के फोकस के अनुरूप है, ताकि उनके फिटनेस लक्ष्यों को सही पोषण मार्गदर्शन के साथ बनाए रखने में सहयोग किया जा सके।

स्कल्प्ट स्टूडियो के माध्यम से एमवे इंडिया वर्चुअल सत्रों की एक श्रंखला की मेजबानी करेगा, जिसका उद्देश्य हेल्थ सप्लिमेंट्स द्वारा समर्थित पोषण का लाभ उठाने और एक फिट व स्वस्थ जीवन शैली का नेतृत्व करने का सर्वोत्तम तरीका प्रदर्शित करना है। कार्यक्रम को 30 दिनों में ही शरीर को एक ज्यादा फिट और स्वस्थ शरीर में परिवर्तित करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। पहल के एक हिस्से के रूप में एमवे डायरेक्ट सेलर्स और उनके ग्राहक एक-एक करके सप्लिमेंटेशन संबंधी परामर्श और पोषण विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन की गई एक अनुकूलित आहार योजना का अपने घर के आराम में लाभ उठा सकते हैं। डायरेक्ट सेलर्स और उनके ग्राहकों के बीच मार्गदर्शन और उत्साह को बढ़ाने के लिए एमवे इंडिया ने चार प्रमुख महिला हेल्थ और फिटनेस इन्फ्लुएंसर्स को अपने साथ जोड़ा है।

इस पहल के बारे में बात करते हुए एमवे इंडिया के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट, नॉर्थ एंड साउथ रीजन, गुरशरण चीमा ने कहा, इंडियन जर्नल ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन के अनुसार वर्तमान में भारत में 13.5 करोड़ से अधिक लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। लंबे समय तक घर में पड़े रहने और बदलती जीवन शैली के साथ वर्तमान परिदृश्य ने कई शारीरिक और मानसिक बीमारियों को जन्म दिया है।

अपनी पहल 'स्कल्प्ट स्टूडियो बाई न्यूट्रीलाइट' के माध्यम से हम सही पोषण की आवश्यकता के बारे में जागरुकता पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं, जो इन फिटनेस कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मदद करने के साथ-साथ उनकी दैनिक पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सप्लिमेंट्स द्वारा समर्थित भी है। एमवे इंडिया पोषण को केंद्र में रखते हुए समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों में निवेश करता रहा है।

खुले में नमाज पर प्रतिबंध का कानून बनाने की मांग

संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति की ओर से की गई मांग

गुरुग्राम। सार्वजनिक स्थानों पर नमाज की विरोध को लेकर आंदोलन चला रही संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति की ओर से अब मांग की गई है कि इस पर संसद में कानून बनाया जाए। समिति के प्रदेश अध्यक्ष महावीर भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि हरिद्वार में तीन दिवसीय धर्म संसद में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पर समूचे देश में प्रतिबंध लगाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया गया।

17 से 19 दिसंबर तक चली धर्म संसद में समस्त भारत से बड़ी संख्या में महामंडलेश्वर महंत एवं पीठाधीश्वर एकत्रित हुए थे। धर्म संसद के फैसले के आधार पर महावीर भारद्वाज ने कहा कि संसद के अंतिम सत्र में महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पर प्रतिबंध को लेकर प्रस्ताव रखा। जिसका समर्थन स्वामी अमृतानंद महाराज ने किया। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव को समस्त पूज्य संत समाज ने दोनों हाथ उठाकर ओम ध्वनि के साथ प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। धर्म संसद में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि हरियाणा के गुरुग्राम में संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति द्वारा जिस तरह से सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से चल रही नमाज पर लगाम लगाई गई है। ठीक उसी तरह समूचे देश में इसे असंवैधानिक एवं गैर कानूनी करार देते हुए प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। भारत के संतों ने धर्म संसद में पारित प्रस्ताव के माध्यम से केंद्र सरकार से मांग की है कि देश में मुस्लिम समुदाय द्वारा सार्वजनिक एवं खुले स्थानों पर नमाज पर अभिलंब प्रतिबंध लगाना चाहिए। प्रस्ताव में मुस्लिम समुदाय द्वारा किए जा रहे इस कार्य को असंवैधानिक और गैरकानूनी करार दिया है।

ऑर्गेनाइज्ड रीटेलर्स एसोसिएशन ने टीएस श्रीधर को बनाया अपना अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



ऑर्गेनाइज्डरीटेलर्स एसोसिएशन (ओआरए) ने टीएस श्रीधर को अपनाअध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की है। टीएस श्रीधर के पास कई बड़ीकंपनियों जैसे नोकिया और जिलेट के साथ सेल्स एवं डिस्ट्रीब्यूशन टीम में काम करने कातीन दशक से ज्यादा अनुभव है, वे अब ओआरए के साथ काम करते हुए ब्राण्ड्स, सरकार, ब्यूरोक्रैट्स और लीगल मामलों में संगठन के हितों के लिए काम करेंगे।

हमें खुशी है कि टीएस श्रीधर ओआरए के साथ जुड़ने जा रहे हैं। वे एक अनुभवी पेशेवर हैं, जिनके पास बड़े फोर्मेट केस्टोर्स एवं संगठित रीटेल में काम करने का अच्छा अनुभव रहा है। इस नई भूमिका में वेओआरए को ऐसे मजबूत प्लेयर के रूप में स्थापित करेंगे, जो अन्य राष्ट्रीय एवं घरेलुमंचों और संगठनों के साथ मिलकर दक्षिणी भारत के सभी अग्रणी मोबाइल रीटेल चेन्स का प्रतिनिधित्वकरेगा। मुझे विश्वास है कि उनका अनुभव ओआरए तथा हमारी लीडरशिप टीम के लिए बेहद महत्वपूर्णसाबित होगा। हम उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं। ऑर्गेनाइज्ड रीटेलर्स एसोसिशनकी कमेटी ने कहा। टीएस श्रीधर ने तकरीबन14 सालों तक नोकिया के साथ काम करते हुए उनके डिस्ट्रीब्यूशन एवं सेल्स नेटवर्क काप्रबन्धन किया है। नोकिया में उन्होंने मार्केटिंग, फाइनैंस और एचआर फंक्शन्स का कार्यभारसंभाला और कुल लाभ-हानि की जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र में रु 4500 करोड़ का टर्नओवरदर्ज किया। इससे पहले उन्होंने 14 सालों तक जिलेट को अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जहांवे रीटेल एवं चौनल सेल्स का कार्यभार संभाल रहे थे।

यहां उन्होंने सेल्स प्लानिंग एवंचौनल डेवलपमेन्ट मैनेजर के रूप में कंपनी के सेल्स के लक्ष्यों को हासिल करने में उल्लेखनीययोगदान दिया तथा सेल्स, मार्केटिंग एवं अन्य फंक्शन्स के बीच तालमेल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑर्गेनाइज्डरी टेलर्स एसोसिएशन के बारे में ऑर्गेनाइज्ड रीटेलर्स एसोसिएशन एक ऐसा मंच है जो दक्षिणी भारत में सभी अग्रणी मोबाइल रीटेल चेन्स का प्रतिनिधित्व करता है। कुछ ब्राण्ड्स को संगठन का हिस्सा हैं, उनमें पूर्विका, संगीथा, बिग सी, पाई, हैप्पी, चेन्नई मोबाइल्स, लॉट, सेलेक्ट, बीन्यू, सुप्रीम, टच, डार्लिंग और सैल पॉइन्ट शामिल हैं।

सरकारी संस्थानों में सोशल डिस्टेंसिंग की उड़ रही धज्जियां

कविता। फरीदाबाद

शहर में दो दिनों के भीतर कोरोना के 11 नए मामले सामने आए हैं। वहीं जिले के सभी सरकारी संस्थानों के साथ अस्पताल में सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती नजर आ रही हैं। बाजार, नगर निगम, तहसील या अदालत परिसर समेत सिविल अस्पताल सभी जगहों पर कोरोना नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसा ही शहर में देखा जा रहा है। ऐसा ही नगर निगम और बीके अस्पताल की ओपीडी, अपातकालीन कक्ष और वार्डों में देखने को मिल रहा है।

बीके अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ के बीच उड़ती सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां।

दो दिन में 11 पॉजिटिव

जिले में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। सोमवार को पांच और मंगलवार को छह नए मामले सामने आए। दो दिनों में 11 मरीज सामने आने से जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 35 पर पहुंच गया है। वहीं बढ़ते मरीजों की संख्या के बीच अस्पताल में कर्मचारी ओपडी में आ रहे मरीजों को मास्क लगाने की बात तो कह रहे हैं, लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग का पाठ नहीं पढ़ा रहे हैं।

ओपीडी में भीड़

बीके अस्पताल की ओपीडी में भीड़ के बीच सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां उड़ती साफ देखी जा सकती है। मरीज व तीमारदार मास्क लगाने को राजी नहीं है। मंगलवार को कर्मचारियों ने ओपीडी के गेट पर ही लोगों को बिना मास्क के अंदर जाने से रोक दिया गया। मास्क लगाकर पहुंच रहे लोगों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग बिल्कुल भी नजर नहीं आई। अस्पताल में भीड के बीच मरीज धक्का-मुक्की तक करते नजर आए।

एक बिस्तर पर दो मरीज

अस्पताल के वार्डों में भी कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ते हुए साफ देखा जा सकता है। यहां एक बिस्तर पर दो-दो मरीजों को भर्ती किया जा रहा है।

ऐसे में मरीजों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ती है। प्रसूति वार्ड में भर्ती मरीजों ने बताया कि बिस्तर न होने पर उन्हें अन्य मरीजों के साथ बिस्तर शेयर करने को मजबूर करते है। ऐसे में जहां वह घर से कोरोना से बचाव के करते हैं, वहीं अस्पताल से बीमारी को घर लेकर न पहुंच जाए, उन्हें यह खतरा सताता है।

निगम में मास्क नहीं

नगर निगम मुख्यालय में भी जहां-तहां लोग बिना मास्क के नजर आए। लोगों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग तो थी ही नही। वहीं यहां लोग तो क्या कर्मचारियों तक के मास्क गायब थे। कर्मचारी यहां बिना मास्क के ही घूमते नजर आए। नगर निगम में पार्क से लेकर कक्षों के भीतर बैठे कर्मचारियों और काम करवा रहे लोगों के मास्क गायब थे।

शराब के नशे में चाकू से गोद कर छोटे भाई को उतारा मौत के घाट

रहस्यमय हालत में किशोर का शव मिला परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में रहने वाले दो भाइयों के बीच शराब पीने के बाद नशे की हालत में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। थोड़ी ही देर में बातों की तकरार हाथापाई में बदल गई। तभी बड़े भाई ने चाकू निकाल कर छोटे भाई पर ताबड़ तोड़ वार कर दिया।

युवक को गंभीर रूप से घायल करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल युवक को परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा पुलिस ने रहस्यमय हालत में एक किशोर का शव बरामद किया है।

खेड़ीपुल थाने के बाहर बैठे शोकाकुल मृतक के परिजन।

जानकारी के मुताबिक 27 वर्षीय सोनू और 22 वर्षीय विष्णु ग्रेटर फरीदाबाद की भारत कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके साथ उनकी मां भी यहां रह रही है। दोनों भाई मेहनत मजदूर कर परिवार का गुजारा चला रहे थे। बताया गया है कि अन्य दिनों की तरह सोमवार की सुबह भी दोनों अपने अपने काम पर चले गए थे। शाम को काम से लौट कर आए तो दोनों ने ही शराब पी हुई थी। दोनों घर में बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। जिसके बाद दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी।

इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच बचाव करवाने का प्रयास भी किया। झगड़े के दौरान बड़ा भाई सोनू चाकू निकाल लाया। सोनू ने आते ही चाकू से छोटे भाई विष्णु पर हमला कर दिया। विष्णु पर चाकू से ताबड़ तोड़ वार करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। विष्णु को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की मां के बयान पर पुलिस ने आरोपी सोनू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

संदिग्ध हालत में मिला किशोर का शव

ग्रेटर फरीदाबाद गडढा कॉलोनी में पुलिस ने लोगों की सूचना पर एक किशोर का शव बरामद किया है। इसी कॉलोनी में रहने वाले किशोर के हाथ पैर जले हुए थे। मृतक किशोर पीओपी का काम करता था। घटना की सूचना मिलने पर मृतक का पिता गांव से यहां पहुंच गया। मृतक के पिता का आरोप है कि कुछ लोगों ने हत्या कर शव को यहां फेंका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आंगनबाड़ी वर्कर्स ने लघु सचिवालय पर किया हंगामा

सेक्टर 12 लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी वर्कर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स की संयुक्त तालमेल कमेटी के बैनर तले ही रही हड़ताल के 14वे दिन फरीदाबाद जिले की सभी कार्यकर्ता लघु सचिवालय के समीप पार्क में एकत्रित हुईं। जब यहां से सभी वर्कर और हेल्पर जीटी रोड की तरफ कूच किया तो पुलिस प्रशासन ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया।

बैरीकिडिंग लगाकर सभी को रोका दिया। गुस्साएं वर्करों ने यही पर हरियाणा सरकार के मुर्दाबाद और आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स की एकता जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। उन्होंने सरकार पर उनके साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जैसे ही बड़े सवेरे हजारों वर्कर और हेल्पर्स धरना स्थल पर पहुंची, तो वहां पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसा कि पहले दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने के बाद प्रधान देवेंद्री शर्मा ने जीटी रोड की तरफ कूच करने का ऐलान किया था। इसलिए पुलिस वाले आंदोलनकारियों को कानून व्यवस्था की बात को लेकर रोकना चाहते थे। हड़ताली आगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर हर हाल में जीटी रोड पर जाने पर आमादा थी। सीटू के जिला प्रधान निरंतर पाराशर और जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने पुलिस प्रशासन पर वर्करों को रोकने का आरोप लगाते हुए बताया कि हड़ताल पूर्ण रूप से शांतिपूर्वक चल रही है। लेकिन सरकार हड़ताली वर्करों की नहीं सुन रही है।

नीरज फरीदपुरिया के गुर्गे ने मांगी रंगदारी, गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने एक आरोपी को फाइनेंसर से रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम ऋषिराज उर्फ शैंकी पंडित है जो फरीदाबाद के आदर्श नगर एरिया का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ रंगदारी मांगने के तहत मुकदमा दर्ज है जिसमें आरोपी ने फरीदाबाद के सेक्टर 62 निवासी गुलफाम को फोन पर धमकी देकर उससे रंगदारी मांगी थी।

गुलफाम ने पुलिस थाना आदर्श नगर में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह फाइनेंसर का काम करता है। आरोपी शंकर पंडित ने अपना नंबर फाइनेंसर तक पहुंचाया और जब फाइनेंसर ने उसे कॉल किया तो उसने बताया कि वह गैंगस्टर नीरज फरीदपुरिया की गैंग का सदस्य है। आरोपी ने गुलफाम से उसे हर महीने रंगदारी देने की बात कही और ऐसा न करने पर उसे जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस को दी और पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रंगदारी मांगने तथा जान से मारने के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में 16 दिसंबर को चंदावली पुल से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का अपराधी है और गैंगस्टर नीरज की गैंग का सदस्य है। नीरज के कहने पर ही उसने फाइनेंसर से रंगदारी मांगी थी। इससे पहले भी आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, रंगदारी, लड़ाई झगड़ा आदि के 14 मुकदमे दर्ज हैं।

रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार युवक ऋषिराज।

गंदगी मिलने पर निगम को करें फोन

फरीदाबाद। अगर शहर में कहीं भी कूड़े के ढेर दिखें एवं सफाई में अव्यवस्था दिखे तो इसके लिए समस्त शहरवासी स्वच्छ हरियाणा एप्प पर शिकायत दें। स्वच्छ हरियाणा ऐप को शहरवासी अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लें उस एप्प पर शहर के लोग अपने क्षेत्र की समस्या की फोटो लोकेशन के साथ डाल दें इसके बाद ऐप पर आने वाली हर समस्या का समाधान नगर निगम फरीदाबाद की टीम तीन घंटे के अंदर कर देगी। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति निकाय क्षेत्र में गंदी नाली, अस्वच्छ सड़क या गंदगी के ढेर की फोटो लोड कर सकता है।

निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त इंद्रजीत कुलड़िया ने बताया कि अब शहर में गंदगी से संबंधित समस्या के समाधान के लिए लोगों को परेशानी नहीं होगी। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने बताया कि सफाई के समाधान के लिए शहरवासी सैनिटेशन विभाग के नंबर-0129-2420095 पर भी संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं।

किसान संघर्ष समिति के साथ हूडा प्रशासक की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद को ज्ञापन देते किसान संघर्ष समिति के सदस्य।

किसान संघर्ष समिति नहरपार के प्रतिनिधियों को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण फरीदाबाद के प्रशासक जितेंद्र कुमार दहिया ने अपने कार्यालय बुलाया। जिसमें उन्होंने समिति के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग में समिति के प्रधान जगबीर सिंह नागर, महासचिव सत्यपाल नर्वत, वरिष्ठ उपप्रधान राजकुमार आर्य, उपप्रधान प्रकाशचंद, उपप्रधान भूपसिंह, सक्रिय सदस्य लच्छीराम, उमेद सिंह, प्रेस सचिव अरुण त्यागी एवं जुगला नंबरदार, हरपाल सिंह शामिल थे।

भूमि अर्जन अधिकारी कार्यालय के तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी मीटिंग में थे। समिति ने प्रशासक महोदय को ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा 14/ 15 साथ 2021 को बढ़ाए गए मुआवजे का शीघ्र भुगतान करना एवं अधिकृत जमीन पर प्रतिवर्ष मिलने वाली रॉयल्टी को समय पर देना जो कि कुछ गांव को पिछले तीन साल से नहीं दी है। प्रशासक महोदय जितेंद्र कुमार दहिया ने मुआवजे के बारे में किसानों से कहा की जिन किसानों की फाइल हमारे पास आ गई है। उनकी पेमेंट 31-12-2021 तक का ब्याज लगाकर मुख्य कार्यालय पंचकूला भेज दी गई है और उन्होंने आग्रह किया है कि सभी किसानों से संपर्क करके समिति जल्दी से जल्दी फाइलें कार्यालय में जमा कराएं। जिसमें कोर्ट के फैसले की सर्टिफाइड कॉपी बैंक खाता नंबर, आधार कार्ड, पैन कार्ड होना जरूरी है। दफ्तर की कार्रवाई पूरी होने के बाद जल्द ही मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि रॉयल्टी की सभी की पेमेंट भी सूची मुख्यालय पंचकूला भेजी हुई है। विभागीय फंड होने की वजह से देरी हो गई है अब रॉयल्टी की पेमेंट जल्दी कर दी जाएगी। समिति के प्रधान जगबीर सिंह व महासचिव सत्यपाल नरवत ने प्रशासक को बताया कि पिछले 7-8 साल से किसानों को मुआवजे की कोई पेमेंट नहीं की गई है। कोर्ट के अंदर ही केस ऊपर नीचे होते रहें अब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है तो किसानों को उम्मीद जगी है कि आप हमारा मुआवजा दे दिया जाएगा।

आईएमए ने कोरोना वॉरियर्स को किया सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

एडमिनिस्ट्रेशन, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन फरीदाबाद, हेल्थ डिपार्टमेंट फरीदाबाद के साथ मिलकर आईएमए फरीदाबाद ने कोरोना वारियर्स को हुड्डा कन्वेंशन सेंटर में सम्मानित किया। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर जितेंद्र यादव, एमसीएफ कमिश्नर यशपाल यादव, एडीसी सतवीर मान, एसडीएम परमजीत चहल और एसडीएम पंकज सेतिया, सिविल सर्जन विनय गुप्ता, डिप्टी डीन ईएसआई डॉ एके पांडे, सिविल सर्जन ईएसआई डॉ अनीता खुराना और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत में कोरोना काल के दौरान कोविड से जान गवाने वाले डॉक्टर अर्चना भाटिया, डॉ. आभा सभरवाल, डॉ आलोक गुप्ता, डॉक्टर केबी भार्गव, डॉक्टर आरके डोगरा, डॉक्टर रेनू गंभीर और डॉक्टर संतोष ग्रोवर को श्रद्धांजलि के लिए एक मिनट का मौन रखा गया और उनके परिजनों को सांत्वना दी गई। यशपाल यादव, जोकि कोरोना काल में फरीदाबाद में एक कमांडर के रूप में नेतृत्व कर रहे थे, उन्होंने अपने भाषण में डॉक्टरों द्वारा किए गए कामों की तारीफ की और उनका आभार जताया।

सेक्टर-12 हुड्डा कंवेशन हाल में आईएमए फरीदाबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कोरोना वारियर्स को सम्मानित करते जिला के आला अधिकारी और आईएमए फरीदाबाद के पदाधिकारी।

कार्यक्रम में यूएसए की आशिता काचरू द्वारा भेजे गए दस लाख रुपये के लिए धन्यवाद करने के लिए उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। इसी धनराशि में से ढाई लाख रुपये का चेक दयानंद स्कूलों को चलाने वाली संस्था को दिया गया। जिससे कि उन बच्चों को स्कॉलरशिप दी जाएगी। जिन बच्चों के माता-पिता दोनो की मौत कोरोना की वजह से हो गई थी। डॉक्टर अरुणा कुंडू और डॉक्टर नीता दबाई को भी इस पैसे की व्यवस्था करने के लिए धन्यवाद दिया गया। यूएसए के ही डॉक्टर कृष्ण कालरा का भी धन्यवाद किया गया जिन्होंने कोरोना काल में 48 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भिजवाए थे।

इसके बाद भाटिया सेवक समाज से मोहन सिंह भाटिया, भारत विकास परिषद से राजकुमार अग्रवाल, बननूवाल बिरादरी से लोचन भाटिया, फ्रंटियर ह्यूमैनिटी ग्रुप से संजय भाटिया, गिफ्ट से मदन लाल चावला, फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया से हरीश रतड़ा और रविंद्र डुडेजा, पंजाबी समाज सभा से राजेंद्र बजाज, श्रीशक्ति सेवादल से मोहनलाल अरोड़ा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए फरीदाबाद के उन सभी हॉस्पिटल और नर्सिंग होम्स के संचालकों को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रुप से बीके हॉस्पिटल, ईएसआई मेडिकल कॉलेज, सभी कॉरपोरेट हॉस्पिटल व सभी नर्सिंग होम हैं। जिन्होंने कोरोना के दौरान कोविड के मरीजों का इलाज किया था। इसमें बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल के डॉ. मान सिंह समेत करण गोदारा और संदीप गहलन को भी सम्मानित किया गया।

सभी गणमान्य मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। डॉ सुनील मुटनेजा ने मंच का संचालन। किया डॉ सुरेश अरोड़ा ने अंत में सभी का धन्यवाद किया। डॉक्टर पुनीता हसीजा ने बताया कि इस तरह का कार्यक्रम करने के लिए वह काफी समय से सोच रहे थे और इसकी बहुत आवश्यकता थी।

गुड गवर्नेंस के नियमानुसार करें निपटान: एसडीएम

फरीदाबाद। एसडीएम परमजीत चहल ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जिला में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गुड गवर्नेंस के उपलक्ष में गत 20 दिसंबर से सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा।

फरीदाबाद उपमण्डल में प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम परमजीत चहल ने विभागों के अधिकारियों को कहा कि वे सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जनकल्याणकारी योजनाओं का आनलाइन क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। एसडीएम कार्यालय में आनलाइन आई शिकायतों का निवारण भी ऑन करना सुनिश्चित करें। सभी विभागों में सीएम विंडो व सीपीग्राम की लंबित शिकायतों का निवारण करें। उन्होंने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी लंबित शिकायतें दूर की करें। उन्होंने कहा कि राजस्व तथा विकास एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी और अधिकारी स्वामित्व स्कीम के तहत प्रॉपर्टी डीड बनाकर वितरित करें।

सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

एडीसी सतबीर मान होंगे सांसद ओपन खेल महोत्सव के ओवर आल इन्चार्ज एचसीएस अधिकारी बनाए अलग अलग खेलों के नोडल अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर 12 लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी जितेंद्र यादव।

उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि फरीदाबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र में आगामी 14 ,15 व 16 जनवरी 2022 को पुरुषों और महिलाओं के सांसद खेल महोत्सव का आयोजन फरीदाबाद में किया जाएगा।

खेल महोत्सव ओपन आयोजित किए जाएंगे। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि शहर के खेल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से सांसद खेल महोत्सव के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुझाव साझा किए हैं। सांसद ओपन खेल महोत्सव के सफल संचालन के लिए एडीसी सतबीर मान को ओवर आल इन्चार्ज नियुक्त किया है जबकि एचसीएस अधिकारियों को अलग-अलग खेलों के नोडल अधिकारी बनाया है। अलग-अलग खेलों के लिए खेल एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खान पान के लिए सीएसआर पार्टनर भी बनाए गए हैं। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को विशेष महत्व दिया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव के लिए सिंगल खिलाड़ी खेल के खिलाड़ियों की इन्ट्री 200 रुपये और डबल खिलाड़ियों वाले खेल की ऐंट्री 500 रुपये तय कर दी गई है। 25 दिसम्बर को जिला खेल विभाग द्वारा ऐंट्री शुरू कर दी जाएगी। उपायुक्त ने लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में नोडल अधिकारियों को खेलों के बेहतर संचालन के लिए टिप्स दे रहे थे।

सांसद खेल महोत्सव के लिए शहर की इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, व्यापार मंडल, समाज सेवी संस्थाओं और सामाजिक, व्यापारिक संस्थाओं को सीआरएस पार्टनर बनाया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, सीटीएम पुलकित मल्होत्रा, खेल विभाग के उपनिदेशक गिरराज, जिला खेल अधिकारी जगबीर सिंह, रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

केएल मेहता कॉलेज में थैलेसीमिया टेस्ट शिविर आयोजित

फरीदाबाद। एनएच-तीन स्थित केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय में एक हजार छात्राओं का थैलेसीमिया का टैस्ट किया गया। यह शिविर दयानंद कॉलेज, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी तथा ग्लोबल इंटीग्रेटेड फाउंडेशन फॉर थैलेसीमिया के संयुक्त प्रयास द्वारा आयोजित किया गया। थैलेसीमिया तथा इसके टैस्ट की उपयोगिता के बारे में मदन चावला लगभग 1500 छात्राओं को जानकारी दी। छात्रायें बहुत ही जोर शोर से टैस्ट कराने पहुंची। थैलेसीमिया एक जीवन से संबंधित बीमारी होती है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मंजू दुआ ने भी छात्राओं के टैस्ट कराने के लिए प्रोत्साहित किया। कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस की काउंसलर डॉ. संगीता कुलश्रेष्ठ तथा सुदेश, डॉ. प्रगति चितकारा, बेनु महता आदि प्राध्यापिकायें उपस्थित थी। गिफ्ट की तरफ से मदन चावला पूरे समय उपस्थित रहे। शहर में पहली बार इतनी अधिक संख्या में एक कैम्प में टेस्ट किए गए हैं।

दो जनवरी को होगी भजन संध्या

बल्लभगढ़। श्री बांके बिहारी परिवार के अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने बांके बिहारी परिवार की तरफ से जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री बांके बिहारी की भजन संध्या होने जा रही है। एक शाम श्री बांके बिहारी जी के नाम पंचम मोहत्सव आगामी दो जनवरी 2022 रविवार शाम 6 बजे से अग्रवाल पब्लिक स्कूल मेन बाजार बल्लभगढ़ में आयोजित किया जाएगा। भजन संध्या को यादगार बनाने के लिए श्री वृन्दावन धाम से साध्वी पूर्णिमा पधार रही है और फरीदाबाद से भैयारामदास, बल्लभगढ़ से कुमारी राधिका मुस्कान श्री बांके बिहारी परिवार चेयरमैन वेद प्रकाश सिंगला और टीम के सभी सदस्यों द्वारा पहला निमन्त्रण 21 दिसंबर को श्री बांके बिहारीजी वृंदावन दिया और उसके बाद दूसरा निमन्त्रण श्री गिरिराज महाराज गोवर्धन जी को दिया। सभा के सभी सदस्य मोहित गुप्ता, राघव गोयल, दीपक तायल, मनीष गोयल, प्रेम प्रकाश शर्मा, आशु गोयल और प्रचारक रोहित शर्मा मौजूद रहे।

विकासोन्मुखी नीतियों से प्रदेश का स्वरूप रहा बदल: सीमा

फरीदाबाद। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की विकासोन्मुखी नीतियों के चलते फरीदाबाद समेत पूरे हरियाणा का स्वरूप बदल रहा है, इसके लिए बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने हरियाणा विधानसभा सदन में अपनी बात रखते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और उन्हें हार्दिक बधाई भी दी। विधायक सीमा त्रिखा ने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की गति तेज की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रेहड़ी-पटरी वालों के लिए जो स्वनिधि योजना है उसके अंतर्गत तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अंत्योदय के तहत बीपीएल परिवारों के लिए योजना, जिसमें ऐसे अभावग्रस्त लोगों का विशेष ध्यान रखा गया है, उसके लिए भी अपील की कि रेहड़ी पटरी वालों को सही स्थान देकर उनके रोजगार को सुनिश्चित किया जाए।

छात्राओं के लिए पुस्तक वितरण मेला आयोजित

फरीदाबाद। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार अध्यापकों ने विद्यालय की नवीं से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए पुस्तक वितरण मेला आयोजित किया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि इस मेले में विद्यालय की 250 से भी अधिक बालिकाओं ने पुस्तकें प्राप्त की। इन सभी पुस्तकों का संग्रहण विद्यालय स्टाफ द्वारा किया गया। नौंवी, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं की अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित पुस्तकों को वितरित किया। पुस्तक वितरण मेले का संयोजन विद्यालय की गणित प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर ने किया। प्राचार्य मनचंदा ने पुस्तक वितरण में पुस्तकें प्राध्यापिका आशा और शिवानी का भी सहयोग के लिए स्वागत किया और कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में हम सभी को राजकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाली बालिकाओं की यथासंभव सहायता और उत्साहवर्धन करने की आवश्यकता है ताकि कोरोना काल में इन की शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार का अवरोध न आ पाएं। प्राचार्य मनचंदा ने इस पुस्तक वितरण मेले को सफल बनाने के लिए सभी अध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों का विशेष आभार प्रकट किया।

जेसी बोस में मीडिया व्याख्यान का आयोजन

फरीदाबाद। समाचार की आयु सर्फ पांच मिनट की है इसलिए एक पत्रकार को न्यूज की आयु खत्म होने से पहले लोगों तक पहुंचाना है। जैसे जैसे तकनीकी का विकास हुआ है वैसे वैसे पत्रकारिता में भी आधुनिकता आई है। इसलिए इस क्षेत्र में जाने से पहले विद्यार्थियों को इसके लिए इस क्षेत्र की आधुनिकता में ढालना जरूरी है यह बात जिला सूचना और जन संपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी के मीडिया विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित मीडिया व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने विद्यार्थियों को पत्रकारिता के बदलते परिवेश के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आज के समय में मीडिया के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं बेशर्ते विद्यार्थी को मीडिया में काम करने के हिसाब से अपने आप को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि एक अच्छा पत्रकार बनने के लिए सोचने की शक्ति और काम करने के जज्बे के साथ साथ जरूरी है कि विद्यार्थी पत्रकारिता के क्षेत्र में आ रही आधुनिकता में भी अपने आप को ढालें। उन्होंने समाचार लेखन की बारीकियों और समाचार लेखन की विशेष जानकारियों पर भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए, सोशल मीडिया और न्यू मीडिया के सही प्रयोग के तरीकों को भी विभाग के विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा की एक अच्छा पत्रकार तभी बना जा सकता है जब आप आपने काम को लेकर निष्ठावान रहेंगे। गौतम ने पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों एवं उनके समाधान के बारे में विद्यार्थियों को बताया। इस दौरान विद्यार्थियों से समाचार लेखन भी कराया गया। विद्यार्थियों द्वारा मीडिया क्षेत्र से जुड़े हुए विभिन्न सवाल भी पूछे गए। विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर एवं व्याख्यान के संयोजक डॉ. पवन सिंह मलिक ने आए हुए अतिथि का स्वागत किया।

ओमीक्रान का खतरा

वैश्विक सबक

वायरस का ओमीक्रान स्वरूप दुनिया भर में फैल रहा है। ब्रिटेन में 12,000 ओमीक्रान संक्रमण समेत 80,000 मामले रोज आ रहे हैं। अमेरिका पहले से ही चौथी लहर का सामना कर रहा है। भारत में आंकड़ा 100 को पार कर गया है। देखने में यह भले ही छोटा लगे, पर इसकी वृद्धि दर तेज है। डाक्टरों का कहना है कि अब तक दिल्ली में ओमीक्रान के 22 मरीज मिले हैं जिनमें से 10 को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। इससे थोड़ी राहत इसलिए दिखती है क्योंकि अधिकांश नए सकारात्मक मामलों की जीन सीक्वेंसिंग नहीं हुई है। हम नहीं जानते कि क्या उनमें ओमीक्रान संक्रमण था। देश में भावी स्थितियों को लेकर कुछ बेचैनी है। हमें अब तक ओमीक्रान के बारे में जो जानकारी मिली है वह आश्वस्तिकारक नहीं है। यह बहुत तेजी से फैलता है, टीकाकृत और गैर-टीकाकृत लोगों को प्रभावित करता है तथा प्रतिरक्षा व्यवस्थाओं को धोखा दे सकता है। ये तीन तत्व यह बताने के लिए काफी हैं कि भारत में तीसरी लहर आ गई है। ओमीक्रान डेल्टा स्वरूप की तरह फेफड़ों पर हमला नहीं बोलता है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि लहर की स्थिति में लोगों को अस्पतालों में भर्ती करना पड़ेगा और इससे अव्यवस्था फैलेगी। हालांकि, उम्मीद है कि पिछली बार की तरह ज्यादा मौतें न हों। सार्वजनिक स्थानों और यातायात केंद्रों पर स्क्रीनिंग व टेस्टिंग बढ़ाई गई है तथा दिल्ली समेत कुछ शहरों में कोविड चिकित्सा केन्द्र खुलने लगे हैं। अधिकारियों को चिन्ता है कि लोग मास्क पहनने व सेनीटाइजर प्रयोग के मामले में पूरी तरह लापरवाही बरत रहे हैं।



बाजारों में भीड़भाड़ आम बात है। घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय यात्रा बढ़ी है। उम्मीद है कि सरकार और जनता इस बात से गलत उम्मीद नहीं पालेंगे कि ओमीक्रान घातक नहीं है और इसके लक्षण हल्के होते हैं क्योंकि यदि लहर आती है तो इससे नुकसान की संभावना बनी हुई है। चुनावी रैलियों तथा नव वर्ष आयोजनों का समय आ गया है। दूसरे स्थानों पर वर्ष के अंत में होने वाले आयोजन रद्द किए गए हैं तथा यूरोपीय देश ब्रिटेन को अत्यधिक जोखिम वाले यात्रा स्थान के रूप में देख रहे हैं। इसका अर्थ है कि ब्रिटेन से आने वाले यात्रियों को अनिवार्य रूप से 14 दिन क्वारंटीन में रखा जाना चाहिए। लेकिन भारत ने अभी यात्रा पर नियंत्रणों या अत्यधिक जोखिम वाले यात्रियों पर नियंत्रण की शुरुआत नहीं की है। पिछली दो लहरों से मिले कड़वे सबकों के आधार पर सरकार को इस बार ज्यादा निर्णायक रूप से काम करना चाहिए। इसकी शुरुआत कुछ नियंत्रणों से की जानी चाहिए जिनमें भीड़ वाले आयोजनों पर प्रतिबंध तथा आने वाले विदेशी यात्रियों के लिए होटल क्वारंटीन की व्यवस्था शामिल है। केवल टीकाकृत लोगों को ही सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करने और सार्वजनिक स्थलों पर जाने की अनुमति होनी चाहिए। भीड़ को हतोत्साहित करने के साथ ही वैक्सीन की दूसरी खूराक के प्रति बढ़ती लापरवाही से भी निपटना चाहिए। पश्चिमी देशों ने बूस्टर खूराकें शुरू की हैं, लेकिन इसके बावजूद ओमीक्रान फैल रहा है। इससे हमें समझना चाहिए कि हमारी स्थिति कितनी खराब हो सकती है। डेल्टा की तुलना में ओमीक्रान साढ़े पांच गुना तेजी से फैलता है तथा हर डेढ़ से तीन दिन में दूना हो जाता है। इसका अर्थ है कि यदि हम पर लहर का हमला होता है तो संक्रमितों की संख्या लाखों में होगी। टीकाकरण की वर्तमान गति को देखते हुए शायद सभी वयस्कों का मार्च तक पूर्ण टीकाकरण न हो सके। सरकार को उस समय तक बूस्टर खूराक टालने के बारे में नहीं सोचना चाहिए।

राजकोषीय संतुलन बनाने की जरूरत

कोई ऐसा बड़ा आयोजन या बजट घोषणा नहीं हुई है जिसे 'अनापेक्षित राजकोषीय प्रभावों वाला दूरगामी ढांचागत सुधार' कहा जा सके।

उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले बजट की तैयारी कर रही हैं। ऐसे में यह समय राजकोषीय स्थितियों पर नजर डालने के लिए उपयुक्त है। 2019-20 के संशोधित अनुमानों- आरई के अनुसार राजकोषीय घाटा-एफडी जीडीपी का 3.8 प्रतिशत था जबकि बजट अनुमान-बीई 3.3 प्रतिशत था। केन्द्रीय बजट 2020-21 के बजट भाषण में सुश्री निर्मला सीतारमण ने इसे एन.के. सिंह समिति की संस्तुतियों के आधार पर उचित ठहराया था। समिति ने राजकोषीय दायित्व एवं बजट प्रबंधन कानून-एफआरबीएम, 2003 की समीक्षा की थी जिसका लक्ष्य 'अनापेक्षित राजकोषीय प्रभावों वाला दूरगामी ढांचागत सुधार' था। 2020-21 के लिए वित्त मंत्री ने एफआरबीएम कानून के अंतर्गत निर्धारित 3 प्रतिशत के बजाय 3.5 प्रतिशत एफडी का लक्ष्य रखा था। इसे उन्होंने 'अनापेक्षित राजकोषीय प्रभावों' से विचलन के बावजूद उचित ठहराया था। इन दो वर्षों में कोई बड़ा आयोजन या बजट घोषणा नहीं हुई है जिसे 'अनापेक्षित राजकोषीय प्रभावों वाला दूरगामी ढांचागत सुधार' कहा जा सके। इसलिए उनके प्रस्तावों को उचित नहीं कहा जा सकता है।

अप्रैल 2020 से कोविड-19 के प्रभाव से केन्द्र की प्राप्तियां और खर्च प्रभावित होने लगे थे, ऐसे में समिति द्वारा निर्धारित आधार पूरा करने का सवाल नहीं था। वास्तव में वैश्विक महामारी की गंभीरता को देखते हुए यह विचलन अनुमन्य 0.5 प्रतिशत से अधिक हो सकता था। लेकिन आरई के अनुसार 2020-21 के बजट में 1 फरवरी, 2021 को प्रस्तुत एफडी केवल 9.8 प्रतिशत रहा। यह बीई का तीन गुना था, हालांकि वास्तव में यह फरवरी व मार्च 2021 में अधिक कर संग्रह के कारण 9.5 प्रतिशत से थोडा कम रहा। लेकिन असाधारण रूप से 6 प्रतिशत विचलन या लगभग 1150,000 करोड़ को केवल महामारी से नहीं जोड़ा जा सकता है। तथ्यों की गहन जांच से स्पष्ट होता है कि इसका एक बड़ा हिस्सा अतीत की तरह 2020-21 में भी 'कुप्रबंधन' एवं 'गलतियों' के कारण था।

यदि उर्वरक सब्सिडी पर गौर किया जाए तो 2020-21 का बीई 70,000 करोड़ था, जबकि 2021-22 बजट के आरई में यह 134,000 करोड़ है। 64,000 करोड़ का यह अंतर पूरी तरह पिछले साल का सब्सिडी भुगतान न करने के कारण है। इस धनराशि को आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्टीमुलस पैकेज के रूप में प्रस्तुत किया गया, लेकिन तथ्य है कि इसका कोविड से निपटने से कोई संबंध नहीं है। इसी तरह खाद्यान्न सब्सिडी 2020-21 के बीई में 116,000 करोड़ थी। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई के 137,000 करोड़ बकाये के साथ यह कुल 253,000 करोड़ हो जाती है। लेकिन खाद्य सब्सिडी पर कुल खर्च 525,000 करोड़ था जो बीई में 409,000 करोड़ से अधिक था। हालांकि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएमजीकेवाई के अंतर्गत मुफ्त राशन वितरण पर 134,000 करोड़ खर्च हुआ। बाकी 275,000 करोड़ का प्रयोग एफसीआई द्वारा अतीत में राष्ट्रीय लघु बचत निधि से लिए कर्ज के भुगतान पर खर्च किया गया जिसका प्रयोग केन्द्रीय बजट में निर्धारित 137,000 करोड़ सब्सिडी भुगतान के लिए किया गया था। बिजली क्षेत्र के लिए सुश्री सीतारमण ने 90,000 करोड़ का आबंटन किया था जिसे बाद में बढ़ा कर 130,000 करोड़ किया गया। इसे बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम को दिया जाना था ताकि वे स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी तथा एनटीपीसी जैसे पीएसयू को लंबित देयों का भुगतान कर सकें। यह समस्या सस्ती बिजली तथा अधिकांश राज्यों में बिजली चोरी तथा बिजली खरीद समझौतों-पीपीए में बढ़े भुगतान के कारण है।

वित्त मंत्री ने 2021-22 के लिए एफडी का अनुमान जीडीपी का 6.8 प्रतिशत या 1500,000 करोड़ निर्धारित किया है। यह एफआरबीएम समिति द्वारा अनुमन्य 0.5 प्रतिशत के बजाय 3.8 प्रतिशत है। इसके बड़े हिस्से को कोविड से नहीं जोड़ा जा सकता है। उर्वरकों पर निर्धारित सब्सिडी 80,000 करोड़ के बजाय 143,000 करोड़ होगी जो 2020-21 से भी अधिक है। इस वृद्धि का कारण वैश्विक मूल्यों में वृद्धि है।

वर्तमान यूरिया मूल्य लगभग 1000 डालर प्रति टन है जो पिछले तीन साल की तुलना में तीन गुना है। इसी प्रकार डीएपी का दाम दूना होकर 700-800 डालर प्रति टन हो गया है। लेकिन इस धनराशि का लाभ चीन, सऊदी अरब, आदि से आयात करने वाली कंपनियों को हुआ है। 2021-22 के लिए खाद्यान्न सब्सिडी पर बजटीय आबंटन 243,000 करोड़ था, लेकिन वास्तव में इसके 330,000 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। इसमें पीएमजीकेवाई के अंतर्गत बांटे जाने वाले मुफ्त राशन का 147,000 करोड़ का हिस्सा शामिल है। यह योजना शुरुआत में मई-नवंबर, 2021 तक थी जिसे बढ़ा कर 31 मार्च, 2022 तक किया गया है। तेज आर्थिक सुधार को देखते हुए वर्ष की दूसरी छमाही में इस योजना का विस्तार समझ से परे है।

बिजली क्षेत्र में पिछले साल खर्च 130,000 करोड़ के बावजूद डिस्काम की स्थिति संकटमय बनी हुई है और वर्तमान समय में उन पर आईपीपी-पीएसयू का 100,000 करोड़ बकाया है। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि सरकार 'सुधार से जुड़ी, परिणामोन्मुख वितरण योजना' के अंतर्गत संकटग्रस्त डिस्काम के लिए धनराशि जारी करेगी। पिछले साल जारी की गई धनराशि 'नुकसान घटाने तथा क्षमता में सुधार' के लिए थी। वास्तव में इसके पीछे लक्ष्य वित्तीय कमजोरी छिपाना है।

2022-23 के बजट से पहले उपलब्ध संकेतों से स्पष्ट है कि सरकार इस राजकोषीय शाहखर्ची को जारी रखेगी। खर्च पर वृद्धि वाले क्षेत्रों में खाद्यान्न सब्सिडी शामिल है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की 'एमएसपी को कानूनी गारंटी' की मांग मानने के संकेत दिए हैं तथा राज्य एजेंसियों ने एमएसपी पर खरीद बढ़ाई है। इसके साथ ही बटाईदारों को लाभान्वित करने के लिए उनको पीएम-किसान के विस्तार की उम्मीद है। राष्ट्रीय स्तर पर शहरी व ग्रामीण गरीबों को 10 रुपये प्रति प्लेट पका पकाया भोजन देने की योजना शुरू की जा सकती है जिसका सुझाव सर्वोच्च न्यायालय ने दिया है। सरकार ने राजकोषीय मजबूती के रास्ते में व्यापक परिवर्तन कर राजकोषीय शाहखर्ची को वैध ठहरा दिया है। 2020-21 के बजट में वित्त मंत्री ने 4.5 प्रतिशत एफडी का लक्ष्य निर्धारित किया था जिसे 2025-26 में 2.5 प्रतिशत पर लाना है।

एफआरबीएम समिति यह लक्ष्य 2022-23 में पाना चाहती थी, जबकि 2018-19 के वित्त विधेयक में एफआरबीएम कानून में संशोधन कर इसे 3 प्रतिशत किया गया था। पहले कार्यकाल के प्रारंभ में मोदी सरकार ने राजकोषीय मजबूती को आर्थिक नीति का प्रमुख लक्ष्य बनाया था। इसलिए उसने 2018-19 में 3 प्रतिशत एफडी का लक्ष्य निर्धारित किया था। लेकिन बाद में इसे 2020-21 के लिए टाल दिया गया। इसके बावजूद उस साल 9.5 प्रतिशत घाटा हुआ। वर्तमान वर्ष में एफडी का अनुमान 6.5 प्रतिशत है, ऐसे में अगले पांच साल में 3 प्रतिशत का लक्ष्य कहीं नहीं दिख रहा है। फिलहाल कोई नहीं जानता कि सरकार राजकोषीय अनुशासन कब बहाल करेगी। जब तक खासकर बड़ी सब्सिडी में दीर्घकालीन लंबित खर्च सुधार नहीं किए जाते हैं, तब तक यदि वह चाहे भी तो यह बहुत दूर का सपना होगा।

भारतीय मानस में निहित है पंथनिरपेक्षता

प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

13 दिसंबर को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, मीडिया में शोर उठाया गया है कि ''धर्मनिरपेक्षता की भावना का उल्लंघन किया गया है।'' भारत के संविधान का अनुच्छेद 15 लिंग या धर्म की परवाह किए बिना सभी नागरिकों की समानता पर जोर देता है, बिना किसी भेदभाव के; फिर भी अनुच्छेद 25 से 30 अल्पसंख्यकों को विशेष विशेषाधिकार प्रदान करते हैं। इस प्रकार बहुसंख्यक धर्म और अल्पसंख्यक धर्मों के बीच भेदभाव होता है। संविधान स्वयं अपने लेखों के उल्लंघन की अनुमति देता है; यह मुसलमानों को अपने शरीयत (व्यक्तिगत कानून) का अभ्यास करने की अनुमति देने पर ही नहीं रुकता है, बल्कि यह भी निर्धारित करता है कि मुस्लिम पुरुषों और मुस्लिम महिलाओं को क्या अनुमति है। पूर्व में एक समय में चार पति-पत्नी हो सकते हैं लेकिन बाद वाले को केवल एक पति की अनुमति है। क्यों? तत्कालीन हज सब्सिडी पर खर्च किए गए सैकड़ों करोड़ रुपये के बारे में सोचें। विडंबना यह है कि मुस्लिम नेतृत्व खुद ऐसा नहीं चाहता था क्योंकि इसका वितरण प्रभाव का एक शक्तिशाली लीवर था। जब यह हुआ तो किसी ने इसके उन्मूलन का विरोध नहीं किया। कुरान दूसरों के पैसे से हज को प्रोत्साहित नहीं करता है, क्योंकि यह अब पवित्र नहीं है।

धर्मनिरपेक्षता एक यूरोपीय अवधारणा है। 1789 में फ्रांसीसी क्रांति तक, फ्रांसीसी नेशनल असेंबली के तीन सदन थे- लॉर्ड्स, कॉमन्स और बिशप और अन्य पादरी। रोमन कैथोलिक चर्च का देश के संचालन पर काफी प्रभाव था। साथ ही, ईसाई धर्म ने सम्राट को तब तक शासन करने की विचारधारा प्रदान की जब तक कि राष्ट्रवाद सामने नहीं आया। यही कारण है कि उदारवादियों ने राज्य को चर्च से अलग करने के लिए दबाव डाला और प्रयास किया।

भारत में, चर्च ने राज्य के संचालन को प्रभावित नहीं किया, जो किसी भी मामले में, 1947 तक ब्रिटेन की नागरिक सरकार द्वारा शासित था। बाइबिल का पुराना नियम यह स्पष्ट करता है कि ईश्वर का है जो उसका है और सीज़र का है, जो सांसारिक है शासक, उसका सही क्या है। धर्मनिरपेक्षता या चर्च को राज्य से अलग करना इसलिए ईसाई धर्म की एक दृढ़ और प्राचीन नींव पर खड़ा है।

भारत में, कई धर्म हैं और प्रत्येक के अपने नुस्खे थे। ईसाई धर्म ने कभी भी एक बड़े निर्वाचन क्षेत्र की कमान नहीं संभाली। इस्लाम

राज्य की प्रकृति सहित, कैसे जीना है, इसका एक व्यापक नुस्खा है। क़ैद-ए-आज़म एमए जिन्ना ने घोषणा की कि इस्लाम और हिंदू धर्म इतने अलग हैं कि वे एक देश में एक साथ नहीं रह सकते। वे दो अलग-अलग राष्ट्र हैं और इसलिए उन्हें अलग होना है। यह 1947 में आबादी के आदान-प्रदान के बिना हुआ, जिसने मुस्लिम लीग के अधिकांश सदस्यों को निराश किया। पाकिस्तान को मुसलमानों की मातृभूमि बनना था; अलीगढ़ के कुलीन वर्ग तो अपनी नई मातृभूमि को %न्यू मदीना% कहने की हद तक चले गए। 1924 में तुर्की के मुस्तफा कमाल अतातुर्क द्वारा खलीफा को समाप्त करने और खलीफा को निर्वासित करने के बाद, पाकिस्तान ने खलीफा पैदा करने का सपना देखा। भारत में मुसलमानों ने खलीफा को बहाल करने के लिए अंग्रेजों पर दबाव बनाने के लिए खिलाफत समिति का गठन किया। गांधी इस समिति के अध्यक्ष भी बने, हालांकि जिन्ना ने इसे त्याग दिया। जनसंख्या के आदान-प्रदान के प्रस्ताव के तहत, भारत में अधिकांश मुसलमानों को पाकिस्तान में प्रवास करना था, जबकि गैर-मुसलमानों को भारत में प्रवास करना था। इस तरह के विचार को संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्ववर्ती राष्ट्र संघ द्वारा लागू किया गया था। 1923 में, तुर्की में ईसाइयों को ग्रीस ले जाया गया, जबकि ग्रीस में रहने वाले मुसलमानों को तुर्की में पार करना था। इस योजना को लगन से और बिना रक्तपात के क्रियान्वित किया गया था। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने इंडिया डिवाइडेड लिखा, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया कि जो मुसलमान हिल नहीं सकते वे भारत सरकार द्वारा जारी वीजा के साथ भारत में वापस रह सकते हैं। जिन्ना ने इस प्रस्ताव का तुरंत समर्थन किया था, लेकिन अजीब तरह से गांधी ने यह प्रचार किया कि विभाजन एक 'क्षेत्रीय' विभाजन था, न कि धार्मिक। उन्होंने 29 जनवरी, 1948 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और राजकुमारी अमृत कौर को इसकी पुनरावृत्ति की।

मुद्दा यह है कि 1945-46 के चुनावों में अधिकांश मुसलमानों ने लीग को वोट दिया था। विशेष रूप से जिन्ना के नेतृत्व वाली पार्टी का एक-बिंदु घोषणापत्र था - पाकिस्तान। 14 और 15 अगस्त, 1947 को, जब पाकिस्तान और हिंदुस्तान अलग हो गए थे, संप्रभुता और इस्लामी झंडा भविष्य के इस्लामाबाद के रास्ते कराची में स्थानांतरित हो गया था। ईसाई, पारसियों और यहूदियों जैसे अन्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों के संबंध में, भारत को कोई समस्या नहीं है। ईसाई गतिविधियां कभी-कभी गरीब हिंदुओं के धर्मांतरण के मुद्दे पर तनाव पैदा करती हैं, लेकिन यह समय-समय पर होती है। बौद्धों और सिखों को धार्मिक आधार पर कोई शिकायत नहीं है।

हिंदू धर्म एक धर्म से बढ़कर एक आस्था है। यह अपेक्षा करता है कि हिंदू अपनी प्रतिक्रियाओं के साथ कर्म का पालन करें, समान और विपरीत। यह मूल विश्वास भौतिकी के जितना करीब हो सके उतना करीब है। यहां तक ??कि भगवान भी, चाहे वे कहीं भी हों, किसी व्यक्ति के भाग्य या भाग्य का फैसला करने में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। माना जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्म उसके अपेक्षित धर्म के पैमाने पर निर्धारित होता है।

एक पुजारी का कर्तव्य सिपाही से भिन्न होता है, धोबी से रसोइया, प्रजा से राजा आदि। हर दूसरे विचार को व्यक्ति के विवेक पर छोड़ दिया जाता है। वास्तव में, ऐसे हिंदू हैं जो अज्ञेयवादी हैं और यहां तक ??कि नास्तिक भी। कर्म प्रत्येक व्यक्ति के अनुसार होता है और हिंदू ज्यादातर एक विपत्तिपूर्ण उत्तेजना के तहत ही एकजुट होते हैं। हिंदू धर्म का राज्य चलाने से कोई वास्तविक संबंध नहीं है- इस प्रकार, हिंदू धर्म सहिष्णुता का प्रतीक है। विभाजन के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता पर चर्चा परिधीय और ज्यादातर अनावश्यक होनी चाहिए।

आप की बात

होता यही है हमेशा!

जब भी कहीं भी किसी भी श्रेणी के चुनाव की शुरुआत होती है हमेशा ही वहां ना केवल अवैध हथियारों की खेप पकड़ने लगती है बल्कि अवैध शराब भी काफी मात्रा में बरामद होती रहती है। पिछले दिनों मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव की घोषणा हुई है अत: यहां भी अवैध शराब एवं फिर अब अवैध हथियारों का जखीरा बरामद होने लगा है अक्सर ही देखा जाता है कि इन दोनों ही वस्तुओं का चुनावी राजनीति में जमकर उपयोग होता है तब यह सब देखकर यही महसूस होता है कि आज चुनावी राजनीति में कितना अधिक परिवर्तन हो गया है एवं जो चुनाव पहले सादगी और इमानदारी से संपन्न हो जाते थे वहीं आजकल इन चुनावों में साम-दाम-दंड-भेद की नीतियां अपनाकर उम्मीदवार इसे काफी अधिक बदल चुके हैं एक जमाना था जब चुनाव की राजनीति में आदर्श, ईमानदारी, निष्ठा सरल व्यवहार आदि का काफी उपयोग होता था। चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति की छवि इतनी अधिक ईमानदार और लोकप्रिय होती थी कि वह अपने सद व्यवहार और इमानदारी के कारण ही जीत जाता था परंतु आजकल ऐसे व्यक्ति बेहद कम चुनाव लड़ते हैं। एवं तिकड़म बाज हर कार्य में होशियार ,दादागिरी में आगे चाणक्य नीति में ही अधिक चुनाव लड़ते हैं।

- **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

अहंकारी सत्ता

क्या बीजेपी अहंकारी हो गयी है? इसका उत्तर होगा 'हां' ऐसा होना स्वाभाविक है। क्योंकि देश की जनता ने उन्हें भारी बहुमत दिया है। दो सीट से 330 पर पहुंचाया है। ऐसे में उनका स्वभाव उग्र होना। अपने बात पर अड़े रहना। उनका स्वभाव एवं आदत में सुमार होता जा रहा है। जब इंसान अहंकारी हो जाता है तो उसे लगता है उसने जो किया जो कहा वही सत्य है। अब किसानो के आंदोलन को इन लोगों से अदना से धरना प्रदर्शन मान लिया था। मगर देखिये अंततोगत्वा सरकार को इनके आगे घुटने टेकने पड़े। ऐसा ही भूल ये एक बार फिर लखीमपुर खीरी मामले में कर रही है। मंत्री अजय मिश्रा को लेकर। इन्हे मंत्रिपद से हटाने की मांग को अनसुना करके ठीक वही गलती दोहरा रही है जो उसने विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के समय किया था। जबकि तमाम वीडियो फुटेज आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है की, किसानों को जानबूझकर कुचला गया था। बाजपेयी जी की बीजेपी होती तो वो समझ जाती के कांग्रेस को भी चार सौ से ज्यादा सीटें आयीं थी। मगर आज उसका क्या हश्र हुआ है? शायर राहत इंदौरी ने क्या सही फ़रमाया था 'जो आज साहिब-इ-मसनद हैं कल नहीं होंगे, किराएदार हैं जाती मकान थोड़ी है।'

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

अबकी बार किसकी सरकार

यूपी की सियासत हमेशा से नए अध्याय रूप में सामने आती है। जहां एक ओर स्वयं पीएम मोदी और अन्य कैबिनेट मंत्री यूपी चुनाव में ताकत झोंक रहे, वही दूसरी ओर सपा के अखिलेश समेत अन्य सहयोगी दल के लोग भी कोई कमी नहीं छोड़ रहे। आरोप प्रत्यारोप के बीच, बुआ, बबुआ और बाबा का खेल जारी है। सब के बीच, कांग्रेस के राहुल और प्रियंका भी अलग बयार चला रहे हैं। चुनाव में अक्सर देखा गया है कि बेरोज़गारी की महामारी, अर्थव्यवस्था की लाचारी और महंगाई से हाहाकारी मुख्य मुद्दा नहीं होता, बल्कि जातिवाद और धर्म केंद्र में होता है। कोई, हिन्दू और हिन्दुत्व की बात कर रहा, कोई योगी और योग्य की बात कर रहा और कोई बुलडोजर और उपयोगी की बात कर रहा है। गौरतलब है कि भाजपा भी केजरीवाल के फ्री स्कीम, राशन के रूप में आम जनता को दे रहीं। ज़रूरत है सभी पार्टियों और सरकार के संकल्प पत्र और जमीनी स्तर पर उसके अनुपात में किए गए कार्यों को देखकर ही यह तय किया जाना चाहिए कि किसकी सरकार बननी चाहिए।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली विवि

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

फरमाया

महिलाओं को अपनी प्राथमिकताएं तय करने, अपना जीवन खुद बनाने और सभी शोषण के खिलाफ लड़ने में सक्षम होना चाहिए।

- **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

इजराइल राज्य उन आबादी का टीकाकरण करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयास में शामिल हो गया है जिनके पास टीकों तक पहुंच नहीं है।

- **इजराइल के विदेश मंत्री**
याइर लापिद

आप महाराष्ट्र में सीबीआई, ईडी और एनसीबी के साथ चल रहे हैं। हम चुनौती देते हैं पहले उन्हें दूर करें फिर हमसे लड़ें।

- **संजय राउत**
शिवसेना नेता

महिला सशक्तीकरण में भाजपा विपक्षी दलों से कोसों आगे

शीतकालीन सत्र के दौरान सीएम योगी ने प्रदेश में महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर सरकार के कार्यों का उल्लेख जब सदन में किया तो विपक्ष की बोलती बंद हो गई

पायनियर समाचारर सेवा। लखनऊ

केंद्र और प्रदेश की बीजेपी सरकारें जहां महिलाओं को नौकरी, रोजगार, आवास, रसोई गैस और शौचालय उपलब्ध करा रही हैं। वहीं विपक्षी दल सिर्फसत्ता में आने के लिए चुनावी वादे कर रहे हैं

बीजेपी, कांग्रेस, बसपा तीनों दलों में महिलाओं के सशक्तीकरण एवं स्वावलंबन को लेकर इन तीनों की सोच में बहुत फर्क है। केंद्र और प्रदेश की बीजेपी सरकारें जहां महिला सशक्तीकरण को लेकर जहां महिलाओं को नौकरी, रोजगार, आवास, रसोई गैस और शौचालय उपलब्ध करा रही हैं। वहीं कांग्रेस, बीएसपी तथा अन्य विपक्षी दल सिर्फ सत्ता में आने पर स्कूटी देने और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ावा देने तथा महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म करने सरीखे चुनावी वादे कर रहे हैं। सपने दिखा रहें हैं। ऐसे वादो के चलते ही राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर शुरू हुई सियासी चर्चाओं में अब महिला सशक्तीकरण एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। बीजेपी का कहना है कि महिला सशक्तीकरण को लेकर किस राजनीतिक दल ने क्या किया है? इस पर अब जनता के बीच गंभीर चर्चा हो रही है। वैसे भी हर चुनावों में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। आगामी चुनावों में भी हर राजनीतिक दल महिला मतदाताओं को कैसे लुभाया जाए, इस महत्वपूर्ण प्रश्न का जवाब खोजने में जुटा है। कांग्रेस, सपा और बसपा के लिए यह काफी कठिन सवाल है, क्योंकि केंद्र और राज्य की सरकार ने महिलाओं के लिए जो घोषणाएं की, उनमें से तमाम योजनाओं को पूरा कर इन विपक्षी दलों को बैकफुट पर ला दिया है। यही वजह है कि जब बीते 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर सरकार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख जब सदन में किया तो विपक्ष की बोलती बंद हो गई। महिला सशक्तीकरण को लेकर राज्य में क्या-क्या फैसले लिए गए? किस तरह से अभियान चलाकर लव जिहाद को खत्म किया गया और महिलाओं को नौकरी तथा रोजगार मुहैया कराए गए, इसे लेकर लोग अपनी अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस संबंध में अपना विचार सदन को बता चुके हैं। गत 16 दिसंबर को मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री ने सदन में कहा था कि आंकड़े झूठ नहीं बोलते। पिछली और मौजूदा सरकार में क्या फर्क है अब यह भी आईने की तरह साफ हो गया। अब सरकार महिलाओं को उनका हक दिलवा रही है।

मुख्यमंत्री ने सदन में बताया कि प्रदेश सरकार ने स्नातक तक बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा देने के साथ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत क्रमश: 10 लाख और 1.80 करोड़ बालिकाओं को लाभांवित किया गया। नौकरियों में भी सरकार ने महिलाओं को प्राथमिकता दी। इस क्रम में 01 लाख से अधिक महिलाओं को सरकारी नौकरी में लिया गया। साथ ही लगभग 56 हजार बैंकिंग करेस्पोंडेन्स सखियों की नियुक्ति की गयी। निराश्रित महिला पेंशन 2012-17 में 17 लाख 31 हजार को 300 रुपए प्रति माह पेंशन दी जा रही थी, वर्तमान में 30 लाख 34 हजार निराश्रित महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। आयु सीमा की बाध्यता समाप्त की गयी। वर्तमान में निराश्रित महिलाओं को 500 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर रुपए 1000 प्रति माह की गई है। इसके अतिरिक्त महिलाओं एवं बालिकाओं के सर्वांगीण विकास एवं कल्याण के लिये मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना, महिला सामर्थ्य योजना, किशोरी बालिका योजना, शबरी संकल्प अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा प्रधानमंत्री मात्र वन्दना योजना जैसी योजनायें संचालित हैं। महिलाओं के स्वावलम्बन, सम्मान और सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति योजना शुरू की गई है। प्रदेश में दो करोड़ 94 लाख से अधिक शौचालय निर्मित किए गए हैं और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में गरीब महिलाओं को 1 करोड़ 67 लाख नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए हैं। पौने पांच वर्षों में सरकार द्वारा प्रदेश में महिला सशक्तीकरण को लेकर किए गए ऐसे प्रयासों की अब शहर तथा गांवों में चर्चा हो रही है। कहा जा रहा कि प्रदेश सरकार ने जो कहा था वह किया है। जबकि विपक्षी दल अभी भी महिला सशक्तीकरण को लेकर हवा हवाई वादे कर रहे हैं। ऐसे वादे करने में कांग्रेस सबसे आगे है। हालांकि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सबसे कमजोर राष्ट्रीय दल है। इस पार्टी का संगठन बेहद ही जर्जर अवस्था में है।

केजीएमयू का दीक्षान्त समारोह आठ जनवरी को

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का दीक्षान्त समारोह इस बार 8 जनवरी को मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे या नहीं अभी इस पर असमंजस है। फिलहाल विवि पीएम के आगमन को लेकर आशान्वित है। जबकि समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। पूर्व में यह समारोह 17 दिसम्बर को प्रस्तावित था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया था। समारोह के एक दिन बाद स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस बार 42 मेधावियों को गोल्ड, ब्रांज और सिल्वर मेडल दिया जाएगा। इसमें 24 छात्राएं और 18 छात्र शामिल है। वही स्थापना दिवस समारोह में 57 छात्र छात्राओं को 90 मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसमें भी 38 छात्राएं व 19 छात्रों को मेडल दिए जाएंगे। दोनों समारोह में 154 मेडल व पुरस्कार मेधावियों को मिलेंगे। कुलपति डॉ बिपिन पुरी ने बताया कि केजीएमयू के सबसे प्रतिष्ठित चांसलर, हीवेट और यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल पर एमबीबीएस छात्र अहमद उजैर ने कब्जा जमाया है। लंबे अर्से बाद तीनों मेडल पर एक मेधावी ने कब्जा जमाया है। उजैर को दीक्षांत समारोह में सबसे ज्यादा 13 गोल्ड मिलेंगे। एक बुक प्राइज व सिल्वर मेडल भी मिलेगा। कुलपति ने बताया कि एमबीबीएस छात्र शिवम सिंह को चार गोल्ड और एक सिल्वर मेडल प्रदान किया जाएगा। एमबीबीएस छात्रा आकांक्षा सिंह को एक गोल्ड मेडल मिलेगा। स्थापना दिवस समारोह में हाईकोर्ट के जस्टिस रमेश सिन्हा होंगे। डीन मेडिकल डॉ उमा सिंह के मुताबिक इस साल दो नए मेडल शुरू किए गए हैं। पीडियाट्रिक विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ जीके मलिक के नाम पर गोल्ड मेडल शुरू किया गया है। नियोनेटल में लिखित पेपर में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले छात्र को मेडल प्रदान किया जा रहा है। जबकि फार्माकोलॉजी विभाग में डॉ बीएन धवन की याद में गोल्ड मेडल शुरू किया गया है।

कार्यकर्ताओं को दिया चुनावी मंत्र, भाजपा-आरएसएस पर बोला हमला

प्रियंका ने यूपी में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया: कमलनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश मुख्यालय में आगामी चुनाव के दृष्टिगत प्रदेश के सांगठनिक पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चुनाव में जीत का मंत्र दिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 16 दिसम्बर को हम विजय दिवस मनाते हैं लेकिन इस अवसर के लिए कांग्रेस के नेताओं ने कुर्बानियां दी। आरएसएस के किसी भी नेता ने कोई कुर्बानी नहीं दी। आज हम अपने घरों में सुरक्षित बैठें हैं तो यह कांग्रेस पार्टी की ही देन है। यह पं. नेहरू सहित कांग्रेस के नेताओं के संघर्षों का ही परिणाम है।

कमलनाथ ने कहा कि आज किसानों, नौजवानों के सामने बड़ी चुनौतियां हैं किन्तु सबसे बड़ी चुनौती है देश की संस्कृति की रक्षा करने की। उस संस्कृति की रक्षा करना है, जो हमको एक दूसरे से जोड़ती है। आज उस संस्कृति पर आक्रमण हो रहा है। हमें एक झण्डे के नीचे खड़े होना है और उस संस्कृति को बचाना है। उन्होंने कहा कि हमनें अपनी राजनीति उप्र से शुरू की थी। तब भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था। 1980 में भाजपा का जन्म हुआ। तब इनके पास बूथ पर एक आदमी भी नहीं था। आज उत्तर प्रदेश में कांग्रेस प्रियंका गांधी के नेतृत्व में खड़ी हो गयी है। उन्होंने कहा कि आज राजनीति स्थानीय हो गई है। स्थानीय नेताओं से संगठन मजबूत होता है। हमें स्थानीय संगठन पर जोर देना है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नवनिर्माण एवं कांग्रेस सरकार की पुर्नवापसी की चुनौती स्वीकार की है। प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया है। लोगों में उत्साह पैदा किया है। महिलाओं में जोश और शक्ति पैदा की है। आप सब की जिम्मेदारी है कि एक बूथ बीस यूथ का गठन करें। उन्होंने यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं सेवादल का भी आवाहन करते हुए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए अपनी पूर्ण क्षमता के साथ जुटने का मंत्र दिया। पार्टी की सदस्यता अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गांव गांव एवं शहरों की गली गली में सदस्यता अभियान चलाना चाहिए।

विभिन्न दलों के नेता व समाजसेवी भाजपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में आज विभिन्न दलों के नेताओं, समाजसेवियों ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व ज्वाइनिंग कमिटी के अध्यक्ष डा लक्ष्मीकान्त बाजपेई और प्रदेश उपाध्यक्ष दया शंकर सिंह की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश मुख्यालय में आज कानपुर से बसपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी व समाजसेवी अनुभव चक, सुल्तानपुर से डा कुँवर बहादुर सिंह सुल्तानपुर, ब्लाक प्रमुख लम्भुआ, मेरठ से आरती अग्रवाल उर्फ पारूल सपा, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी महिला सभा, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, मेरठ से वरिष्ठ पत्रकार नीरज कांत गुप्ता राही, सीतापुर से राम किशोर वर्मा, अध्यक्ष सरदार पटेल बौद्धि विचार समिति लखनऊ, लखनऊ से आम आदमी पार्टी से विजय कुमार सिंह, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रगतिशील समाजवादी पार्टी, लखनऊ से सुचेता राज सिंह पत्नी राजवर्धन सिंह लोकसभा प्रत्याशी 2019 नैतिक पार्टी, राष्ट्रीय महासचिव महिला लोक जनशक्ति पार्टी लखनऊ से गणेश बिहारी द्विवेदी लोजपा, लखनऊ से अवधेश सिंह अभिनेता, लखनऊ से श्रवण सिकन्दर गुप्ता महासचिव सुभासपा, लखीमपुर से कांग्रेस प्रदेश संयोजक श्रमप्रकोष्ठ केके दीक्षित को लक्ष्मीकान्त बाजपेयी जी ने पटका पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। लक्ष्मी कांत बाजपेयी ने कहा कि आज कुछ संस्थाएँ भी भाजपा के 2022 चुनाव अभियान के समर्थन की घोषणा कर रही है। जिसमें अरूणकुमार शुक्ल राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल जन शक्ति उद्योग व्यापार मण्डल, अभिषेक शुक्ला एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष अटल भारतीय हिन्दू फाउंडेशन शामिल है।

उन्होंने कहा कि पार्टी को यश और मजबूत करने के लिए जो लोग पार्टी में आज शामिल हुए है यह अपने-अपने जनपदों में पार्टी को बल देने का कार्य करेंगे और पार्टी को 2022 के विधानसभा चुनाव अभियान में विजय दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इसी आशा और विश्वास के साथ सभी को भारतीय जनता पार्टी के परिवार में स्वीकार किया जा रहा है।

कांग्रेस जनवरी में कानपुर में आयोजित करेगी दलित महासम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रसाद के साथ चारों जोन के कार्यकारी अध्यक्ष कमल किशोर कमांडो, राम सजीवन निर्मलए तनुज पुनिया एवं योगी यादव भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदीप नरवाल ने जनवरी माह के द्वितीय सप्ताह में दलित महासम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव प्रस्तावित किया जो कानपुर में आयोजित किया जाएगा और उसमें राहुल गांधी, महासचिव उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी और पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रसाद ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा दलित आज सभी दलों से रिमूव कर दिया गया सभी दल दलितों को अपने साथ तो रखना चाहते हैं मगर उनके विकास को उनके सम्मान को उनके स्वाभिमान की बात नहीं करना चाहते। कांग्रेस पार्टी ही ऐसी है जिसने मुख्यधारा में दलितों को जोड़ने का काम किया और उनके लिए सारे सुविधाएं उपलब्ध कराई आज दलित कांग्रेस की ओर मुंह करके देख रहा है इसी वजह से दलितों के लिए जो हमने दलित संविधान सभा कराई उसमें सारे दलित जोड़ करके हमारे साथ हैं। सम्मेलन दलितों के लिए किया जा रहा है जिसमें भारी मात्रा में दलितों के सम्मिलित होने की संभावना है। चारों कार्यकारी अध्यक्षों के द्वारा दलित सम्मेलन भी कराए जाने हैं यह भी प्रस्तावित है।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को भेजे गए पत्र में मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधान सभा चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराये जाएं।

समाजवादी पार्टी ने अपने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 21 दिसम्बर 2021 को प्रयागराज में सम्पन्न हुई जनसभा में जबरन भीड़ जुटाने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की हजारों बसों से लोगों को सभा स्थल तक पहुंचाया गया। इसके पहले भी प्रदेश के विभिन्न जनपदों में ब्लाक स्तर पर परिवहन निगम की बसों को लगा दिया गया तथा लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री की सभा में जबरन भीड़ एकत्रित करने के लिए प्रदेश भाजपा सरकार ने सरकारी खजाने से गरीब जनता के करोड़ों रुपयों का दुरुपयोग किया है। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश से भाजपा के सांसद हैं और आगामी विधान सभा निर्वाचन 2022 निकट है, प्रधानमंत्री भाजपा के चुनाव की तैयारी के लिए लगातार उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम कर रहे हैं और प्रदेश के मुख्यमंत्री सरकारी तंत्र और धन का दुरूपयोग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार चुनाव प्रभावित करने के लिए षडयंत्र रच रही है। उसके मंत्री, विधायक, नेता, कार्यकर्ता निर्वाचन आयोग की धज्जियां उड़ा रहे है।

बीबीएयू के प्रो. मनीष वर्मा इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी के सचिव बने

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रोफ़ेसर मनीष कुमार वर्मा का चुनाव आगामी दो वर्षों 2022-23 के लिए इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी के सचिव पद पर हुआ है। इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी के सचिव पद पर प्रोफ़ेसर मनीष कुमार वर्मा के चुनाव पर समाजशास्त्र विभाग के शिक्षको ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. जया श्रीवास्तव ने बताया कि अम्बेडकर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि विभाग के पास यह उपलब्धि उसकी स्थापना के 13 वर्षों में आई है। वही एपीसेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कालेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अंशु केडिया सदस्य निर्वाचित हुई हैं।

डांसर सपना चौधरी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने डांस का प्रोग्राम कैंसिल करने व टिकट धारकों का पैसा भी वापस नहीं करने के एक आपराधिक मामले में मशहूर डांसर सपना चौधरी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। विशेष अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिमा सपना के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। विचारण अदालत इस पर संज्ञान ले चुकी है। मामला गंभीर है। वह विचारण अदालत में हाजिर नहीं हुई। उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए विचारण अदालत से उनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी है। ऐसी स्थिति में अग्रिम जमानत का उचित आधार नहीं है। सरकारी वकील नवीन त्रिपाठी ने इस अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि डांस प्रोग्राम के मद्देनजर जनता से बड़ी धनराशि एकत्रित की गई है। लिहाजा अर्जी निरस्त की जाए।

बताते चलें कि 14 अक्टूबर 2018 को इस मामले की एफआईआर एसआई फिरोज खान ने थाना आशियाना में दर्ज कराई थी। जिसमें इस कार्यक्रम के आयोजक जुनैद अहमद, नवीन शर्मा, पहल इंस्टीट्यूट के इवाद अली, अमित पांडेय व रत्नाकर उपाध्याय के साथ ही सपना चौधरी को भी नामजद किया गया था। 13 अक्टूबर, 2018 को स्मृति उपवन में दोपहर तीन बजे से रात्रि 10 बजे तक सपना समेत अन्य कलाकारों का प्रोग्राम था। जिसके लिए प्रति व्यक्ति तीन सौ रुपए में ऑनलाइन व ऑफलाइन टिकट बेचा गया था। इस प्रोग्राम को देखने के लिए हजारों टिकट धारक मौजूद थे। लेकिन रात्रि 10 बजे तक सपना चौधरी नहीं आईं तो उन्होंने हगांमा कर दिया। इसके बाद टिकट धारकों का पैसा भी वापस नहीं किया गया।

20 जनवरी 2019 को इस मामले में मुल्जिम जुनैद अहमद, इवाद अली, अमित पांडेय व रत्नाकर उपाध्याय के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 व 420 में आरोप पत्र दाखिल हुआ था। इसके बाद 27 जुलाई 2019 को सपना चौधरी के खिलाफ भी इन्हीं धाराओं में आरोप पत्र दाखिल हुआ।

दुराचार के प्रयास में सात साल की सजा

लखनऊ (विसं)। पॉक्सो के विशेष जज अरविन्द मिश्र ने 12 साल की लड़की से दुराचार का प्रयास करने के एक आपराधिक मामले में मुल्जिम रामबाबू उर्फ बबलू यादव को सात साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 20 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 26 जून 2013 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना इंटौजा में दर्ज कराई थी। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक उपाध्याय व सुखेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक पीड़िता साइकिल से अपने घर जा रही थी। रास्ते में मुल्जिम ने उसे रोक लिया और जंगल में बुरी नियत से ले गया। पीड़िता ने शोर मचा दिया तो छोड़कर भाग गया।

समय से खा लें दवाई नहीं होगा फायलेरिया

● 19 जिलों का राज्यस्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

फायलेरिया की दवा समय से खा लें। भविष्य में इस बीमारी के होने की आशंका लगभग शून्य हो जाएगी। फायलेरिया से जान नहीं जाती है लेकिन इस बीमारी हो जाने पर जीवन कष्टप्रद हो जाता है। यह कहना है मलेरिया एवं वेक्टर बोर्न डिजीज के अपर निदेशक डॉक्टर वीपी सिंह का। डॉ सिंह मंगलवार को फायलेरिया अभियान के राज्यस्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे।

प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) सत्र को संबोधित करते हुए अपर निदेशक डॉ सिंह ने कहा कि फायलेरिया उन्मूलन के लिए जल्द ही केवल 7 जनपदों में नाइट ब्लड सर्वेक्षण होगा, बाकी 12 जिलों में नाइट ब्लड सर्वे हो चुका है। प्रदेश के 17 जिलों में गोंडा, गोरखपुर, रायबरेली, कुशीनगर, संतकबीर नगर, औरैया, बस्ती, कन्नौज, देवरिया, बहराइच, सिद्धार्थनगर, इटावा, कौशांबी, गाजीपुर, सुलतानपुर, श्रावस्ती, महराजगंज, बलरामपुर और फर्रुखाबाद जनपद में एमडीए चलेगा साथ ही साथ दो जिले रायबरेली और कौशांबी आईडीए राउंड चलेगा। उन्होंने अभियान की योजना, गतिविधि व उपलब्धता का आंकड़ा पेश किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयं सेवी संस्था पाथ के सहयोग आयोजित हुआ। इस मौके पर डब्ल्यूएचओ के डॉ तनुज शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी। उन्होंने जनपदों में होने वाले माइक्रो प्लानिंग पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पाथ संस्था के डॉ शोएब अनवर ने जनपदों में फायलेरिया बीमारी को जांचने के लिए होने वाले नाइट ब्लड सर्वेक्षण पर प्रकाश डाला।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण नितिन रमेश गोकर्ण को दूसरी बार मिला प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सिविल निर्माण कार्यों मे विशिष्ट और उल्लेखनीय योगदान के लिए नितिन रमेश गोकर्ण प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को 77वां स्कॉच पब्लिक सर्विस अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया है। पिछले दिनों वर्ड हैबिटेड सेन्टर नई दिल्ली में आयोजित स्काच समिट में यह अवार्ड प्रदान किया गया।

देश में अधिक जनसंख्या वाले उत्तर प्रदेश में रोड नेटवर्क को फैलाने मे अपने बेहतर प्रयासों व प्रबंधन व लोक निर्माण विभाग में ई-सेवाओं को प्रभावी ढंग लागू कर लोक निर्माण विभाग को नई पहचान दिलाने में श्री गोकर्ण द्वारा उत्कृष्ट व उल्लेखनीय प्रयास किये गये हैं। स्कॉच अवार्ड की गिनती देश के प्रतिष्ठित गैर सरकारी अवार्ड के रूप में की जाती है, जो विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय सेवाओं हेतु सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं तथा व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी प्रतिष्ठित 67वां स्कॉच अवार्ड कोविड 19 महामारी के दौरान किये गये विशिष्ट कार्यो और उल्लेखनीय मानवसेवा हेतु नितिन रमेश गोकर्ण को स्कॉच अवार्ड गोल्ड प्रदान किया गया था। कोविड 19 महामारी के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपथ स्थित सचिवालय परिसर में प्रदेश का सबसे बड़ा कन्ट्रोल रूम संचालित किया गया जिसमें महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश राज्य के असहाय प्रवासी जनमानस को सर्वप्रथम लॉकडाउन अवधि में उनके रूकने के स्थानों पर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से जिन मूलभूत सुविधाओं की उन्हें आवश्यकता थी, उनको पूर्ण निष्ठा से पूरा किया गया था कोविड 19 महामारी के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में आम जनमानस की आवश्यकताओं के अनुरूप उन्हें पका हुआ शुद्ध भोजन व पानी तथा सूखा राशन जरूरतमंद को उनके घर घर तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

गत वर्ष कोविड 19 महामारी के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा पूरे प्रदेश के रूके हुए कार्यो को कोविड 19 की गाइड लाइन का पालन करते हुए प्रारम्भ कराया गया तथा जरूरतमंद आम जनमानस को रोजगार प्रदान कर उनके जीवन यापन में उल्लेखनीय सहयोग किया गया था जिसके लिए स्काई एवार्ड से सम्मानित किया गया था।

लखनऊ में अटल स्वास्थ्य मेला 23 व 24 दिसंबर को

लखनऊ। जनपदवासियों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में 23 व 24 दिसंबर को डीएवी कॉलेज ऐशबाग के प्रांगण में अटल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जायेगा। मंगलवार को यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा मनोज कुमार अग्रवाल ने दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यह स्वास्थ्य मेला सरकारी व निजी अस्पतालों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। मेले के माध्यम से लोगों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ ही उनके स्वास्थ्य की जांच कर इलाज भी किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर उन्हें रेफर भी किया जाएगा। स्वास्थ्य मेले में मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन से सम्बंधित परामर्शए दाँतों की जांच, कान, नाक व गले की जांच, त्वचा सम्बंधी रोगों की जांच, मलेरिया, टीबी, कुष्ठ रोग तथा अन्य बीमारियों की जांच की जायेगी।

राज्यपाल ने 11 विभूतियों को किया बृज रत्न अवार्ड से सम्मानित

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को आगरा में इन्क्रैडिबल इण्डिया फाउण्डेशन द्वारा आयोजित बृज रत्न अवार्ड 2020 समारोह में हास्य कवि पद्मश्री काका हाथरसी (मरणोपरांत) और सेवानिवृत्त भारतीय वायु सेनाध्यक्ष एअर चीफमार्शल आरकेएस भदौरिया सहित अन्य 9 प्रख्यात विभूतियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि ब्रज मंडल केवल धार्मिक आस्था का केन्द्र नहीं, बल्कि अनगिनत विभूतियों का जन्म भी यहां हुआ है जिन्होंने ब्रज संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन में समर्पण भाव से कार्य किया है। राज्यपाल ने कहा ब्रज की इस धरती ने प्रेम भक्ति को जन्म दिया और आध्यात्मिक चिन्तन के लिये विख्यात इस ब्रजभूमि ने अपने रसोमय चिन्तन से ने केवल देश में अपितु विश्व में भक्ति एवं ज्ञान की गंगा को प्रवाहित किया है। बृज संस्कृति वह महान संस्कृति है जो भगवान कृष्ण की सोलह कलाओं से युक्त है।

मजीठिया के खिलाफ नशीले पदार्थों संबंधी मामला दर्ज, शिअद ने राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया

भाषा। चंडीगढ़

पंजाब के पूर्व मंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ मादक पदार्थों के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है और शिअद ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उठाया गया कदम करार दिया है। मजीठिया के खिलाफ सोमवार को मोहाली में स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। शिअद ने मजीठिया के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है।

शिअद प्रमुख प्रकाश सिंह बादल ने मुक्तसर में संवाददाताओं से कहा, हमें पहले से यह पता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बादल परिवार और मजीठिया के खिलाफ मामला दर्ज कराने और उनकी गिरफ्तारी के लिए राज्य पुलिस के तीन प्रमुखों को बदला। पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे बादल ने कहा, आप जहां चाहते हैं, मुझे वहां ले चलिए, मैं तैयार हूं। इस प्रकार से प्रतिशोध लेने वाली हर सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम लोगों की सेवा करना है, न कि राजनीतिक प्रतिशोध लेने के लिए काम करना। शिअद ने कुछ दिन पहले आशंका जताई थी कि मजीठिया को किसी झूठे मामले में फंसाया जा सकता है।

कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने ट्वीट किया, बादल परिवार और कैप्टन द्वारा संचालित भ्रष्ट प्रणाली के खिलाफ साढ़े पांच साल की लड़ाई तथा मजीठिया के खिलाफ ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) एवं एसटीएफ (विशेष कार्यबल) की रिपोर्ट पर कदम न उठाकर चार साल की देरी तथा ताकत एवं प्रभाव के पदों पर विश्वनीय अधिकारियों को बैठाने का दबाव बनाए जाने के बाद अंतत: अब पहला कदम उठाया गया है।

सिद्धू ने श्रृंखलाबद्ध ट्वीट करते हुए कहा, फरवरी 2018 की एसटीएफ की रिपोर्ट के आधार पर नशीले पदार्थों के व्यापार के मुख्य आरोपी के खिलाफ पंजाब पुलिस की अपराध शाखा में प्राथमिकी दर्ज की गई। मैंने चार साल पहले इसकी मांग की थी। उन्होंने कहा कि यह उन सब ताकतवर लोगों के मुंह पर एक तमाचा है जो अभी तक सोते रहे। सिद्धू ने कहा कि नशीले पदार्थों के माफिया के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

उन्होंने कहा, जब तक नशीले पदार्थों के माफिया के मुख्य अपराधियों को कड़ा दंड नहीं दिया जाता, तब तक न्याय नहीं हो पाएगा। यह मात्र पहला कदम है। हम पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाने वाले कदमों के लिए सजा दिए जाने तक लड़ाई जारी रखेंगे। हमें ईमानदार और सच्चे लोगों को चुनना चाहिए और नशीले पदार्थों के तस्करों एवं उनके संरक्षकों से किनारा करना चाहिए। नशीले पदार्थ रोधी विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के प्रमुख हरप्रीत सिंह सिद्धू ने मादक पदार्थों की तस्करी संबंधी गिरोह के मामले में 2018 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को एक रिपोर्ट सौंपी थी।

पंजाब कांग्रेस के नेता गुरमीत सिंह सोढ़ी भाजपा में शामिल हुए

नई दिल्ली। पंजाब कांग्रेस के नेता गुरमीत सिंह सोढ़ी ने पार्टी छोड़कर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। उन्होंने कांग्रेस पर, राज्य की सुरक्षा और सामुदायिक सौहार्द को दांव पर लगाने का आरोप लगाया। राज्य विधानसभा के सदस्य सोढ़ी को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह का करीबी माना जाता है। सोढी ने कांग्रेस से इस्तीफे की जानकारी ट्विटर पर दी और पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखा पत्र भी साझा किया। सोढ़ी ने कहा, पंजाब को घुटन भरे और बेबसी के माहौल में छोड़ना मुझे स्वीकार्य नहीं। कांग्रेस पार्टी ने राज्य की सुरक्षा और सामुदायिक सौहार्द को दांव पर लगा दिया है। गहरे आक्रोश के साथ मैं सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। बाद में सोढ़ी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और भूपिंदर यादव की उपस्थिति में यहां भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

आगरा में कड़ाके की ठण्ड में ताजमहल का दीदार करते हुए पर्यटक

धामी ने कांग्रेस पर निशाना साधा

भाषा। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत जब जीवित थे तब उन्हें गली का गुंडा कहने वाली पार्टी अब चुनावी फायदे के लिए अपनी रैलियों में उनके कट आउट लगा रही है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पौडी जिले के श्रीनगर में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा, हम यह कैसे भूल सकते हैं कि देहरादून में अपनी रैली में जनरल रावत के बड़े-बड़े कट आउट लगाने वाली पार्टी ने उन्हें तब गली का गुंडा कहा था जब वह जीवित थे। पार्टी को खुद पर शर्म आनी चाहिए। हाल में पत्नी तथा 12 अन्य लोगों के साथ तमिलनाडु में एक हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए देश के प्रथम प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल रावत पौडी जिले के सैण गांव के रहने वाले थे। धामी ने कहा कि पिछले साढे चार साल गायब रहीं सभी राजनीतिक पार्टियां अब चुनावों के नजदीक आते ही लोगों से वोट पाने के लिए दिखाई देने लगी हैं। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों को राज्य के लोगों से कोई मतलब नहीं है, ए सिर्फ सत्ता के लिए वापस आई हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक युवाओं का संबंध है, ए पहले भी उन्हें गुमराह कर चुकी हैं। सत्ता में आने पर युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा करने के लिए आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए धामी ने कहा कि यह सिर्फ युवाओं को झांसा देने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा ही वादा कांग्रेस ने 2017 में किया था जब उसने सभी विधानसभा क्षेत्रों में युवाओं को जॉब गारंटी कार्ड बांटे थे लेकिन उससे कुछ हुआ नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहे लोगों को लुभाने के लिए कुछ भी कहे लेकिन लोग यह नहीं भूल सकते कि भारत विरोधी नारे लगाने वाला एक आदमी अब उसी पार्टी में है जबकि एक अन्य पार्टी नेता ने हिंदुओं की तुलना आइएसआइएस से की है। धामी परोक्ष रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की किताब सनराइज ओवर अयोध्या का संदर्भ दे रहे थे।

विशेष राज्य का दर्जा वापस लिए जाने के बाद असम में धन की कोई कमी नहीं: मंत्री

गुवाहाटी। असम की वित्त मंत्री अजंता नियोग ने मंगलवार को कहा कि विशेष राज्य का दर्जा वापस लिए जाने के बाद केंद्र से राज्य में आने वाली वित्तीय सहायता में वृद्धि हुई है। राज्य सरकार, भारत सरकार द्वारा तय किए गए मानदंडों के आधार पर और कर्ज चुकाने की क्षमता के अनुरूप विभिन्न स्रोतों से ऋण ले रही है। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में नियोग ने यह कहा। गोगोई ने सवाल उठाया था कि विशेष राज्य का दर्जा वापस होने के बाद क्या राज्य में विभिन्न विकास योजनाओं से आने वाला धन प्रभावित हो रहा है या नहीं। नियोग ने कहा, केवल नाम में बदलाव हुआ है। वास्तव में, हमें पहले के मुकाबले अधिक धन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि असम को फिर से विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि राज्य के विशेष दर्जे के मुकाबले अब अधिक पैसा आ रहा है।

अदालत ने पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर को उन्नाव पीड़िता के दुर्घटना कांड में आरोप मुक्त किया

भाषा। नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने उन्नाव बलात्कार पीड़िता से जुड़े 2019 के दुर्घटना कांड में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर एवं पांच अन्य को यह कहते हुए आरोप मुक्त कर दिया कि प्रथमदृष्टया उनके विरुद्ध आरोप नहीं बनते हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट रवींद्र कुमार पांडे ने आरोपियों --सेंगर, कोमल सिंह, अरुण सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, रिंकू सिंह और अवधेश सिंह को बरी कर दिया और कहा कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया सबूत नहीं हैं।

हालांकि अदालत ने यह कहते हुए अन्य चार आरोपियों-- आशीष कुमार पाल, विनोद मिश्रा , हरिपाल सिंह और नवीन सिंह के विरुद्ध आरोप निर्धारित करने का आदेश दिया कि उनके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य हैं। अदालत ने सोमवार को अपने आदेश में कहा कि आरोपपत्र में इस बात का कोई रिकार्ड या सबूत नहीं है कि सुनवाई पर डाले गए आरोपियों और आरोपी सेंगर ने मिलकर साजिश रची थी। अदालत ने कहा, आरोपी आशीष कुमार पाल भादंसं की धाराओं 304 -ए (लापरवाही से किसी की मौत के मुंह में डाल देना), 338 (किसी की जान या निजी सुरक्षा में खतरे में डालकर जख्म पहुंचाना), 279 (लापरवाही से वाहन चलाना) के तहत अपराधों के लिए तथा आरोपियों-विनोद मिश्रा, हरिपाल सिंह एवं नवीन सिंह को अलग से भादसं की धाराओं 506 (।।) (मौत की धमकी) तथा 34 (साझा मकसद) के तहत आरोपित करने का निर्देश दिया जाता है।

अभियोजन के अनुसार जुलाई, 2019 में एक ट्रक ने एक वाहन को टक्कर मार दी थी जिससे उन्नाव बलात्कार पीड़िता अपने चाचा एवं वकील के साथ रायबरेली जा रही थी। इस दुर्घटना में पीड़िता के चाचा की मौत हो गई जबकि बलात्कार पीड़िता एवं उसके वकील बुरी तरह घायल हो गए। अदालती आदेश में कहा गया है जब यह कथित धमकी पीड़िता या उसके परिवार के सदस्यों को दी गई तब सेंगर न्यायिक हिरासत में जेल में था। अभियोजन के अनुसार उसने पीड़िता या उसके परिवार के सदस्यों को धमकी देने के लिए अन्य आरोपियों के साथ साजिश रची, उसने खुद धमकी नहीं दी। उच्चतम न्यायालय ने एक अगस्त, 2019 को इस मामले की सुनवाई उत्तर प्रदेश से दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। इसके अलावा, 20 दिसंबर, 2019 को सेंगर को 2017 में इस नाबालिग से बलात्कार करने के अलग मामले में उसके जीवन की शेष अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई गई थी। सेंगर, उसके भाई एवं पांच अन्य को चार मार्च, 2020 को बलात्कार पीड़िता के पिता की न्यायिक हिरासत में मौत के मामले में भी दोषी ठहराया गया था और उन्हें दस साल की कैद की सजा सुनाई गई थी।

क्विक न्यूज

एक हजार किग्रा गांजा जब्त, पांच लोग गिरफ्तार

भिंड (मप्र)। पुलिस ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम से आ रहे केले से लदे एक ट्रक से मध्य प्रदेश के भिंड में करीब दो करोड़ रुपए कीमत का लगभग 1,000 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है। भिंड जिले के पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने संवाददाताओं को बताया कि सोमवार को इस ट्रक में लदे केले के नीचे यह गांजा छिपाया गया था। उन्होंने कहा कि मुखबिर की सूचना पर इस ट्रक को भिंड जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र के तिलोरी तिराहे पर रोका गया और उसमें लदे 13 टन केलों के नीचे छिपाकर रखा गया लगभग 1,000 किलोग्राम गांजा मिला, जिसकी अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपए है। इस गांजे को पुलिस ने जब्त कर लिया है। चौहान ने बताया कि विशाखापट्टनम से लाई जा रही इस खेप को मध्य प्रदेश के पूरे ग्वालियर-चंबल संभाग में बेचा जाना था। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी संदीप शर्मा एवं ट्रक चालक मुकेश शर्मा सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस कानून) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

21 लाख रुपए का मादक पदार्थ जब्त, पांच गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने एक नाइजीरियाई नागरिक और एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 21.80 लाख रुपए मूल्य का मेफेड्रोन (मादक पदार्थ) बरामद किया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कलवा डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त वेंकट अंदले ने संवाददाताओं से कहा कि गोपनीय सूचना के आधार पर ठाणे जिले के मुम्ब्रा में रविवार को छापेमारी की गई। अंदले ने कहा कि पुलिस ने मुम्ब्रा में एम एम वैली और खादी मशीन रोड पर जाल बिछाया और जब आरोपी प्रतिबंधित वस्तु बेचने के मकसद से आए तो उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस ने कुल 218 ग्राम मेफेड्रोन पाउडर बरामद किया जिसे एमडी भी कहा जाता है। तीन अन्य पुरुष आरोपी तथा एक महिला छापेमारी के दौरान भाग निकले। पकड़े गए आरोपियों पर मादक पदार्थ कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

श्रीलंका में भारतीय मछुआरों की हिरासत भारत ने चिंता जताई

नई दिल्ली। भारत ने श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा तमिलनाडु के 68 मछुआरों को हिरासत में लिए जाने पर चिंता जताई और कहा कि कोलंबो में उसके मिशन ने मछुआरों की जल्द रिहाई का मुद्दा उठाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने इन मछुआरों की जल्द रिहाई और उनकी नौकाओं को छोड़ने के मुद्दे पर श्रीलंका से बात की है। उन्होंने कहा, हम 18 से 20 दिसंबर के बीच श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा तमिलनाडु से भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिए जाने को लेकर चिंतित है। हमें मिली जानकारी के अनुसार 68 मछुआरों को हिरासत में लिया गया है और 10 नौकाएं पकड़ी गई है। उन्होंने कहा कि जाफना में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने हिरासत में लिए गए मछुआरों से मुलाकात की है और वे उन्हें सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे है। बागची ने भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिए जाने के संबंध में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही।

भाजपा विधायक कार्लोस ने चुनाव से पहले दिया इस्तीफा

पणजी। वास्को से भाजपा के विधायक कार्लोस अल्मेडा ने मंगलवार को सत्तारूढ़ पार्टी छोड़ दी और चुनाव से पहले गोवा विधानसभा के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया। वह इस्तीफा दे रहे है क्योंकि उन्हे दाजी साल्कर के नेतृत्व में निर्वाचन क्षेत्र में काम करने के लिए कहा गया था, जिनके खिलाफ उन्होंने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। तटीय राज्य में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होना है। अल्मेडा हाल के हफ्तों में पार्टी छोड़ने वाले दूसरे भाजपा विधायक और विधानसभा से इस्तीफा देने वाले सातवें विधायक है। उनसे पहले लुइज़िन्हो फ्लेरियो, रवि नाइक, एलेक्सो रेजिनाल्डो लौरेंको (सभी कांग्रेस से), जएश सालगांवकर (गोवा फॉरवर्ड पार्टी), रोहन खुंटे (निर्दलीय) और अलीना सल्दान्हा (भाजपा) ने 40 सदस्यीय सदन से इस्तीफा दे दिया था।

बिहार में मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जब्त, पांच गिरफ्तार

भागलपुर। बिहार के भागलपुर शहर में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी के दौरान लगभग 15 लाख रुपए मूल्य की 750 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई और इस सिलसिले में दो छात्रों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) शुभम आर्य ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में कॉलेज के दो छात्र पंकज साह तथा गौतम कुमार और गुलाब आलम, मोहम्मद अतहर तथा मोहम्मद तनवीर शामिल है। उन्होंने बताया कि बरामद ब्राउन शुगर की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुसार लगभग 15 लाख रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि जब्त ब्राउन शुगर की खेप पश्चिम बंगाल के दालखोला से भागलपुर लाई गई थी।

गांवों में कोरोना के प्रति जागरूक करेंगे डायट प्रशिक्षु

हरदोई। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमिक्रोन के खतरे के बीच डायट हरदोई के विद्यार्थी जिले के 30 गांवों में जाकर कोरोना जागरूकता कार्यक्रम करेंगे। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार और इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में जन संचार माध्यमों से कोरोना जागरूकता पर पांच दिवसीय कार्यशाला में 31 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अब ये प्रतिभागी गांवों में जाकर कठपुतली कला के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे।

कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने रद्दी कागज से तैयार कठपुतलियों का रंग रोगन किया और उन्हें पात्रों का रूप दिया। साथ ही नाटकों का मंचन किया। इस दौरान डायट प्राचार्य रावेंद्र सिंह बघेल ने कहाकि वर्तमान समय में कोरोना जागरूकता कार्यक्रमों की बहुत आवश्यकता है और इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रशिक्षण डायट के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मिलता तो और भी अच्छा होता। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता उमेश चंद्र ने कहाकि अभी कोरोना का खतरा टला नहीं है। ऐसे में लोक कलाओं के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम बेहद प्रभावी हो सकते हैं। विज्ञान संचारक तारिक बदर ने कहाकि विज्ञान को सरल और सहज भाषा में आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। पुतुल कला इस काम को और आसान कर देती है। पुतुल विशेषज्ञ इश्तियाक अली और राजेंद्र त्रिवेदी ने भी विचार व्यक्त किए। वहीं प्रतिभागियों ने कार्यशाला को बेहद उपयोगी बताया और कहाकि इन पांच दिनों में उन्होंने बहुत कुछ सीखा। इसी आधार पर गांवों में जाकर वे लोगों को जागरूक करेंगे।

भाजपा स्थानीय निकायों में ओबीसी कोटा बचा पाने में महाराष्ट्र सरकार की नाकामी को विस में उठाएगी: देवेंद्र फडणवीस

भाषा। मुंबई

भारतीय जनता पार्टी स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण को बचा पाने में महाराष्ट्र सरकार की नाकामी के मुद्दे को बुधवार से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाएगी। विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को यह कहा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि भाजपा आपदा प्रभावित किसानों को फसल बीमा के वितरण में गड़बड़ी के मुद्दे को भी विधानसभा में उठाएगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकायों में ओबीसी कोटा के मुद्दे पर कहा, आंकड़े एकत्र करने में महाराष्ट्र सरकार पूरी तरह से नाकाम रही। इन आंकड़ों से स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण को समर्थन मिलता। यही कारण है कि ए चुनाव (मंगलवार को) बगैर ओबीसी आरक्षण के हो रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने पिछले हफ्ते महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षित 27 प्रतिशत सीट सामान्य श्रेणी के तहत अधिसूचित करने का निर्देश दिया था।

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया था कि उसे स्थानीय निकायों में ओबीसी कोटा की अपनी मांग के समर्थन में आंकड़े जुटाने के लिए तीन महीनों का वक्त चाहिए। हालांकि, ऐसा नहीं किया गया। इसके चलते, स्थानीय निकाय चुनाव ओबीसी कोटा के बगैर हो रहे हैं। हम इस मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष विभिन्न विभागों में भर्तियों के लिए कथित परीक्षा घोटाले की सीबीआई जांच की अपनी मांग दोहराएगा।

राष्ट्र विरोधी शब्द को परिभाषित नहीं किया गया: सरकार

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने लोकसभा में कहा कि कानूनों के अंतर्गत राष्ट्र विरोधी शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन आपातकाल के दौरान सबसे पहले 1976 में संविधान में इसे शामिल किया गया और फिर एक साल बाद हटा भी दिया गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एआईएमआईएम के नेता और हैदराबाद से लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। ओवैसी ने सवाल किया था कि क्या उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से संबंधित अपराधों से निपटने के लिए कोई दिशानिर्देश तय किए हैं? राय ने कहा, कानूनों के अंतर्गत राष्ट्र विरोधी शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है। कहा कि संविधान (42वां संशोधन) अधिनयम, 1976 के तहत इसका उल्लेख किया गया था और आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 31 डी के तहत राष्ट्र विरोधी गतिविधि को परिभाषित किया गया।

आयोग ने स्थगन मांगने पर देशमुख पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया

भाषा। मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और राकांपा नेता अनिल देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे एक आयोग ने मामले की सुनवाई स्थगित करने के उनके अनुरोध को लेकर मंगलवार को उन पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया। आयोग के समक्ष जैसे ही मामला सुनवाई के लिए आया, देशमुख की कानूनी टीम के एक कनिष्ठ वकील ने स्थगन का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ वकील एक अन्य मामले में व्यस्त होने के कारण आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हो सकते। आयोग ने आखिरी मौका देते हुए मामले की सुनवाई बुधवार दोपहर 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। आयोग ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता पर 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया और राशि मुख्यमंत्री के कोविड-19 राहत कोष में जमा कराने का निर्देश दिया। आयोग ने इस महीने की शुरुआत में भी देशमुख पर सुनवाई स्थगन का अनुरोध करने के लिए 15,000 रुपए का जुर्माना लगाया था। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह द्वारा देशमुख के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए इस साल मार्च में न्यायमूर्ति केयू चांदीवाल आयोग का गठन किया था। बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे अभी एकल सदस्यीय आयोग के समक्ष गवाही दे रहे हैं।

उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के पास विस्फोटक सामग्री बरामद होने के बाद सिंह का मार्च में मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से स्थानांतरण कर दिया गया था। सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने पुलिस अधिकारियों से बार एवं रेस्तरां से हर महीने 100 करोड़ रुपए एकत्र करने को कहा था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी सिंह द्वारा देशमुख के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर रहे हैं। देशमुख ने इस साल अप्रैल में राज्य के गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था और उन्हें ईडी ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र के प्रति सहानुभूति कांग्रेस के काम नहीं आएगी: भाजपा

भाषा। शिमला

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंगलवार को यहां कहा कि दिवंगत कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के प्रति सहानुभूति हिमाचल प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के काम नहीं आएगी। ठाकुर ने मीडिया से कहा कि सहानुभूति हमेशा के लिए चुनावी जीत नहीं दिलाएगी। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंडी लोकसभा और तीन विधानसभा सीट- फतेहपुर, अर्की, जुब्बल-कोटखाई के लिए अक्टूबर में हुए उपचुनाव में अपनी हार का कारण छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के लिए मतदाताओं की सहानुभूति को बताया।

वीरभद्र सिंह का गत आठ जुलाई को कोविड-19 के बाद की जटिलताओं के कारण निधन हो गया था। उपचुनाव में भाजपा की हार के बारे में ठाकुर ने कहा कि उन चुनावों के परिणाम विशेष परिस्थितियों से प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वीरभद्र सिंह के नाम पर वोट नहीं, श्रद्धांजलि है का नारा लगाकर वोट मांगे थे। ठाकुर ने कहा, भाजपा उपचुनाव के नतीजों को (आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए) अलर्ट के रूप में देख रही है। (उपचुनाव) हार हमारी जीत का कारण बनेगी (विधानसभा चुनाव में)। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश में बारी-बारी से भाजपा और कांग्रेस को चुनने का चलन खत्म हो जाएगा तथा दिसंबर 2022 में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश में अपनी सरकार दुबारा बनाएगी।

मुख्यमंत्री ने हाल के उपचुनाव में हार के बाद अपने मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल के संबंध में सीधा जवाब देने से परहेज किया। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश में भाजपा सरकार की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर मंडी में एक राज्यस्तरीय जनसभा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी अगले साल बिलासपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन करने सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा करेंगे। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री सोमवार को अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 11,279 करोड़ रुपए के विभिन्न कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

रांची में झारखण्ड में पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की हड़ताल होने से पेट्रोल पम्प पर आराम करता हुआ कर्मचारी।

दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम

सेंसेक्स 497 अंक चढ़ा, आरआईएल, आईटी शेयरों में तेजी

भाषा। मुंबई

शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 497 अंकों की तेजी आई। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के साथ निवेशकों की ऊर्जा, आईटी तथा वित्तीय शेयरों की लिवाली से बाजार में तेजी लौटी। कारोबारियों के अनुसार अमेरिकी डॉलर के मुकबले रुपए की विनिमय दर में तेजी से भी धारणा मजबूत हुई। तीस प्रमुख शेयरों पर आधारित सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और एक समय 56,900 अंक तक गया। अंत में यह 497 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56,319.01 पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 156.65 अंक यानी 0.94 प्रतिशत उछलकर 16,770.85 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स के शेयरों में 3.91 प्रतिशत की तेजी के साथ एचसीएल टेक सर्वाधिक लाभ में रही। इसके अलावा विप्रो, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, टेक महिंद्रा और सन फार्मा में भी तेजी रही।दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक बैंक और एचडीएफसी शामिल हैं। इनमें 1.50 प्रतिशत तक की गिरावट रही।सेंसेक्स के 23 शेयरों में तेजी रही जबकि सात में गिरावट दर्ज की गई।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार सोमवार की भारी गिरावट से उबरने की कोशिश की। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक धारणा के साथ बाजार अच्छी बढ़त के साथ खुला। उन्होंने कहा, हालांकि ओमीक्रोन को लेकर चिंता तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली जारी रहने से निवेशकों ने सतर्क रुख के साथ लिवाली की। आईटी, जिंस और धातु शेयरों में तेजी से घरेलू बाजार में बढ़त में रहे। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अरिजीत मलाकर ने कहा कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर चिंता के साथ बाजार में नरमी बने रहने की आशंका है। वायरस के इस नए स्वरूप के फैलने से वैश्विक आर्थिक पुनरूद्धार पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसके अलावा विकसित देशों में नीतिगत दरों में वृद्धि की भी संभावना है। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहें।यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.07 प्रतिशत फिसलकर 71.47 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर 31 पैसे मजबूत होकर 75.59 पर बंद हुई। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को 3,565.36 करोड़ रूपए मूल्य के शेयर बेचकर पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे।

छतों पर स्थापित सौर क्षमता नौ महीनों में तिगुनी हुई: रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत में छत पर लगे सौर पैनल से पैदा होने वाली बिजली की उत्पादन क्षमता जनवरी-सितंबर 2021 में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले तिगुनी होकर।,300 मेगावॉट हो गई। स्वच्छ ऊर्जा के बारे में जानकारी और परामर्श देने वाली मरकॉम इंडिया की रूफटॉप सोलर मार्केट रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2021 के पहले नौ महीनों में भारत की छतों पर सौर क्षमता 1300 मेगावॉट रही जो वर्ष 2020 की समान अवधि की तुलना में 202 प्रतिशत अधिक है। यह साल के नौ महीनों में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि है।

अगर तिमाही प्रदर्शन को देखें तो जुलाई-सितंबर 2021 में छत पर लगे पैनल से पैदा होने वाली सौर बिजली की मात्रा 448 मेगावॉट बढ़ी। लेकिन यह अप्रैल-जून तिमाही में हुई 521 मेगावॉट क्षमता की वृद्धि से करीब 14 प्रतिशत कम है। हालांकि जुलाई-सितंबर 2020 की तुलना में क्षमता वृद्धि 189 प्रतिशत अधिक रही। रिपोर्ट के मुताबिक, जुलाई-सितंबर 2021 में छतों पर लगी सौर बिजली की स्थापित क्षमता में 54 प्रतिशत हिस्सा आवासीय क्षेत्र का रहा। वाणिज्यिक एवं औद्योगिक परिसरों की छतों पर लगे सौर पैनल का हिस्सा 44 प्रतिशत और सरकारी क्षेत्र का हिस्सा दो प्रतिशत रहा। खास बात यह है कि यह लगातार दूसरी तिमाही है जब रुफटॉप सौर पैनल लगाने के मामले में आवासीय क्षेत्र सबसे आगे रहा है। इसके पहले अप्रैल-जून तिमाही में भी आवासीय क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा था। मरकॉम कैपिटल ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राज प्रभु ने इन आंकड़ों पर कहा, "छतों पर लगने वाले सौर पैनल के बाजार में सुधार दिख रहा है।

क्विक न्यूज

श्रीलंका में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी, ऋण सहायता के लिए भारत के साथ बातचीत

कोलंबो। श्रीलंका की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की स्थानीय सहायक इकाई ने देश में विदेशी मुद्रा भंडार के गंभीर संकट के बीच पेट्रोल और डीजल की कीमते बढ़ा दी है। दूसरी ओर सरकार ने कहा है कि भारत और ओमान के साथ ईंधन खरीद के लिए ऋण सहायता पर बातचीत की जा रही है। सरकारी सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने सरकार से कीमतों में बढ़ोतरी की मांग की थी। हालांकि, सरकार ने उन्हे अक्टूबर के बाद से अब तक ईंधन की कीमतें बढ़ाने की अनुमति नही दी थी। ताजा फैसले में सीपीसी ने पेट्रोल की कीमत में 20 रुपए और डीजल की कीमत में 10 रुपए की बढ़ोतरी की है। अब वहां पेट्रोल 177 रुपए और डीजल 121 रुपए प्रति लीटर के भाव पर बिक रहा है। श्रीलंका इस समय एक गंभीर विदेशी मुद्रा संकट का सामना कर रहा है। सरकार ने कहा कि भारत और ओमान के साथ ईंधन खरीद के लिए ऋण सहायता तय करने के लिए बातचीत चल रही है।

एक्सिस बैंक में ओरिएंटल इंश्योरेंस सार्वजनिक शेयरधारक के रूप में वर्गीकृत

नई दिल्ली। एक्सिस बैंक ने मंगलवार को कहा कि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को बैंक में प्रवर्तक श्रेणी के शेयरधारक से बदलकर सार्वजनिक श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। बैंक ने अक्टूबर में बीएसई और एनएसई के समक्ष आवेदन कर द न्यू ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को प्रवर्तक श्रेणी से बदलकर सार्वजनिक श्रेणी के रूप में वर्गीकृत करने का अनुरोध किया था। एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को बताया, इस संबंध में... बीएसई और एनएसई ने 20 दिसंबर, 2021 को अपने संबंधित पत्रों के जरिए उपरोक्त प्रवर्तक के प्रवर्तक श्रेणी से सार्वजनिक श्रेणी में वर्गीकरण के लिए अपनी मंजूरी दे दी। द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पास एक्सिस बैंक में 30 सितंबर, 2021 तक 0.17 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

डिश टीवी प्रवर्तक भेदिया कारोबार मामले में आरोपमुक्त

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने डिश टीवी इंडिया की प्रवर्तक कंपनी डाइरेक्ट मीडिया डिस्ट्रिब्यूशन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कथित भेदिया कारोबार के आरोप को खारिज कर दिया है। सेबी ने मंगलवार को दिए अपने आदेश में कहा कि इस मामले की पड़ताल के बाद आरोप खारिज किए जा रहे है। प्रवर्तक कंपनी पर भेदिया कारोबार संबंधी मानकों के उल्लंघन का आरोप था। जनवरी-फरवरी 2019 के बीच के डिश टीवी के शेयरों की बिक्री मामले की पड़ताल के बाद ए आरोप गलत पाए गए है। प्रवर्तक कंपनी पर आरोप था कि उसने अप्रकाशित कीमत संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) होने के बावजूद डिश टीवी के शेयरों का कारोबार किया। प्रवर्तक कंपनी पर डिश टीवी के 21.4 लाख शेयरों को बेचने का आरोप लगा था। इसके अलावा डिश टीवी के पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी में 3,000 करोड़ रुपए के निवेश की मंजूरी को भी परखा गया।

रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 2021 में 20 फीसदी घटने का अनुमान: रिपोर्ट

नई दिल्ली। संपत्ति सलाहकार जेएलएल इंडिया के अनुसार चालू वर्ष के दौरान रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 20 फीसदी गिरकर चार अरब अमेरिकी डॉलर रह सकता है। जनवरी-सितंबर के दौरान संस्थागत निवेश पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 153.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 297.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। जेएलएल ने एक बयान में कहा, साल के अंत में कुछ बड़े पोर्टफोलियो सौदे नही हुए तो 2021 में वार्षिक निवेश 3.8 से चार अरब अमेरिकी डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान है। वर्ष 2020 की अंतिम तिमाही में 3.2 अरब अमेरिकी डॉलर के बड़े पोर्टफोलियो सौदों के कारण संस्थागत निवेश पिछले साल पांच अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि 2021 के पहले नौ महीनों में 31 सौदे हुए, जबकि 2020 की समान अवधि में यह आंकड़ा 19 था। जेएलएल इंडिया को उम्मीद है कि नए वर्ष 2022 में निवेश पांच अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा।

कोविड संकट के बावजूद वाहन कलपुर्जा उद्योग 2021-22 में वृद्धि को लेकर आशावादी

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा उद्योग के संगठन एसीएमए ने मंगलवार को कहा कि महामारी की एक और लहर की आशंकाओं के बावजूद उद्योग चालू वित्त वर्ष में वृद्धि के लिए सतर्क रूप से आशावादी बना हुआ है। वाहन कलपुर्जा उद्योग का कारोबार अप्रैल-सितंबर 2021 में 1.96 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की पहली छमाही के मुकाबले 65 प्रतिशत अधिक है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसीएमए) के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा, वाहनों की मांग में वृद्धि के बावजूद सेमीकंडक्टर की उपलब्धता संबंधी मुद्दों, बढ़ती लागत, बढ़ती लॉजिस्टिक लागत और कंटेनरों की उपलब्धता जैसे आपूर्ति पक्ष के मुद्दों के चलते मोटर वाहन क्षेत्र में बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों के मद्देनजर ऑटो कलपुर्जा उद्योग ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है।

आरबीआई ने सीएसबी बैंक को एजेंसी बैंक की सूची में दी जगह

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के सीएसबी बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने केंद्र एवं राज्य सरकारों के सामान्य बैंकिंग कामकाज संपादित करने के लिए एजेंसी बैंक की सूची में शामिल किया है। सीएसबी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इस नामांकन के बाद वह केंद्र एवं राज्य सरकारों के सामान्य बैंकिंग कामकाज को कर पाएगा। बैंक ने कहा, "आरबीआई के एक एजेंसी बैंक के तौर पर सीएसबी बैंक को अब कर संग्रह, पेंशन भुगतान, स्टांप शुल्क संग्रह जैसे कार्यों के लिए केंद्र एवं राज्यों की सरकारों के साथ समझौता करने के लिए अधिकृत हो चुका है। इसके अलावा अब सीएसबी बैंक स्रोत पर कर कटौती, वस्तु एवं सेवा कर, स्टांप शुल्क, पंजीकरण, संपत्ति कर, मूल्य-वर्द्धित कर और पेशेवर कर से संबंधित लेनदेन भी कर पाएगा। सीएसबी बैंक के खुदरा बैंकिंग प्रमुख नरेंद्र दीक्षित ने इसे अपने बैंक के लिए एक बढ़िया मौका बताते हुए कहा, देश भर में फैली अपनी 562 शाखाओं के साथ हम सरकार से संबंधित बैंक सेवाएं दे पाएंगे।

जियोफाइबर के उत्तराखंड में फाइबर ब्राडबैंड कनेक्शन का आंकडा एक लाख के पार

देहरादून। रिलायंस जियो की उच्च गति वाली फाइबर ब्रांडबैंड सेवा जियोफाइबर के उत्तराखंड में फाइबर ब्रांडबैंड कनेक्शन का आंकड़ा एक लाख को पार कर गया है। कंपनी ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। जियोफाइबर अब देहरादून, हल्द्वानी, हरिद्वार, रूद्रपुर, नैनीताल, मसूरी, रूड़की, ऋषिकेश, काशीपुर, जसपुर, किच्छा, सितारगंज, कोटद्वार और विकासनगर समेत उत्तराखंड के 17 कस्बों और शहरों में उपलब्ध है। रिलायंस जियो की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जियो फाइबर ब्राडबैंड उत्तराखंड के अन्य हिस्सों में भी तेजी से पांव पसार रहा है और जल्द ही कंपनी वहां भी अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएगी।

इंडियन ऑयल ने आईजीएक्स में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी ली

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड (आईजीएक्स) में करीब पांच प्रतिशत हिस्सेदारी ली है। आईओसी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की 20 दिसंबर को हुई बैठक में आईजीएक्स के 36.93 लाख शेयरों की खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही आईजीएक्स में आईओसी की शेयर पूंजी 4.93 प्रतिशत हो गई है। दस रुपए के अंकित मूल्य के आधार पर इस शेयर अधिग्रहण पर आईओसी को करीब 3.7 करोड़ रुपए की लागत आएगी। आईजीएक्स प्राकृतिक गैस की खरीद-बिक्री के लिए राष्ट्रीय स्तर का पहला स्वचालित एक्सचेंज है। यह भारत के ऊर्जा परिदृश्य में प्राकृतिक गैस की वृद्धि को समर्थन देने और पारदर्शी कीमत सुनिश्चित करने की कोशिश करती है। देश की सबसे बड़ी तेल शोधन एवं विपणन कंपनी आईओसी ने कहा कि आईजीएक्स में शेयर अधिग्रहण उसके लिए भारत के प्राकृतिक गैस बाजार का हिस्सा बनने का एक रणनीतिक अवसर देता है।

सरकार ने रिफाइंड पामतेल पर आयात शुल्क घटाकर 12.5 प्रतिशत किया

भाषा। नई दिल्ली

खाद्य तेलों की ऊंची कीमतों से चिंतित, सरकार ने रिफाइंड पाम तेल पर मूल सीमा शुल्क को 17.5 प्रतिशत से घटाकर अगले साल मार्च तक के लिए 12.5 प्रतिशत कर दिया है। इस कटौती का मकसद घरेलू आपूर्ति को बढ़ाना और घरेलू खुदरा बाजारों में कीमतों को कमी लाना है।

सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अनुसार, मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) में कमी के साथ, रिफाइंड पाम तेल और रिफाइंड पामोलिन दोनों पर प्रभावी शुल्क दरें (सामाजिक कल्याण उपकर सहित) 19.25 प्रतिशत से घटकर 13.75 प्रतिशत रह जाएगी। इस संदर्भ में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सोमवार देर शाम एक अधिसूचना जारी की। इसमें 31 मार्च, 2022 तक रिफाइंड पामतेल और इसके अन्य तेलों पर बुनियादी सीमा शुल्क को 17.5 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत करने की बात कही गई है। नई दरें मंगलवार से प्रभावी हो गई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को मूंगफली तेल का औसत खुदरा भाव 181.48 रुपए प्रति किलो, सरसों का तेल 187.43 रुपए प्रति किलो, वनस्पति 138.5 रुपए प्रति किलो, सोयाबीन तेल 150.78 रुपए प्रति किलो, सूरजमुखी तेल 163.18 रुपए प्रति किलो और पाम तेल का खुदरा भाव सोमवार को 129.94 रुपए प्रति किलोग्राम रहा। शुल्क कटौती के बारे में एसईए के अध्यक्ष अतुल चतुर्वेदी ने मंगलवार को कहा, पामोलीन (रिफाइंड पाम) पर आयात शुल्क को 19.25 प्रतिशत से घटाकर 13.75 प्रतिशत करने की घोषणा की गई है। लेकिन सीपीओ पर आयात शुल्क कम नहीं किया गया है। ऐसे में अब सीपीओ की ही दर पर रिफाइंड पामोलीन का आयात बढ़ने की संभावना है। सीपीओ हमारी रिफाइनरियों के लिए कच्चा माल है। उन्होंने कहा, यह हमारे आत्मनिर्भरता के सिद्धांत के विपरीत है और देश में रोजगार सृजन और मूल्य संवर्धन को नुकसान पहुंचा सकता है।

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न क्षेत्रों की उद्योग कंपनियों के सीईओ के साथ बातचीत करते हुए

भारत के तेल उत्पादन में गिरावट जारी, नवंबर में दो प्रतिशत की कमी

नई दिल्ली। भारत में कच्चे तेल के उत्पादन में गिरावट जारी है और नवंबर 2021 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन के चलते कुल उत्पादन में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में कच्चे तेल का उत्पादन 24.3 लाख टन था, जो एक साल पहले इसी अवधि में 24.8 लाख टन और अक्टूबर 2021 में 25 लाख टन था। समीक्षाधीन अवधि में तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने पश्चिमी अपतटीय क्षेत्रों में उपकरण जुटाने में देरी के कारण नवंबर में 16 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन किया, जो तीन प्रतिशत की कमी को दर्शाता है। ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) ने नवंबर में 2,41,420 टन कच्चे तेल का उत्पादन किया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2,43,200 टन और अक्टूबर 2021 में 2,52,990 टन था। भारत कच्चे तेल की 85 प्रतिशत जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर है।

एनएचएआई की पथकर आय अगले तीन साल में बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपए होगी: गडकरी

भाषा। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की पथकर से होने वाली आय अगले तीन साल में 40,000 करोड़ रुपए सालाना से बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपए प्रति वर्ष हो जाएगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेशकों के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि हर साल यातायात में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा, एनएचएआई की वर्तमान में सालाना पथकर आय 40,000 करोड़ रुपए है। अगले तीन साल में यह बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपए प्रति वर्ष हो जाएगी। बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए गडकरी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ रहा है। साथ ही स्वाभाविक रूप से बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर रिटर्न की दर में भी वृद्धि हो रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुलह समितियों को तीन महीने के भीतर सड़क बुनियादी ढांचा से संबंधित परियोजनाओं पर फैसला करना चाहिए। निर्णय लेने की प्रक्रिया में देरी से लागत में भी बढ़ोतरी हो जाती है। दावों के तेजी से और आपसी सुलह के जरिए निपटान को लेकर एनएचएआई ने तीन सदस्यों वाली स्वतंत्र विशेषज्ञों की तीन समितियों का गठन किया है ताकि प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जा सके। इन समितियों का नेतृत्व न्यायपालिका के सेवानिवृत्त अधिकारी, लोक प्रशासन, वित्त और निजी क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञ कर रहे हैं।

उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल की नजरें ब्रिटेन, भारत में अधिग्रहण पर

लंदन। लंदन के प्रमुख उद्यमी लॉर्ड स्वराज पॉल ने आने वाले महीनों में ब्रिटेन और भारत में अधिग्रहण योजनाओं के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन का प्रकोप खत्म होने के बाद ए अधिग्रहण किए जा सकते हैं। कपारो समूह के 90 वर्षीय संस्थापक ने इस सप्ताह कहा था कि उनकी टीम ने कुछ संभावित अधिग्रहणों की पहचान की है, जिन्हें मौके पर देखने के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा।

कंपनी के मजबूत पक्ष यानी विनिर्माण क्षेत्र पर खासतौर से ध्यान दिया जाएगा, जिसमें इस्पात उत्पादों के क्षेत्र में विचार किया जा रहा है। पॉल ने कहा, भारत में हमारी पहले से ही 20 राज्यों में मौजूदगी है, इसलिए जहां भी हमें इस्पात के अनुकूल माहौल मिलेगा, वहां नया अधिग्रहण होगा। उन्होंने कहा, ब्रिटेन में हम औद्योगिक वस्तुओं के विनिर्माण से संबंधित नए व्यवसायों की तलाश कर रहे हैं। कार, विमान, रेलवे के लिए स्टील उत्पादों के क्षेत्र में हमारी विशेषज्ञता है और मेरा मकसद हमेशा वही करना रहा है, जो आप सबसे अच्छी तरह करना जानते हैं। अधिग्रहण की समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ए बेहद बुरा समय है। कोविड मामलों में ताजा बढ़ोतरी के चलते हमें फिर से कार्यालय बंद करने पड़े हैं। इसलिए हम इंतजार करेंगे, लेकिन अनिश्चित काल तक नहीं।

कंपनी कर आकलन में गड़बड़ियों को दूर करे सीबीडीटी: कैग

नई दिल्ली। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने कंपनियों पर लगने वाले कर (कॉरपोरेट कर) के आकलन में गड़बड़ियों एवं अनियमतताओं का जिक्र करते हुए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से कहा है कि वह ऐसी गलतियों से बचने के लिए एक पुख्ता आईटी प्रणाली एवं आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था लागू करे। कैग की कंपनी कर के आकलन पर तैयार रिपोर्ट मंगलवार को संसद में पेश की गई। यह रिपोर्ट 12,476.53 करोड़ रुपए के मूल्य वाले 356 कर मामलों की लेखा परीक्षा के बाद तैयार की गई है।

यह रिपोर्ट कहती है, ए मामले मुख्यत: कंपनियों की आय एवं कर की गणना में हुई खामियों से संबंधित हैं। ब्याज के मामले में गड़बड़ी, मूल्य ह्रास , कारोबार और पूंजी के नुकसान को शामिल करने में अनियमितता और रियायतों एवं छूट में गड़बड़ी के भी मामले हैं। कैग ने अपने लेखा परीक्षण में पाया है कि अधिक राशि वाले 356 मामलों में से 38 घटनाओं में 3,976.56 करोड़ रुपए के कंपनी कर आकलन में गड़बड़ी हुई। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने कहा है कि कर एवं अधिभार की गलत दरें लगना और ब्याज लगाने में खामियां होना आयकर विभाग के आंतरिक नियंत्रण में कमजोरी का संकेत है जिसे दुरूस्त करने की जरूरत है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त मंत्रालय ने लेखा-परीक्षण वाले मामलों में गड़बड़ी ठीक करने के कदम उठाए हैं लेकिन ए केवल कुछ मामले ही हैं। व्यापक स्तर पर कर आकलन में ऐसी गड़बड़ियों से इनकार नहीं किया जा सकता है। कैग ने कहा, "सीबीडीटी को न केवल अपने आकलन पर फिर से गौर करने की जरूरत है बल्कि उसे भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों से बचने के लिए एक पुख्ता आईटी प्रणाली और आंतरिक नियंत्रण व्यवस्था स्थापित करने की जरूरत है। कैग के मुताबिक, सीबीडीटी आगे यह पड़ताल कर सकता है कि चिह्नित गड़बड़ियां अगर चूक नहीं हैं तो आयकर विभाग को कानून के मुताबिक जरूरी कदम उठाने चाहिए। रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2019-20 में प्रत्यक्ष कर प्राप्ति में एक साल पहले की तुलना में 7.6 प्रतिशत की कमी आई। इस दौरान सकल कर राजस्व में प्रत्यक्ष करों की हिस्सेदारी घटकर 52.3 प्रतिशत पर आ गई, जो 2018-19 में 54.7 प्रतिशत थी। कंपनी कर संग्रह 2019-20 में 16.1 प्रतिशत घटकर 5.57 लाख करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 6.63 लाख करोड़ रुपए थी।

पेज एक का शेष

लड़कियों की...

करने का प्रस्ताव किया गया है। इसका मकसद महिलाओं के विवाह की आयु संबंधी प्रावधान को पुरुषों के बराबर बनाने का है। विधेयक के मसौदे के अनुसार, इसका उद्देश्य बाल विवाह को निषिद्ध करना है। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि बाल विवाह अवरोध अधिनियम 1929 को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 द्वारा बाल विवाह को रोकने के लिए लाया गया था किन्तु इस अत्यंत दुखद प्रथा का समाज से पूर्णतया उन्मूलन अभी तक नहीं हुआ है। इसलिए इस सामाजिक बुराई को दूर करने और उसमें सुधार लाने की तुरंत आवश्यकता है।

कोलकाता नगर...

रहा। तृणमूल ने 2015 के कोलकाता निगम चुनाव की तुलना में 22 फीसदी अधिक और इस साल अप्रैल-मई में हुए विधानसभा चुनाव में मिले वोटों की तुलना में 11 फीसदी ज्यादा मत हासिल किए हैं। वर्ष 2015 में तृणमूल ने 113 सीटें जीती थीं जबकि वाममोर्चे को 16 और कांग्रेस को 5 तथा भाजपा को 4 सीटें मिली थीं। इस चुनाव में भाजपा 13 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का वोट प्रतिशत तेजी से घटकर 9 प्रतिशत पर आ गया है जबकि वाममोर्चे का पांच से बढ़कर नौ प्रतिशत पर पहुंच गया है। अप्रैल-मई में हुए विधानसभा चुनावों में टीएमसी ने शहर की सभी 16 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की थी और भाजपा मत प्रतिशत के मामले में सभी सीटों और केएमसी वार्डों में दूसरे नंबर पर रही थी।

मेरे बच्चों...

काम करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शक्ति के आगे प्रधानमंत्री झुक गए हैं और यह उत्तर प्रदेश की महिलाओं की जीत है।

आईओसी रिफायनरी...

प्रति मेरी संवेदनाएं। घायलों को ग्रीन कॉरिडोर के जरिए कोलकाता लाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल सरकार घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। हल्दिया रिफाइनरी की प्रमुख इकाइयों में मरम्मत कार्य जारी है और इसी दौरान मोटर स्पिरिट क्वालिटी इकाई में अपराह्न तीन बजे आग लग गई। कंपनी ने कहा कि घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

दुबई के...

हया 2019 में भागकर ब्रिटेन पहुंची थीं और ब्रिटिश अदालतों के माध्यम से अपने दो बच्चों का संरक्षण मांगा था। जॉर्डन के दिवंगत राजा हुसैन की बेटी हया ने कहा कि वह अपने पति से भयभीत थीं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी दो बेटियों की खाड़ी अमीरात में जबरन वापसी का आदेश दिया था। शेख मोहम्मद (72) संयुक्त अरब अमीरात के प्रधानमंत्री भी हैं। ब्रिटेन की एक परिवार अदालत के न्यायाधीश ने अक्टूबर में फैसला सुनाया कि शेख मोहम्मद ने कानूनी लड़ाई के दौरान राजकुमारी हया के फोन को हैक करने का आदेश दिया था। हालांकि, शेख मोहम्मद ने इस आरोप से इनकार किया था।

तृणमूल के...

और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह केवल टेबल ऑफिस का ही नहीं बल्कि पूरे देश का अपमान है। उच्च सदन में निर्वाचन विधि (संशोधन) विधेयक, 2021 पर चर्चा के बाद जब इसे पारित करने की प्रक्रिया चल रही थी तब विपक्ष के कुछ सदस्यों ने अपने अपने संशोधनों पर मत विभाजन की मांग की। इस दौरान कुछ विपक्षी सदस्य लखीमपुर खीरी मामले को लेकर गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के इस्तीफे तथा 12 सदस्यों का निलंबन वापस लिए जाने की मांग करते हुए आसन के समक्ष हंगामा कर रहे थे।

वर्तमान में...

ही उन्होंने कहा कि हाथ से मैला उठाना छह दिसंबर 2013 से एक प्रतिबंधित कार्यकलाप है। उन्होंने उत्तर में बताया कि अभी कोई व्यक्ति हाथ से मैला ढोने की गतिविधि में संलग्न नहीं है। उन्होंने कहा कि सीवर टैंकों की सफाई करने के क्रम में पिछले तीन वर्षों में 158 लोगों की मौत हो गई।

भारत विरोधी...

दुष्प्रचार फैलाकर भारत में अशांति फैलाने के उद्देश्य से सीमा पार से हो रहीं गतिविधियों के खिलाफ मंत्रालय ने सख्त कार्रवाई की है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि भारत विरोधी दुष्प्रचार में पाकिस्तान से संचालित नया पाकिस्तान समूह (एनपीजी) शामिल है, जिसके पास विभिन्न यूट्यूब चैनल का एक नेटवर्क है। इसमें कहा गया कि कुछ अन्य यूट्यूब चैनल भी हैं, जो एनपीजी से संबंधित नहीं हैं। मंत्रालय ने कहा कि जिन चैनलों व वेबसाइट पर कार्रवाई की गई है, उनके पास 35 लाख से अधिक लोगों का संयुक्त ग्राहक आधार था और उनके वीडियो को 55 करोड़ से अधिक बार देखा गया। मंत्रालय ने कहा कि इन यूट्यूब चैनल ने किसानों के विरोध, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम से संबंधित विरोध जैसे मुद्दों पर सामग्री पोस्ट की थी और भारत सरकार के खिलाफ अल्पसंख्यकों को भड़काने की कोशिश भी की। यह भी आशंका थी कि इन यूट्यूब चैनल का इस्तेमाल पांच राज्यों में आगामी चुनावों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने के वास्ते किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि उसने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के नियम 16 के तहत निहित आपातकालीन शक्तियों का उपयोग करते हुए भारत में सूचना स्थान को सुरक्षित करने के लिए काम किया है।

सोना 172 रुपए फिसला और चांदी में 342 रुपए की तेजी

भाषा। नई दिल्ली

रुपए की विनिमय दर में सुधार के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 172 रुपए की गिरावट के साथ 47,246 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 47,418 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी की कीमत 342 रुपए की तेजी के साथ 60,508 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 60,166 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया 31 पैसे की तेजी के साथ 75.59 (अस्थाई) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मामूली लाभ के साथ।,797 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 22.53 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रही।

डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे मजबूत होकर 75.59 पर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में तेजी और विदेशों में डॉलर के कमजोर होने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 31 पैसे की मजबूती के साथ 75.59 (अस्थाई) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मजबूत रुख के साथ 75.74 रुपए प्रति डॉलर खुला तथा कारोबार के दौरान ऊंचे में 75.41 और नीचे में 75.74 तक गया। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे की तेजी के साथ 75.59 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया सोमवार को 75.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 497 अंक की तेजी के साथ 56,319.01 अंक पर बंद हुआ। इस बीच, छह मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 96.35 रह गया।

शास्त्री के बयान के बाद टूट गया था

अश्विन ने पूर्व कोच की प्रतिक्रिया को याद करते हुए कहा

कुलदीप यादव को विदेशों में शीर्ष स्पिनर कहा था

भाषा। नई दिल्ली

ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने खुलासा किया है कि पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री की एक टिप्पणी के बाद उन्हें ऐसा लग रहा था कि उन्हें बीच भंवर में छोड़ दिया गया और करियर के मुश्किल समय में उन्होंने कई बार खेल को अलविदा कहने के लिए सोचा। अश्विन से जब पूछा गया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2019 के सिडनी टेस्ट में पांच विकेट लेने के बाद जब तत्कालीन कोच शास्त्री ने कुलदीप यादव को विदेशों में भारत का शीर्ष स्पिनर करार दिया तो उन्हें कैसा लगा था।

अश्विन ने कहा कि वह कुलदीप के लिए वह वास्तव में खुश थे क्योंकि उन्हें पता था कि ऑस्ट्रेलिया में एक स्पिनर के रूप में पांच विकेट लेना कितना मुश्किल है लेकिन शास्त्री की टिप्पणी ने उन्हें पूरी तरह से हताश कर दिया था। अश्विन ने कहा कि मैं रवि भाई का बहुत सम्मान करता हूं और मैं समझता हूं कि हम सब कुछ कहने के बाद भी अपने शब्दों को वापस ले सकते है। उस समय मैं हालांकि बहुत हताश महसूस कर रहा था। पूरी तरह से टूटा हुआ।

इस दिग्गज स्पिनर ने कहा कि हम सभी इस बारे में बात करते हैं कि अपने साथियों की सफलता का लुत्फ उठाना लेना कितना जरूरी है। मैं कुलदीप के लिए खुश था। मैं ऑस्ट्रेलिया में पांच विकेट हासिल नहीं कर पाया था लेकिन ऐसा किया। मुझे पता है कि यह कितनी बड़ी उपलब्धि है। यहां तक कि जब मैंने अच्छी गेंदबाजी की है तभी यह कारनामा नहीं कर सका था, इसलिए मैं वास्तव में उसके लिए खुश हूं। और ऑस्ट्रेलिया में जीत हासिल करना बेहद खुशी का मौका है।

अश्विन ने कहा कि मुझे अगर उनकी खुशी और टीम की सफलता में हिस्सा लेना है, तो मुझे ऐसा महसूस होना चाहिए कि मैं उसका हिस्सा हूं। अगर मुझे लगता है कि मेरा तिरस्कार हो रहा है तो मैं टीम या टीम के साथी की सफलता का आनंद लेने के लिए कैसे उठा पाउंगा?

अश्विन हालांकि भारतीय टीम की ऐतिहासिक श्रृंखला जीत के बाद आयोजित की गई पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि मैच के बाद मैं अपने कमरे में वापस गया और फिर अपनी पत्नी से बात की।

मैं व्यक्तिगत निराशा को पीछे छोड़ने में सक्षम था। मैं उस पार्टी का हिस्सा बना क्योंकि हमने बड़ी श्रृंखला जीती थी। इस 35 साल के खिलाड़ी ने उस श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच का जिक्र करते हुए कहा कि बार-बार चोटिल होने का मतलब है कि वह काफी दर्द सहते हुए खेल रहे थे और उन्होंने दोनों पारियों में तीन-तीन विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस प्रदर्शन के बाद भी शास्त्री की यह टिप्पणी अश्विन के लिए निराशाजनक थी। उन्होंने कहा कि पहला टेस्ट अब भी मेरी यादों में है।

राष्ट्रमंडल खेलों की क्वींस बेटन रिले देश के चार शहरों में

भाषा। नई दिल्ली

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की क्वींस बेटन रिले 12 से 15 जनवरी के बीच दिल्ली , अहमदाबाद, बेंगलुरू और ओडिशा में होगी जिसके लिए भारतीय ओलंपिक संघ ने एक समिति के गठन का फैसला किया है। क्वींस बेटन रिले 72 देशों के अपने सफर के दौरान चार दिन के लिए भारत में रहेगी।

आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में समिति के गठन के बारे में बताया। बत्रा ने कहा कि महासचिव राजीव मेहता और मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि आईओए ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 के क्वींस बेटन रिले कार्यक्रम की तैयारी और संचालन के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन का फैसला किया है।

समिति में आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य राकेश गुप्ता, मुकेश कुमार और भारतीय नेटबॉल महासंघ की कार्यकारी परिषद के सदस्य हरिओम कौशिक होंगे। आईओए निदेशक जॉर्ज मैथ्यू और आईओए संयुक्त निदेशक नाजिमा खान उनकी मदद करेंगी।

दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों का फायदा उठाने में बुमराह सक्षमः एल्गर

भाषा। जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर का मानना है कि विदेशी परिस्थितियों में भारतीय आक्रमण में काफी सुधार हुआ है और जसप्रीत बुमराह उनके घरेलू माहौल में तेज गेंदबाजों की मददगार पिचों का फायदा उठाने में सक्षम है।

भारत 2018 के बाद पहली बार दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। टीम को उस दौरे में शानदार प्रदर्शन के बाद भी 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। घरेलू टीम में तब एबी डिविलियर्स, डेल स्टेन, फाफ डु प्लेसिस, हाशिम अमला और वर्नोन फिलेंडर जैसे अनुभवी खिलाड़ी थे लेकिन मौजूदा टीम में उनमें से कोई भी नहीं है।

बुमराह ने उस श्रृंखला में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अग्रणी गेंदबाजों में से एक बन गए। एल्गर ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में बुमराह के खतरनाक को मानते हुए कहा कि उनकी टीम के लिए पूरी भारतीय आक्रमण का सामना करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि वह बुमराह विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं। अगर कोई एक गेंदबाज है जो दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों का अच्छी तरह से फायदा उठा सकता है, तो वह बुमराह ही होगा। लेकिन हम एक खिलाड़ी पर पर ध्यान केंद्रित नहीं करते। समग्र रूप से भारत एक मजबूत टीम है।

एल्गर ने कहा कि भारत पिछले दो से तीन वर्षों से काफी अच्छी टीम रही हैं और हाल के वर्षों में उसने विदेशों में अच्छा प्रदर्शन किया है। एल्गर ने कहा कि अनुभवी गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को दक्षिण अफ्रीका में ज्यादा सफलता नहीं मिली हैं।

हमें बुरी खबरें सुनने की आदत हो गई हैः एल्गर

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व एक और विवाद का सामना करना पड़ा है जो उसके कुछ पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों के खिलाफ नस्ली पूर्वाग्रह के आरोपों से जुड़ा है लेकिन कप्तान डीन एल्गर ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ पेशेवर प्रदर्शन करने पर टिका है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को पिछले 24 महीने में प्रशासनिक संकट का सामना करना पड़ा है और इसका प्रभाव अधिक है।

एफसी गोवा ने परेरा को मुख्य कोच नियुक्त किया

मडगांव। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम एफसी गोवा ने भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डेरिक परेरा को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त करने की मंगलवार को घोषणा की। इससे दो दिन पहले पूर्व कोच जुआन फेरांडो ने क्लब से अलग होने और एटीके मोहन बागान की कमान संभालने का फैसला किया था।

परेरा क्लब के साथ तकनीकी निदेशक के रूप में काम कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले 2019-20 सत्र में सर्जियो लोबेरा के जाने के बाद भी क्लिफोर्ड मिरांडा और रेमा कुनिलेरा के साथ इस टीम का कार्यभार संभाला था। इस 59 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी को एफसी गोवा टीम के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है।

परेरा ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि उस क्लब का मुख्य कोच बनना एक बड़ा सम्मान है।

एनरिच नोर्किया चोटिल, सीरीज से बाहर

भाषा। जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला से मंगलवार को बाहर हो गए। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने उनकी चोट के बारे में साफ तौर पर कुछ नहीं बताया है।

टीम में उनकी जगह किसी को शामिल नहीं किया गया है। नॉर्किया ने 12 टेस्ट में 47 विकेट लिए हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट शामिल हैं।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा।

सीएसए से जारी बयान के मुताबिक दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज एनरिक नॉर्किया लगातार चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से वह टेस्ट मैच में गेंदबाजी के लिए पर्याप्त रूप से उबरने में सफल नहीं रहे। वह चोट से उबरने के लिए विशेषज्ञों से सलाह ले रहे है। अभी उनकी जगह किसी और को टीम में शामिल नहीं किया जा रहा है। नॉर्किया ने इंडियन प्रीमियर लीग में भी शानदार प्रदर्शन किया है और उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें रिटेन किया है।

गत चैंपियन भारत को सेमीफाइनल में जापान ने 5-3 गोलों से हराया

एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी

भाषा। ढाका

गत चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत को उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी (एसीटी) पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में मंगलवार को यहां जापान के खिलाफ 3-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

मैच शुरू होने से पहले भारत को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था जिसने अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में इसी टीम को 6-0 से शिकस्त दी थी। भारत का जापान के खिलाफ जीत-हार का रिकॉर्ड भी अच्छा है लेकिन विरोधी टीम ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन टीम को चौंका दिया। मंगलवार को जापान की टीम बिलकुल बदली हुई नजर आई और उसने शुरुआत से ही मनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम की रक्षा पंक्ति को भेदना शुरू कर दिया।

जापान को शोता यमादा ने पहले ही मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर बढ़त दिलाई जबकि रेइकी फुजिशिमा (दूसरे मिनट), योशिकी किरिशिता (29वें मिनट), कोसेई कवाबे (35वें मिनट) और रयोमा ओका (41वें मिनट) ने भी गोल दागे।

भारत की ओर से हार्दिक सिंह (17वें और 58वें मिनट) ने दो जबकि उप कप्तान हरमनप्रीत सिंह (43वें मिनट) ने एक गोल किया। भारत और जापान की टीम इससे पहले 18 बार आमने सामने थी जिसमें से भारत ने 16 मैचों में जीत दर्ज की जबकि उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा और एक मुकाबला ड्रा रहा। जापान खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा जबकि बुधवार को कांस्य पदक के प्ले आफ में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दक्षिण कोरिया ने एक अन्य सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 6-5 से हराया। भारत राउंड रोबिन चरण में अजेय रहता हुआ शीर्ष पर रहा था।

भारतीय टीम जापान के खिलाफ पिछले मैच के प्रदर्शन को दोहराने में नाकाम रही और विरोधी टीम ने मुकाबले की तेज शुरुआत करते हुए पहले दो मिनट में ही 2-0 की बढ़त बना ली।

जापान ने पहले क्वार्टर में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा।

Lost and Found

Lost my property documents including original Gift Deeds duly registered, regarding Property No. C-4/1, Model Town, Delhi- 110009, belonging to me and my sister Smt. Seema Kohli, for which proper LR No. 1065779/2021, dated 17.12.2021 has been lodged. If anybody found, please inform and return to the undersigned.

Delhi. Dated : 16.12.2021

(Smt. SAROJ GOEL)

D-13A/30, Model Town, Delhi- 110009.

Contact: 9810132012

PUBLIC NOTICE

It is informed to all general that, My Client Sh. Mahinder Kapoor S/o Late Sh. Narayan Dass & Smt. Kaushlya Rani W/o Sh. Mahinder Kapoor both R/o B-18, Shankracharya Road, Adarsh Nagar, Delhi-110033 hereby disown/debar his son Mr. Ritesh Kapoor and his Wife Nishtha (Daughter in law) from his all movable and immovable properties and severe all relation with them and further declare that whomsoever deal and consern with them will be his/her own risk.

Navneet Kaur, Advocate
Delhi High Court, New Delhi
Mobile: 9911047704

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नीलम झा पत्नी श्री राज कुमार एक तीसरी मंजिल छत के अधिकार के साथ जिसका क्षेत्रफल 67 गज यानी 56.01 वर्ग मीटर, और संपत्ति संख्या 230/21-बी, सासरा नं 278, स्थित रेलवे कॉलोनी, ग्राम मंढवली फजलपुर, इलाका शाहदरा, तहसील और जिला नई दिल्ली-110092 को श्रीमती प्रेमलता परिहार पत्नी श्री चंदन सिंह को बेच रही हैं। उपरोक्त संपत्ति डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व दस्तावेज मूल मुख्तारनामा व इकरारनामा व वसीयत दिनांक 21.05.2013 कहीं खो गए हैं, जिसका एफआईआर संख्या एलएआर नं 1083633/2021 दिनांक 21.12.2021 को दिल्ली पुलिस में दर्ज किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 14 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा कि किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
चैम्बर नं०, 830 पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली-110001
मोबाईल : +8076188328

PUBLIC NOTICE

To be known to all that **I, Gagandeep Singh S/o Late Manjeet Singh R/o DDA MIG Flat No.10, GF, Pkt. KG-1, Vikaspuri, New Delhi purchaser/owner of DDA MIG Flat No.10, GF, Pkt. KG-1, Vikaspuri, New Delhi** has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold in DDA. The original documents i.e. Allotment-cum-Demand Letter, Possession Letter, Site Possession Slip, NOC for electricity & water connection of the above flat have been lost. An NCR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O. No.430/2014 LR No.1067822/2021 dated 17.12.2021. Any person (s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with above named person at above address/phone No. 9999693333 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to : **Dy. Director (LAB) H or Director(H)-1,D Block,3rd Floor,Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

Notice Sub Registrar Office

Registration of Will post demise of Sh. Jatin Suri S/o Late Sh. Vinay Suri R/o D-24, First Floor Vikaspuri, New Delhi. Each person is notified that Shivani Suri W/o Jatin Suri R/o D-24 1st Floor Vikaspuri, New Delhi has requested for registration of Will which is in favour of Shivani Suri. The Will was signed on 24 August 2021 in front of witnesses and now that Sh. Jatin Suri S/o Late Sh. Vinay Suri R/o D-24 1st Floor Vikaspuri, New Delhi has passed away on 14th September 2021. Shivani Suri wants to get the Will registered. If any person has any objection against the Will, then within 30 days of this notice in newspaper please present yourself in authority or court to raise the objection. Once 30 days passes if no one raises objection then it Will be considered that nobody has concerns with registration of the will and hence the will get registered. Today 20/12/2021 this notice has been issued and signed in my office

Sd/- (Sub-Registrar, Gurugram)

रिकी पोंटिंग ने रूट की कप्तानी पर सवाल उठाए

भाषा। एडीलेड

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने मौजूदा एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड की लगातार दूसरी हार के बाद गेंदबाजों की आलोचना करने पर जो रूट की निंदा की और कहा कि कप्तान के रूप में यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है कि रणनीति को मैदान में उतारा जा सके। दूसरे टेस्ट को ऑस्ट्रेलिया से 275 रन से गंवाने के बाद इंग्लैंड की टीम श्रृंखला में 0-2 से पीछे हो गई है। मैच के बाद रूट ने पहली पारी में सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में नाकाम रहे अपने गेंदबाजों की आलोचना की थी।

पोंटिंग ने कहा कि यह बयान आश्चर्यचकित करने वाला है। गेंदबाजों को बदलाव करने के लिए कहने का काम किसका है? फिर आप कप्तान क्यों हैं? उन्होंने कहा कि अगर आप अपने गेंदबाजों को प्रेरित नहीं कर सकते कि किस लेंथ पर गेंदबाजी करनी है, तो आप मैदान पर क्या कर रहे हैं? ऑस्ट्रेलिया को दो बार विश्व कप का खिताब दिलाने वाले इस कप्तान ने कहा कि यह रूट की जिम्मेदारी है कि वह गेंदबाजों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जो रूट जो चाहे वह कह सकते हैं लेकिन अगर आप कप्तान हैं, तो आपको यह समझने में सक्षम होना चाहिए कि आपके गेंदबाज उस जगह पर गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं जहां आप चाहते हैं।

पोंटिंग ने कहा कि और अगर वे आपकी बात नहीं सुन रहे तो उन्हें गेंदबाजी आक्रमण से हटा सकते है। किसी और को मौका दें जो आपके लिए यह करेगा। आप मैदान पर उनके साथ बेहतर संवाद कर के बता सकते है कि आपको क्या चाहिए।

पंकज आडवाणी ने जीता 11वां राष्ट्रीय बिलियर्ड्स खिताब

भोपाल। देश के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने राष्ट्रीय बिलियर्ड्स खिताब का बचाव करते हुए सोमवार को ध्रुव सितवाला को यहां नौ गेम के फाइनल में 5-2 से हराकर 11वीं बार चैम्पियन बनें।

सोमवार की देर शाम सितवाला के 64 और 42 के स्कोर के बाद आडवाणी ने 56 और 46 के स्कोर के साथ शुरुआती दो गेम के बाद स्कोर 1-1 कर दिया।

सितवाला ने तीसरे गेम में 84 के स्कोर के साथ एक बार भी बढ़त कायम कर ली। वह चौथे गेम को 101 के स्कोर के साथ अपने नाम करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन एक चूक ने आडवाणी को वापसी का मौका दिया।

जिन्होंने 127 का ब्रेक बनाया। शुरुआती चार गेम के बाद स्कोर 2-2 की बराबरी पर था।

पूर्व क्रिकेटर डेविड लॉयड ने कमेंट्री को अलविदा कहा

भाषा। लंदन

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और कोच डेविड लॉयड ने मंगलवार को घोषणा की कि वह स्काई स्पोर्ट्स के कमेंटेटर की भूमिका को छोड़ रहे हैं। उन्होंने दो दशक से भी अधिक समय तक कमेंटेटर की भूमिका निभाई। लॉयड 74 वर्ष के हैं और वह 1999 में स्काई स्पोर्ट्स की टीम में शामिल हुए थे। इसके बाद वह क्रिकेट कवरेज की जानी पहचानी आवाज बन गए थे।

उन्होंने कई महत्वपूर्ण मैचों में कमेंट्री की जिनमें 2015 में ट्रेंटब्रिज का एशेज टेस्ट भी शामिल हैं जिसमें स्टुअर्ट ब्रॉड ने 15 रन देकर आठ विकेट लिए और इंग्लैंड ने पहले दिन सुबह ही आस्ट्रेलिया को 60 रन पर ढेर कर दिया था। सोशल मीडिया पर जारी बयान में लॉयड ने कहा कि स्काई स्पोर्ट्स के साथ 22 शानदार वर्ष बिताने के बाद मैंने अब माइक्रोफोन से विदा लेने का फैसला किया है। उन्होंने बिल लॉरी के साथ 2013 में कमेंट्री करने को अपने लिए विशेष क्षण बताया। लॉयड ने कहा कि इयान बिशप, रवि शास्त्री, शेन वार्न, शॉन पोलाक और इयान स्मिथ के अलावा कई अन्य लोगों के साथ काम करना बहुत यादगार रहा।

यूपी को हराकर हिमाचल प्रदेश सेमीफाइनल में

विजय हजारे ट्रॉफी

भाषा। जयपुर

हिमाचल प्रदेश ने विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को यहां उत्तर प्रदेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

उत्तर प्रदेश के 208 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हिमाचल ने प्रशांत की 141 गेंद में 10 चौकों और दो छक्कों से 99 रन की पारी के अलावा निखिल (58 रन, 59 गेंद, पांच चौके, तीन छक्के) के साथ उनकी 122 रन की साझेदारी की बदौलत 27 गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की।

उत्तर प्रदेश की टीम रिंकू सिंह (102 गेंद में 76 रन, छह चौके) के अर्धशतक के बावजूद नौ विकेट पर 207 रन ही बना सकी थी। भुवनेश्वर कुमार (46) और अक्षदीप नाथ (32) ने भी उपयोगी पारियां खेली। हिमाचल की ओर से तेज गेंदबाज विनय गलेतिया ने 19 रन देकर तीन जबकि सिद्धार्थ शर्मा ने 27 रन देकर दो विकेट हासिल किए। पंकज जायसवाल ने भी 43 रन देकर दो विकेट चटकाए। हिमाचल के कप्तान ऋषि धवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया जिसे विनय ने सही साबित करते हुए 15वें ओवर में उत्तर प्रदेश का स्कोर चार विकेट पर 39 रन कर दिया। विनय ने सलामी बल्लेबाज आर्यन जुयाल (09) को बोल्ड करने के बाद कप्तान करन शर्मा (00) और समीर रिज्वी (05) को पगबाधा किया जबकि सिद्धार्थ ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी (17) को पगबाधा किया।

अक्षदीप और रिंकू ने टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया लेकिन सिद्धार्थ ने अक्षदीप को पंकज जसवाल के हाथों कैच कराके 64 रन की साझेदारी को तोड़ दिया।

रिंकू ने इसके बाद भुवनेश्वर के साथ भी छठे विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी की। भुवनेश्वर ने हालांकि धवन की पारी की अंतिम गेंद पर बोल्ड होने से पहले कुछ आकर्षक शॉट खेलकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने 52 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और एक छक्का मारा।

श्रीकांत को अपनी गलतियों पर काम करना होगा : गोपीचंद

भाषा। नई दिल्ली

ओलंपिक क्वालीफिकेशन चूकने के बाद निराश थे श्रीकांत

हैदराबाद। विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद वह निराश थे लेकिन उन्होंने खुद से कहा था कि इससे दुनिया खत्म नहीं होगी। श्रीकांत चोट और कोविड-19 महामारी के कारण कई क्वालीफायर टूर्नामेंटों के रद्द होने से टोक्यो का टिकट कटाने में नाकाम रहे थे। उन्हें खुद पर भरोसा था कि उनका समय आएगा और उन्होंने इस दिशा में अपनी मेहनत जारी रखी।

मुख्य बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने विश्व चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक के लिए किदाम्बी श्रीकांत की तारीफ की है लेकिन कहा कि अगले व्यस्त वर्ष में लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए उसे अपनी गलतियों पर काबू रखना होगा।

गोपीचंद ने कहा कि मैच दर मैच श्रीकांत के प्रदर्शन में निखार आता गया। इस साल की शुरूआत में उसके भीतर आत्मविश्वास नहीं था लेकिन ली जी जिया और केंतो मोमोता जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन से उसका आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने कहा कि उसका फॉर्म समय पर लौट आया लेकिन अगले साल राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल जैसे कई बड़े टूर्नामेंट होने है और उसे अपनी गलतियों पर काबू करना होगा ताकि इनमें अच्छा प्रदर्शन कर सके। श्रीकांत ने पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूष एकल खिताब जीता और मिश्रित टीम स्वर्ण भी अपने नाम किया था। उन्होंने 2017 में पांच में से चार सुपर सीरिज खिताब जीते थे। ऐसा कारनामा ली चोंग वेइ, लिन डैन और चेन लोंग जैसे खिलाड़ी ही कर सके थे। गोपीचंद ने कहा कि लगातार टूर्नामेंट होने के कारण कई बार खिलाड़ी के लिए चोट से उबरना मुश्किल हो जाता है। श्रीकांत के साथ भी ऐसा ही हुआ चूंकि उसने ओलंपिक क्वालीफिकेशन के कारण वापसी में जल्दबाजी की।

उन्होंने कहा कि स्पेन में उसे तीन गेम के मैच खेलते देखकर अच्छा लगा। वह सुदीरमन कप से लगातार खेल रहा है जो अच्छा संकेत है।

पाक क्रिकेटर आबिद अली सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती

आबिद के सभी एहतियाती परीक्षण किए गए : पाक बोर्ड

भाषा। कराची

पाकिस्तान के टेस्ट सलामी बल्लेबाज आबिद अली को प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट में बल्लेबाजी करते हुए सीने में दर्द की शिकायत के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मंगलवार को उनके एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम (हृदय से जुड़ी बीमारी) से ग्रसित होने का पता चला। कायदे आजम ट्रॉफी में मध्य पंजाब की ओर से खैबर पखतूनख्वा टीम के खिलाफ खेल रहे आबिद ने दो बार सीने में दर्द की शिकायत की जिसके बाद उनकी टीम के मैनेजर अशरफ अली ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने और जांच कराने का फैसला किया। एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम में हृदय में रक्त के प्रवाह में अचानक कमी आती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बयान में कहा कि उसे (आबिद) तुरंत हृदय अस्पताल ले जाया गया जहां उसे एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम का पता चला। वह हृदय रोग विशेषज्ञ की निगरानी में इलाज करा रहा है जो आगे के उपचार के लिए पीसीबी की चिकित्सा टीम के संपर्क में है।

बोर्ड ने कहा कि अभी उसकी हालत स्थिर है। इस समय उसकी और उसके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह किया जाता है। पीसीबी ने कहा कि आबिद को बल्लेबाजी करते हुए सीने में दर्द और कंधे में असहजता की शिकायत करने पर अस्पताल ले जाया गया।

बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि आबिद के सभी एहतियाती परीक्षण किए गए हैं और यह क्रिकेटर अब बेहतर महसूस कर रहा है।

सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

क्र.	कर्जदार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर)	सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि	मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	शारिक हुसैन/ फौजिया खान/ (25500001452 & QZPTU00005022975)	प्लॉट नंबर 2566, अपर ग्राउंड फ्लोर खसरा नंबर - 412, ग्राम खमपुर राया, मंदिर वाली गली, शादीपुर, दिल्ली, नई दिल्ली- 110008) 18 दिसंबर, 2021	जुलाई 08, 2021 ₹. 33,61,850/-	दिल्ली/ एनसीआर

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: दिसंबर 22, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

कराची में मंदिर की मूर्तियां तोड़ी गईं

भाषा। कराची

पाकिस्तान के कराची में एक हिंदू मंदिर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्तियों को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कराची के पुराने शहर नारायणपुरा में स्थित नारायण मंदिर में सोमवार शाम को यह घटना हुई। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सरफराज नवाज़ ने बताया कि देवी-देवताओं की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में मोहम्मद वलीद शब्बीर नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कह कि उसे मुकेश कुमार नाम के हिंदू व्यक्ति की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। कुमार अपनी पत्नी के साथ नारायण मंदिर में प्रार्थना कर रहे थे, जब उन्होंने इस शख्स को हथौड़े से हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को तोड़ते देखा।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मंदिर में मौजूद गुस्साए हिंदू समुदाय

●पुलिस ने एक शख्स मोहम्मद वलीद को किया गिरफ्तार

के लोगों ने बदमाश को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में इलाके के हिंदू निवासियों ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया और सरकार से हिंदुओं को सुरक्षा देने की मांग की।

उन्होंने नारे लगाए और कहा कि वे घटना के बाद से इलाके में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इलाके में अधिकतर आबादी गरीब और कम आय वाले हिंदू परिवारों की है। वे दशकों से नारायणपुरा में रहते आए हैं। पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर दी है। सिंध के अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ज्ञानचंद इसरानी ने कहा कि इस बाबत मामला दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज में अशांति पैदा करती हैं। इसरानी ने कहा, हम ऐसे हमलों की निंदा करते हैं। एक अन्य हिंदू निवासी ने कहा कि क्षेत्र में बहुत सारे हिंदू परिवार हैं और उन्होंने ऐसी घटना कभी नहीं देखी है और क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम तकरार की कोई घटना कभी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हम मजदूर हैं और बहुत गरीब लोग हैं। हम किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं और हमेशा प्रार्थना करते हैं कि लोग हमारे पूजा स्थलों का भी सम्मान करें।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे घटना को अंजाम देने के मकसद की जांच कर रहे हैं। टूटी हुई पवित्र मूर्तियों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ के नेशनल असेंबली के सदस्य खीअल दास कोहिस्तानी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि दो में से एक हमलावर को पुलिस ने पकड़ लिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी मज़हब ऐसे कृत्यों की इजाजत नहीं देता है। मुल्क के अन्य हिस्सों में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं भी हुई हैं। अक्टूबर में, कोटरी शहर में सिंधु नदी के तट पर स्थित एक ऐतिहासिक हिंदू मंदिर को अज्ञात लोगों ने अपवित्र किया था। अगस्त में पंजाब के रहीम यार खान जिले के गणेश मंदिर में 200 से अधिक लोगों की भीड़ ने तोड़फोड़ की थी। मार्च में, अज्ञात लोगों के एक समूह ने रावलपिंडी में 100 साल से ज्यादा पुराने हिंदू मंदिर पर हमला किया था।

पिछले साल दिसंबर में, खैबर पख्तूनख्वा के कराक जिले के तेरी गांव में सदियों पुराने श्री परम हंस जी महाराज मंदिर को कुछ स्थानीय धर्म गुरुओं के नेतृत्व में आई भीड़ ने तोड़ दिया था। पिछले महीने में, इसे मुख्य न्यायाधीश गुलज़ार अहमद ने श्रद्धालुओं के लिए खोला था, जिन्होंने अधिकारियों को इसे फिर से बनाने का आदेश दिया था।

चीन-भारत सीमा पर स्थिरता कायमः चीन

भाषा। बीजिंग

चीन-भारत सीमा पर स्थिति आमतौर पर स्थिरै है और दोनों पक्ष पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के बाद सीमा पर स्थिति को सामान्य करने के लिए राजनयिक और सैन्य माध्यमों के जरिए संवाद एवं संचार बनाए हुए हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजान ने टिप्पणियां भारत-चीन सीमा पर मौजूदा स्थिति पर चीन के नजरिए के बारे में और विदेश मंत्री वांग ई की सोमवार की टिप्पणी के बार दोनों देशों के बीच संवाद की प्रगति को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में की। वांग ई ने कहा था कि चीन ने कुछ सीमाई क्षेत्रों में टकराव को प्रभावी तरीके से प्रबंधित एवं नियंत्रित किया है। झाओ ने यहां मीडिया से कहा, मैं आपको बता सकता हूं कि फिलहाल चीन और भारत के बीच सीमा पर स्थिति सामान्य तौर पर स्थिर है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे वक्त तक चले सैन्य गतिरोध का प्रत्यक्ष तौर पर संदर्भ दिए बिना कहा, सीमा पर स्थिति को तनावमुक्त बनाने की दिशा में काम करने के लिए दोनों पक्ष राजनयिक एवं सैन्य माध्यमों से संवाद और संचार बनाए हुए हैं। विदेश मंत्री वांग ने कहा कि चीन और भारत ने राजनयिक एवं सैन्य माध्यमों से संवाद बनाए रखा है, और द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने और विकसित करने के लिए साझा प्रतिबद्धता के तहत कुछ सीमा क्षेत्रों में टकराव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित और नियंत्रित किया है।

पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों के बीच जारी सीमा विवाद के बीच वांग का यह बयान आया है। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध से दोनों देशों के संबंधों में भी ठहराव आ गया था। पेंगोंग झील क्षेत्रों में हिंसक झड़प के बाद पिछले साल पांच मई को भारत और चीन की सेनाओं के बीच सीमा गतिरोध शुरू हो गया था और दोनों पक्षों ने धीरे-धीरे हजारों सैनिकों के साथ-साथ भारी हथियारों को लेकर अपनी तैनाती बढ़ा दी थी।

चीन ने अमेरिकी अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए

बीजिंग। चीन ने मंगलवार को अमेरिकी सरकार के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग के चार सदस्यों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। बीजिंग ने देश के उत्तर-पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र में मानवाधिकार उल्लंघन के मुद्दे पर चीनी अधिकारियों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के जवाब में यह कदम उठाया है। कदम शिनजियांग मुद्दे पर दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को दर्शाते हैं। वाशिंगटन ने संबंधित क्षेत्र से आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि उसका मानना है कि आयात की जाने वाली चीजें-हो सकता है कि लोगों से जबरन मजदूरी कराकर तैयार की गई हों। वहीं, मानवाधिकार कार्यकर्ता बीजिंग में फरवरी में होने जा रहे शीतकालीन ओलंपिक के बहिष्कार का आह्वान कर रहे हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने कहा कि अमेरिकी आयोग के अध्यक्ष और तीन सदस्यों के मुख्य भूमि चीन, हांगकांग तथा मकाऊका दौरा करने पर रोक लगा दी गई है तथा देश में उनकी कोई भी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। झाओ ने इन चारों लोगों की पहचान-अध्यक्ष नादिन मेंजा, उपाध्यक्ष नुरी तुर्केल और सदस्य अनुरिमा भार्गव तथा जेम्स कैर के रूप में की। झाओ ने इस बारे में कोई संकेत नहीं दिया कि इन लोगों की चीन में कोई संपत्ति है या नहीं। शिनजियांग में उइगर और अन्य-ज्यादातर मुस्लिम अल्पसंख्यकों के दमन में शामिल होने के आरोप में अमेरिका के वित्त विभाग ने 10 दिसंबर को चीन के दो अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

फ्रांस ने नाइजर जिराफ पार्क हमले से जुड़े आईएस आतंकी को मार गिराया

एपी। पेरिस

फ्रांस की सेना ने कहा है कि उसने वर्ष 2020 में नाइजर जिराफ पार्क में सात सहायता कर्मियों की हत्या में वांछित इस्लामिक स्टेट के क्षेत्रीय नेता को मार गिराया है। अगस्त 2020 में हुए इस हमले में मारे गए सहायताकर्मियों में एक गाइड व अन्य फ्रांसीसी नागरिक थे। फ्रांस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मंगलवार को कहा कि नाइजीरिया के अधिकारियों के सहयोग से फ्रांस के उग्रवाद निरोधक बल ऑपरेशन बारखने ने इस घातक हवाई हमले के दौरान सौमना बौरा को निशाना बनाया जो इस्लामिक स्टेट इन द ग्रेटर सहारा (आईएजीएस) का नेता था। इस उग्रवाद निरोधक बल ने तिल्लाबेरी शहर के उत्तर में आईएजीएस अभयारण्य में इसका पता लगाया एवं इस अभियान के बाद उसके शव की पहचान की। फ्रांस का दावा है कि नाइजर के कौरे पार्क में नौ अगस्त, 2020 को जो हमला किया था उसके हमलावरों में बौरा भी शामिल था। पेरिस के एनजीओ एसीटीईडी के अनुसार नौ अगस्त, 2020 को पूर्वाह्वान में यह हमला किया गया था और जो लोग मारे गए थे, वे उस दिन रविवार को वहां घूमने-फिरने गए थे। लोग इस एनजीओ के लिए काम करते थे।

लीबिया तट पर जहाजों के डूबने से 160 से अधिक शरणार्थियों की मौत

काहिरा। लीबिया में पिछले हफ्ते से लेकर अब तक दो अलग-अलग जहाजों में सवार 160 से अधिक शरणार्थी डूब गए। संयुक्त राष्ट्र के प्रवासी मामलों के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासी संगठन की प्रवक्ता सफा सेहली ने बताया कि शुक्रवार को लीबिया तट पर लकड़ी की नौका डूबने से कम से कम 102 शरणार्थियों की मौत हो गई। कम से कम आठ अन्य को बचा लिया गया और तट तक लाया गया। तीन दिन बाद लीबिया तटरक्षक बबल ने एक अन्य जहाज के मलबे से कम से कम 62 शरणार्थियों के शव बरामद किए। उन्होंने बताया कि कम से कम 210 शरणार्थियों को ला रही एक अन्य नौका को रोका गया और लीबिया वापस लाया गया।

मॉस्को में सोवियत नेता जोसेफ स्टालिन के जन्म की 142 वीं वर्षगांठ के अवसर पर उनकी कब्र पर फूल चढ़ाते समर्थक

सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने सना में हवाई अड्डे पर विद्रोहियों ठिकानों पर किए हवाई हमले

एपी। काहिरा

यमन में ईरान समर्थित विद्रोहियों का मुकाबला कर रहे सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि उसने देश की राजधानी सना में हवाई अड्डे पर विद्रोहियों के ठिकानों पर सोमवार को हवाई हमले किए। गठबंधन द्वारा संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के सदस्यों और आम नागरिकों को हवाई अड्डे से बाहर जाने के लिए कहने के एक घंटे बाद ही हमले किए गए। गठबंधन ने दावा किया है कि हूती विद्रोहियों ने सना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सऊदी अरब में बैलिस्टिक मिसाइलों और विस्फोटकों से भरे ड्रोन लॉन्च करने के लिए एक सैन्य अड्डे में तब्दील कर दिया है। हूती विद्रोहियों ने यमन की राजधानी पर सितंबर 2014 से कब्जा कर रखा है। हालांकि, सऊदी के नेतृत्व वाले गठबंधन के हस्तक्षेप ने 2015 में दक्षिण में उन्हें और आगे बढ़ने से रोक दिया। यह युद्ध वर्षों से जारी है, जिसने दुनिया का सबसे खराब मानवीय संकट उत्पन्न कर दिया है। दोनों ही पक्षों ने हमले का विस्तृत ब्यौरा और जानमाल के नुकसान के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है। यमन में मौजूद संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने भी हवाई अड्डे से अपने कर्मचारियों को निकालने के संबंध में कोई बयान नहीं जारी किया। इस बीच हूती विद्रोहियों ने संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मदद मुहैया कराने आए दो विमानों को सना हवाई अड्डे पर उतरने से रोक दिया।

सुलेमानी की हत्या में इजराइल का हाथ था

एपी। यरूशलम

इजराइली सेना के खुफिया विभाग के पूर्व प्रमुख का कहना है कि जनवरी 2020 में ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी को मार गिराने वाले अमेरिकी हवाई हमले में उनका देश भी शामिल था। इस अभियान में इज़राइल के शामिल होने की बात पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार की गई है। सुलेमानी ईरान के रेवोल्यूशनरी गार्ड के कुद्स फोर्स के प्रमुख थे और विदेशों में अर्धसैनिक बलों के साथ ईरान के संबंधों की जिम्मेदारी उठाते थे।

जनवरी 2020 में बगदाद हवाई अड्डे पर हुए अमेरिकी ड्रोन हवाई हमले में उनकी मौत हो गई थी। यहां तक कि इस घटना के बाद आसपास के देशों के पूरी तरह युद्ध में उलझने का खतरा पैदा हो गया था। हवाई हमले के एक सप्ताह बाद एनबीसी न्यूज ने अपनी खबर में कहा था कि हवाई हमले से पहले दमिश्क से बगदाद तक सुलेमानी के उड़ान संबंधी सूचना की पुष्टि में इजराइली खुफिया विभाग ने मदद की थी। इस

● खुफिया विभाग के पूर्व प्रमुख का खुलासा

साल की शुरूआत में याहू न्यूज ने खबर दी थी कि इजराइल के पास सुलेमानी की जानकारी थी और उसने यह सूचना अमेरिका को दी।

अक्टूबर तक सैन्य खुफिया विभाग के प्रमुख रहे मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तामिर हेयमान पहले ऐसे अधिकारी हैं जिन्होंने इस हवाई हमले में इजराइल की भूमिका होने की पुष्टि की है। हेयमान का बयान इजराइली खुफिया विभाग से नजदीक से जुड़ी हिब्रू भाषा में प्रकाशित एक पत्रिका के नवंबर संस्करण में छपा है। उनका यह साक्षात्कार सेना से सेवानिवृत्ति से कुछ ही सप्ताह पहले सितंबर महीने में लिया गया था। साक्षात्कार के लेखक ने लिखा है कि हेयमान ने बातचीत की शुरूआत ही उस अमेरिकी हवाई हमले से की जिसमें सुलेमानी की मौत हुई थी, जिसमें इजराइल ने भी भूमिका निभाई थी हेयमान ने पत्रिका से कहा, सुलेमानी को मार गिराना हमारे लिए उपलब्धि थी क्योंकि, मेरी नजरों में, हमारे मुख्य दुश्मन ईरानी हैं। उन्होंने कहा कि सेना के खुफिया विभाग के प्रमुख के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान दो महत्वपूर्ण हत्याएं हुई हैं।

उन्होंने कहा कि पहला जैसा कि मैंने बताया, कासिम सुलेमानी इतने वरिष्ठ व्यक्ति, जिन्होंने रणनीतियां बनाई हों, जो मोर्चों पर लड़ने वाली सेना की सामरिक रणनीति तय करते हो जो इनको अंजाम देते हों, उनके बारे में पता लगना बहुत दुर्लभ बात है। हेयमान ने सुलेमानी को पड़ोसी देश सीरिया में ईरानी मोर्चे की ट्रेन का इंजन बताया। इजराइल ने पिछले एक दशक में सीरिया में सैकड़ों हवाई हमले किए हैं, लेकिन उनपर सार्वजनिक रूप से बिरले ही टिप्पणी करता है। हालांकि, इजराइल का कहना है कि उसने ईरान समर्थित बलों और ईरान के प्रॉक्सी (लेबनानी शिया मिलिशिया हिज्बुल्ला) के लिए जाने वाली हथियारों की खेप को ही निशाना बनाया है। हेयमान ने कहा कि इजराइल के हमलों ने ईरान को सीरिया में पैर जमाने से रोका है। गौरतलब है कि इजराइल की सेना ने हेयमान की टिप्पणियों को लेकर प्रतिक्रिया के अनुरोध पर तत्काल कोई उत्तर नहीं दिया है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने सैन्य अभ्यास में क्रूज मिसाइलें दागीं

तेहरान। ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने मंगलवार को देश के दक्षिण क्षेत्र में एक बड़े सैन्य अभ्यास के दौरान क्रूज मिसाइलें दागीं। समाचार एजेंसी तसनीम की खबर के अनुसार, मिसाइलों के प्रकार और दूरी के बारे में नहीं बताया गया है। खबर में कहा गया कि पांच क्रूज मिसाइलों और कई ड्रोन ने सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों पर निशाना साधा। बल ने पहले कहा था कि उसके पास 1,000 किलोमीटर (620 मील) की रेंज वाली क्रूज मिसाइल हैं। इसने कहा था कि उसके पास 2,000 किलोमीटर (1,250 मील) की दूरी तक मार करने वाली मिसाइल भी हैं, जो इस क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों तक पहुंचने के लिए पर्याप्त संख्या से अधिक हैं। ईरान ने सोमवार को यह सैन्य अभ्यास किया शुरू किया था।

एस्ट्राजेनेका टीके से मिलने वाली सुरक्षा दोनों खुराक लेने के तीन महीने बाद घट जाती है

अध्ययन

भाषा। लंदन

ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका के कोविड-19 टीके की दो खुराक लगने के तीन महीने बाद इससे मिलने वाली सुरक्षा घट जाती है। लांसेट जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। ब्राजील और स्कॉटलैंड के आंकड़ों से निकाले गए निष्कर्षों से यह पता चलता है कि एस्ट्राजेनेका टीका लगवा चुके लोगों को गंभीर रोग से बचाने के लिए बूस्टर खुराक की जरूरत है। एस्ट्राजेनेका टीके को भारत में कोविशील्ड के नाम से जाना जाता है। शोधकर्ताओं ने एस्ट्राजेनेका टीका लगवा चुके स्कॉटलैंड में 20 लाख लोगों और ब्राजील में 4.2 करोड़ लोगों से जुड़े आंकड़े का विश्लेषण किया। अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि स्कॉटलैंड में, दूसरी खुराक लगने के दो हफ्ते बाद की तुलना में, दोनों खुराक लगने के करीब पांच महीने बाद कोरोना वायरस संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती होने या मौत होने की गुंजाइश करीब पांच गुना बढ़ गई। उन्होंने बताया कि टीके की प्रभाव क्षमता में कमी पहली बार करीब तीन महीने बाद नजर आती प्रतीत हुई, जब दूसरी खुराक के दो हफ्ते बाद की तुलना में अस्पताल में भर्ती होने और मौत का खतरा दोगुना हो गया।

स्कॉटलैंड और ब्राजील के शोधकर्ताओं ने पाया कि दूसरी खुराक के बाद महज चार महीने पर अस्पताल में भर्ती होने की संभावना और मौत का खतरा तीन गुना बढ़ गया। यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग,यूके के प्रोफेसर अजीज शेख ने कहा, महामारी से लड़ने में टीका एक महत्वपूर्ण उपाय है, लेकिन उसकी प्रभाव क्षमता का कम होना चिंता का विषय है।

शेख ने कहा कि ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका टीके की प्रभाव क्षमता कम पड़ने की शुरूआत होने का पता लगने से सरकारों के लिए बूस्टर खुराक का कार्यक्रम तैयार करना संभव होगा, जिससे अधिकतम सुरक्षा बरकरार रखना सुनिश्चित हो पाएगा

अमेरिका में ओमीक्रोन से मौत का पहला मामला आया सामने

ह्यूस्टन (अमेरिका)। अमेरिका के टेक्सास राज्य में कोरोना वायरस के नए ओमीक्रोन स्वरूप से एक मरीज की मौत हो गई, जो देश में संक्रमण के इस स्वरूप से मौत का पहला मामला है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अमेरिका में ओमीक्रोन से मौत का पहला मामला ऐसे दिन सामने आया है जब रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने कहा कि संक्रमण के अन्य स्वरूपों के मुकाबले ओमीक्रोन के मामले बढ़ रहे हैं और देश में पिछले हफ्ते संक्रमण के 73 प्रतिशत नए मामले ओमीक्रोन के आए हैं। हैरिस काउंटी पब्लिक हेल्थ द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार अमेरिका के टेक्सास राज्य में 50 वर्ष के आस-पास के एक व्यक्ति की मौत हुई है। उसने टीके की खुराक नहीं ली थी और वह पहले भी कोविड-19 से संक्रमित हो चुका था। सीएनएन की खबर के मुताबिक यह मामला अमेरिका में ओमीक्रोन से संबंधित मौत का पहला मामला है। विज्ञप्ति में कहा गया है, टीके की खुराक न लेने और खराब स्वास्थ्य के कारण इस व्यक्ति के कोविड-19 से गंभीर रूप से बीमार पड़ने का अत्यधिक खतरा था। काउंटी की न्यायाधीश लीना हिडाल्गो ने सोमवार को मौत की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उसने टीके की खुराक नहीं ली थी और उसे अन्य बीमारियां भी थीं।

उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने टीके की पूरी खुराक और बूस्टर खुराक ले रखी है उनके अस्पताल में भर्ती होने की संभावना बेहद कम है। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरा फोन बज रहा था और यह हमारे जन स्वास्थ्य निदेशक का फोन था, जिन्होंने बताया कि ओमीक्रोन से पहली मौत अभी हुई है।

ह्यूस्टन मेथडिस्ट हॉस्पिटल ने सोमवार को बताया कि उसके 82 प्रतिशत नए मामले ओमीक्रोन के हैं। ओमीक्रोन के ए नए मामले महज तीन हफ्तों में आए हैं जबकि डेल्टा स्वरूप के मामलों को इस स्तर तक पहुंचने में तीन महीने का वक्त लगा था। टेक्सास के चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल में भी पिछले हफ्ते से लेकर अब तक अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या दोगुनी और तिगुनी दर्ज की जा रही है। हिडाल्गो ने कहा कि ओमीक्रोन के मामले बहुत तेजी से फैल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अधिक संक्रामक है। ओमीक्रोन स्वरूप के मामलों को दोगुना होने में जितना वक्त लगता है वह बहुत चिंताजनक है।

सीडीसी के अनुसार प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि यह दो से तीन दिनों में दोगुना हो रहा है। डेल्टा स्वरूप के मामले 11 दिनों में दोगुने होते थे। हैरिस काउंटी ने सोमवार को कोविड से होने वाले खतरे का स्तर बढ़ाकर ओरेंज श्रेणी में कर दिया, जिसका मतलब है कि निवासियों को टीके की खुराक लेने तक अपने संपर्कों को कम से कम रखने की सलाह दी जाती है।

पाकिस्तान ने अधिक दूरी तक मार करने वाली बाबर क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान ने स्वदेश निर्मित सतह से सतह पर मार करने वाली बाबर क्रूज मिसाइल की बढ़ाई हुई रेंज के प्रारूप का मंगलवार को सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल 900 किमी की दूरी तक लक्ष्य को भेद सकती है, जो इसी मॉडल की एक पूर्ववर्ती मिसाइल की तुलना में दुगुनी दूरी है।

पाकिस्तानी थल सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा, पाकिस्तान ने स्वदेश विकसित बाबर क्रूज मिसाइल 1बी की बढ़ाई हुई रेंज प्रारूप का आज सफल परीक्षण किया। फरवरी में, पाकिस्तान ने बाबर क्रूज मिसाइल के पूर्ववर्ती संस्करण का सफल प्रशिक्षण परीक्षण किया था। उसकी क्षमता 450 किमी तक लक्ष्य को भेदने तक सीमित थी।

पाकिस्तानी थल सेना ने एक बयान में कहा कि बाबर मिसाइल जमीन पर

और समुद्र में अधिक सटीकता से लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। सेना के मुताबिक बाबर क्रूज मिसाइल 1बी के परीक्षण को सामरिक योजना प्रभाग के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जकी मांज सहित वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने देखा। बयान में कहा गया है कि सामरिक योजना प्रभाग के महानिदेशक ने कूज मिसाइल प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता हासिल करने पर वैज्ञानिकों और इंजीनियर को बधाई दी। साथ ही अपना पूरा भरोसा जताया कि यह परीक्षण पाकिस्तान के सामरिक प्रतिरोध को और मजबूत करेगा। मिसाइल के सफल परीक्षण पर राष्ट्रपति डॉ आरिफ अल्वी, प्रधानमंत्री इमरान खान, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने वैज्ञानिकों तथा इंजीनियर को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने अगस्त में पारंपरिक आयुध ले जा सकने वाली स्वदेश निर्मित रॉकेट प्रणाली फतह-1 का सफल परीक्षण किया था।

रूस ने यूक्रेन में नाटो का विस्तार नहीं करने का आश्वासन देने की मांग की

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को फिर कहा कि उन्हें अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से यह आश्वासन चाहिए कि नाटो पूर्व की ओर अपना विस्तार नहीं करेगा। इसके साथ ही पुतिन ने यूरोप में बढ़ते तनाव के लिए पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया।

रूस के उच्च सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक में पुतिन ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब कुछ दिन पहले पहले ही मास्को ने यूक्रेन तथा अन्य पूर्व सोवियत देशों को नाटो की सदस्यता नहीं देने संबंधी मसौदा सुरक्षा दस्तावेज पेश किए हैं।

प्रस्तावित रूस-अमेरिका सुरक्षा समझौते और मास्को तथा नाटो के बीच हुए एक सुरक्षा समझौते में लिखित मांग का मसौदा यूक्रेन के निकट बढ़ते रूसी सैन्य जमावड़े के बीच बढ़ते तनाव के दौर में तैयार किया गया है। रूस ने यूक्रेन पर हमले की योजना से इनकार किया है।

सार्स-सीओवी-2 के अलग-अलग स्वरूपों के लक्षण संभवतः अलग-अलग होते हैंः अध्ययन

लॉस एंजिलिस (अमेरिका)। सार्स-सीओवी-2 के अलग-अलग स्वरूपों के मरीजों में संक्रमण के लक्षण संभवत: अलग-अलग होते हैं। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है।

अमेरिका में सदर्न कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ता यह जानना चाहते थे कि क्या विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के मरीजों में या अलग स्वरूप के मरीजों में कोविड-19 के लक्षण भी अलग-अलग हैं। उन्होंने बताया कि संक्रामित की चपेट में आने के साथ ही उत्पन्न लक्षणों की पहचान करने से यह पता लगाने में मदद मिल सकती है कि मरीज किस स्वरूप से संक्रमित है, जिससे बीमारी के प्रसार को भी कम किया जा सकता है।

पत्रिका पीएलओएस कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में एक मॉडल तैयार करके जनवरी से मई 2020 के बीच अमेरिका में 373,883 मामलों में लक्षण क्रम का अनुमान लगाने की कोशिश की गई।

अध्ययन में पाया गया कि अमेरिका में संक्रमण के प्रारंभिक लक्षण चीन की तुलना में अलग थे, जहां रोगियों में पहला लक्षण बुखार, दूसरा खांसी और मतली या उल्टी एक सामान्य तीसरा लक्षण था। वहीं, अमेरिका में खांसी सबसे पहला सामान्य लक्षण और दस्त तीसरा लक्षण था।

अध्ययन टीम ने स्कॉटलैंड और ब्राजील के बीच आंकड़ों की तुलना भी की क्योंकि दोनों देशों में दो खुराक के बीच 12 हफ्ते का एक समान अंतराल है। हालांकि अध्ययन अवधि के दौरान दोनों देशों में कोरोना वायरस का प्रबल स्वरूप अलग-अलग था। स्कॉटलैंड में डेल्टा जबकि ब्राजील में गामा स्वरूप था।



चेतना के साथ प्रयास

हिंगोरी का कहना है कि चेतना को समझने का एकमात्र तरीका दूसरों के अनुभवों के संदर्भ में है और इसे स्वयं अनुभव करना है

चेतना की अवधारणा क्या है और यह सारा झंझट क्या है?मैं चेतना को कैसा महसूस करता हूँ.. क्या कोई मेरे लिए इसका वर्णन कर सकता है?जैसा कि हम जानते हैं कि नौसिखिया अध्यात्मवादी का दिमाग अक्सर इस पर रहता है -वह विशेष रूप से दुनिया के हर हिस्से में लगभग हर संस्कृति से प्राप्त जानकारी के अकादमिक प्रसार से प्रेरित रहता है।

क्या यह देखना संभव है कि चेतन और निर्जीव चीजें दुनिया के साथ कैसे संवाद करती हैं, जो कि वही चीज है जिसे आप देखना चाहते हैं? भ्रमित हैं ? निश्चित रूप से। चेतना को समझना मुश्किल है क्योंकि इसे सीधे समझने का कोई तरीका नहीं है। इसका एक ही तरीका है कि इसे किसी और के अनुभवों के संदर्भ में समझने का प्रयास किया जाए और अंततः इसे स्वयं अनुभव किया जाए।

मैं भी इसके बारे में उत्सुक था और इसका सही अर्थ तभी समझ में आया जब मैंने अपने गुरु को एक सूक्ष्म पर्यटक के रूप में अपनी अनेक यात्राओं में से एक के लिए अपना शरीर छोड़ते हुए देखा। इनमें से कुछ पर, वह हम में से कुछ को साथ ले गये, जहां हमने 'गति' की उल्लेखनीय अवधारणा की खोज की और शरीर के बिना आत्मा का अनुभव किया। मीलों को पल भर में कवर किया गया था और बाद में, जब मेरा तार्किक दिमाग अनुभव को मान्य प्रदान करना चाहता था, सटीक रूप में जो नक्षत्र यात्रा में देखा गया था, और वही अनुभव किया गया था जब मैंने एक समर्पित पर्यटक के रूप में उन्हीं स्थानों का दौरा किया था।

भूत, वर्तमान और भविष्य देवत्व के विशेष पहलुओं को समझने हेतु मनुष्य की रचना हैं। मनुष्य ने अपनी सरलता में इन्हें रैखिक के रूप में परिभाषित किया है जो कि ऐसा नहीं है। ऐसे ही एक मामले में रेखाएं धुंधली हो गईं और मुझे एक ऐसे दायरे में ले जाया गया जहाँ मैंने अपने गुरु के शिष्यों की एक कतार देखी जो उनके जन्म की प्रतीक्षा कर रहे थे ताकि वे उनके साथ यात्रा जारी रख सकें।

चेतना इंद्रियों से परे अनुभव करती है जैसे यह सब अनुभव कर रही है। हालांकि, ऐसे मौके होते हैं जब हमारे लिए, वास्तव में आकर्षक अनुभव बनाने के लिए शरीर, इंद्रियों और चेतना के बीच अभिसरण होता है। वे क्यों या कब होते हैं, यह अनुमान लगाने योग्य नहीं है - लेकिन ऐसा होता है कि वे करते हैं।

मैं आपके साथ इनमें से कुछ अनुभव साझा करता हूं, जैसा कि उन लोगों में से कुछ ने बताया है, जिन्हें मैंने 'स्व' की खोज में उनकी मदद करने के लिए सलाह देने की जिम्मेदारी ली है। शायद आप इनसे चेतना की बेहतर समझ प्राप्त करेंगे और अपने स्वयं के कुछ अनुभवों से बेहतर संबंध बनाने में भी सक्षम होंगे।

चेतना की उड़ान- अनुपम ने खुद को दुनिया भर में, या शायद अलग दुनिया में एक सूक्ष्म दौड़ में देखा। पहले कुत्ते के रूप में अपनी चेतना संचालित करते हुए, उन्होंने खुद को एक भूरे और सफेद बड़े कुत्ते के रूप में वर्णित किया जो विभिन्न वनस्पतियों के साथ इलाकों में चल रहा था और फिर जब इलाके में काफी बदलाव आया तो अनुपम एक पक्षी में बदल गया, बाद में एक तेंदुआ, फिर कोई अन्य प्राणी, और अंततः एक बाघ... लगातार एक अस्पष्ट एकल प्रतियोगी के साथ दौड़ में, और बड़ी दूरी पर छलांग लगाने की क्षमता के साथ। यह सुनकर, मैंने उनसे कहा कि अनुभव 'ब्रह्मा की आधार रेखा' था। हालांकि मैं, एक अन्य लेख में इसका क्या अर्थ है, इसके बारे में अधिक विस्तार से बताऊंगा, यह कहना पर्याप्त होगा कि उनकी चेतना उन्हें एक यात्रा पर ले गई ताकि उन्हें रचनाकार के विचारों की अभिव्यक्ति के आधार पर सृजन और रूप के सार को समझने में मदद मिल सके।

चेतना के पास एक आगंतुक है- एक अन्य मामले में, मुंबई की गायत्री, ध्यान में गहरी बैठी थी और अचानक लगा कि सब कुछ पूरी तरह से रुक गया है - सारे विचार, हवा, उसकी सांस, उसका शरीर सब कुछ। इंद्रियों ने अभी भी बेवजह काम किया है, और उसे यह महसूस हो रहा था कि सब कुछ एकदम सही है। कमरे में तापमान, शांति और स्थिरता - सब कुछ ठीक वैसा ही था जैसा होना चाहिए। एक प्राणी, लगभग 20 फीट लंबा और एक सुंदर नीले रंग का प्रकाश उसके पास जाता हुआ दिखाई दिया, वे दोनों मुस्कुराए, मानो एक-दूसरे की उपस्थिति को स्वीकार कर रहे हों, और फिर जीव उसके पीछे चलता रहा, जैसे ही चीजें सामान्य स्थिति में फिर से शुरू हुईं . एक बार पूरी तरह से अपनी इंद्रियों के नियंत्रण में (वास्तव में सच्चाई यह है कि वास्तविकता इस कथित नियंत्रण के ठीक विपरीत है) वह थोड़ी स्तब्ध थी। उसका तर्कसंगत दिमाग उसके अनुभव को सही नहीं ठहरा सकता था, चाहे उसने कितनी भी कोशिश की हो। सच में, यह उसकी चेतना थी जिसने उसके साथ एक छोटा सा खेल खेला और उसे उसके वास्तविक स्वरूप के एक हिस्से का दौरा करने दिया। शरीर निष्क्रिय था, इंद्रियां अभी भी क्रियाशील थीं और चेतना सत्ता के साथ अंतः क्रिया कर रही थी।

> भूत, वर्तमान और भविष्य देवत्व के विशेष पहलुओं को समझने हेतु मनुष्य की रचना हैं।

चेतना का विलय- एक और बार दिल्ली के अनुज ने मुझसे कहा कि वह जानता है कि घास का एक ब्लेड कैसा लगता है। वो यह जानता था क्योंकि ध्यान में उसकी चेतना घास के साथ एकाकार हो गई है। मैंने उसकी ओर देखा, यह जानते हुए कि वह क्या महसूस कर रहा था, लेकिन उसकी प्रतीक्षा कर रहा था कि वह इसे अपने लिए खोज ले क्योंकि यह इन अकथनीय अनुभवों में से एक था जिसे कुछ लोग देखते हैं। मैंने उनसे इसका वर्णन करने के लिए कहा और उन्होंने कहा, 'कोई अतीत नहीं है, कोई भविष्य नहीं है, और सब कुछ वो पल है। हवा है और हवा के साथ गति है लेकिन रौंदने की कोई चिंता नहीं है। यह वास्तव में पल में होना और इसे जीना है। न मृत्यु का भय है, न अस्तित्व का बोध - यह इतना ही है।'' उनका अनुभव तब उन्हें एक पेड़ के स्टंप और एक बड़े गोल पत्थर के रूप में ले गया, जिसमें एक महीन भूरी दरार जैसी रेखा थी। चेतना की अभिव्यक्ति के ऐसे तरीके हैं जब वह स्वयं को प्रकट करने का निर्णय लेती है।

ये कई कहानियों में से कुछ हैं और उनमें से प्रत्येक में चेतना थोड़ा अलग व्यवहार करती है - शायद एक संदेश संप्रेषित करने के लिए या शायद कनेक्ट करने के लिए। इस तरह के अनुभव अक्सर इन लोगों के जीवन को देखने के तरीके को मौलिक रूप से बदलने के लिए जिम्मेदार होते हैं और जिसे योग वशिष्ठ में '' विश्व-रूप'' के रूप में संदर्भित किया जाता है। अगर मैं आपको कुछ विचारों पर विचार करने के लिए छोड़ दूं, तो मैं कहूंगा - उम्मीद करें कि कुछ भी नहीं होगा, जो कुछ भी होता है उसे स्वीकार करें और सेवा, मंत्र विद्या और अपने गुण मिश्रण पर ध्यान केंद्रित करें। अन्य लोगों की तरह जिनका मैंने ऊपर उल्लेख किया है - आपके भीतर भी दिव्यता है और यदि आप किसी भी समय इस पर सवाल उठाते हैं, तो आपकी चेतना आपको यह दिखाने के लिए सैर पर ले जाने का निर्णय ले सकती है कि आप वास्तव में कौन हैं

-लेखक आध्यात्मिक पुस्तकों की हिंगोरी सूत्र श्रृंखला के लेखक हैं।

महामारी का गतिशास्त्र

प्रमोद पाठक

जबकि हम महामारी के आर्थिक प्रभावों के बारे में बहुत अधिक बात कर रहे हैं, मगर मानव व्यवहार पर महामारी के निरंतर प्रभाव के नुकसान पर कम ध्यान दिया गया है। हालांकि भारत में समाज पर इस महत्वपूर्ण पहलू के संदर्भ में बहुत कम शोध हुआ है, लेकिन टाइम पत्रिका ने एक दिलचस्प कहानी पेश की कि कैसे अवांछनीय व्यवहार परिवर्तनों ने अमेरिका में मानव आचरण को प्रभावित किया। वकीलों की भीड़, अपने ग्राहकों के अनियंत्रित व्यवहार के कारण हुई पीड़ा के कानूनी उपचार की मांग करने वाले मुवक्किलों से भरी हुई थी। रेस्तरां, एयरलाइंस ने अपने ग्राहकों के अशिष्ट व्यवहार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी। इस तरह के व्यवहार के लिए लोगों पर लगाए गए जुर्माने की अनुमानित राशि इस वर्ष 7 करोड़ 45 लाख थी। क्राइम रेट भी बढ़ा। यह धारणा गलत साबित हुई कि कोरोना से संबंधित प्रतिबंधों में ढील देने से मानव व्यवहार पर हुए महामारी के प्रभाव में कमी आएगी और सामाजिक मेलजोल में अधिक सद्भाव और सौहार्द बढ़ेगा। मनोवैज्ञानिकों का सुझाव है कि लॉकडाउन के कारण लंबे समय तक के कारावास की अवधि के कारण खराब सामाजिक संपर्क और खराब पारस्परिक कौशल हुआ। पारस्परिक कौशल निरंतर संपर्क के माध्यम से विकसित और निखारे जाते हैं जो मनुष्य को सुसंस्कृत और मानवीय बनाते हैं। समाजशास्त्री इसका श्रेय समाजीकरण की प्रक्रिया को देते हैं जो मनुष्यों को सामाजिक कौशल हासिल करने में मदद करती है। ये सीखी हुई विशेषताएं हैं जिन्हें निरंतर सामाजिक उत्तेजना के साथ उठाया जाता है। चूंकि ये सीखे जाते हैं, इसलिए वे अनलक्षित भी हो सकते हैं, अनुपयोगी होने के कारण भी। कई प्रतिबंध, कुछ आवश्यक और कुछ अर्थहीन, उन लोगों की पहले से ही बढ़ती हताशा में शामिल हो गए, जिन्होंने तीक्ष्णता, चिड़चिड़ापन और अधीरता विकसित की थी। लेकिन टाइम पत्रिका की यह कहानी केवल अमेरिकी परिघटना नहीं हो सकती। यह एक मानवीय घटना है। यही व्यवहार परिवर्तन अन्य देशों में भी देखा गया। इस घटना को ऑस्ट्रेलिया में सामाजिक वैज्ञानिकों द्वारा देखा गया था, जिसे जीवन शैली के अचानक व्यवधान के प्रभाव के रूप में समझाया गया था, जिसने सामाजिक जीवन की नई मांगों को समायोजित करने और अनुकूलित करने के लिए बहुत कम समय दिया, जिसे अब हम फैशन में नया सामान्य कहते हैं। यह भारत के बारे में भी सच हो सकता है। ग्राहक सेवा में लगे लोग व्यवहार में इस तरह के बदलाव की गवाही दे सकते हैं। भले ही ये व्यवहारिक परिवर्तन स्थायी नहीं होंगे, फिर भीए उन्हें बहाल होने में काफी समय लगेगा क्योंकि अशिक्षा और पुनः सीखने की प्रक्रिया धीमी है। सबसे दर्दनाक मामला उन बच्चों का रहा है जो अपने जीवन की एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रारंभिक अवधि में सहकर्मी समूह की समस्त महत्वपूर्ण सामाजिक उत्तेजनाओं को प्राप्त करने का अवसर पाने से पूर्णतया चूक गए और इसका एक महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है। हालांकि इन व्यवहार परिवर्तनों को लाने में महामारी सबसे महत्वपूर्ण कारक रही है, फिर भी, कई मनोवैज्ञानिक शोधकर्ताओं के अनुसार, अत्यधिक मुखर शासन और विशाल ऑनलाइन निर्भर जीवन शैली ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय से लेकर सांस्थानिक तक, सभी स्तरों पर नेतृत्व ने महामारी के प्रभाव से जूझ रहे लोगों के प्रति सहानुभूति नहीं दिखाई। अधिक मानवीय और आश्वस्त करने वाले दृष्टिकोण की आवश्यकता थी। जहां तक भारतीय परिदृश्य का संबंध है, हमने मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे की उपेक्षा की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हमारी आबादी का लगभग आठ प्रतिशत मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है। हमें कोविड के बाद के युग में मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के प्रति अधिक व्यापक और व्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

पाठक प्रबंधन लेखक और एक प्रशंसित प्रोफेसर हैं।

अजीत कुमार बिश्नोई का कहना है कि अगर कोई भगवान का निमित्त बनने में कामयाब होता है तो अकल्पनीय लाभ होते हैं

बड़ी उपलब्धि

वर्तमान जीवन में मनुष्य के लिए क्या है?तो इसके कई जवाब होंगे। व्यक्ति जितनी भी बेइंतहा संपत्ति इकट्ठा करने की भरपूर कोशिश कर ले, वह कोई अतिरिक्त सुरक्षा नहीं देती है, व्यक्ति एक साधारण व्यक्ति की तरह ही होता है। फिर, सवाल उठता है, क्या अतिरिक्त सुरक्षा पाने का कोई तरीका है? हां, बुरे अंत से बचने का एक तरीका है।

भगवान कृष्ण कहते हैं, ''हजारों पुरुषों में से शायद ही कोई पूर्णता के लिए प्रयास करता है। उन प्रयत्नशील योगियों में से भी, शायद ही कोई मुझे सार रूप में जानता है।'' (7.3) ''और सर्वोत्तम ज्ञान के बारे में जानकर व्यक्ति पूर्णता के लिए सफलतापूर्वक प्रयास करेगा।'' (14.1) आइए हम ईमानदार रहें। हममें से कितने लोग मुक्ति पाने की इच्छा भी रखते हैं? भगवान कृष्ण ने भगवदगीता में वो ज्ञान दिया है, जिसे गंभीरता से जानने पर ऐसी इच्छा पैदा होती है। फिर व्यक्ति धीरे-धीरे योगी बन जाता है। यह कई जीवन का मामला हो सकता है। तत्पश्चात् अनेक जन्मों के अभ्यास से सिद्धि प्राप्त करने वाला योगी पापों से मक्त हो जाता है अर्थात् मोक्ष प्राप्त करता है। (6.45)

इसलिए, हम मुक्ति को लक्षित करने के बारे में भूल सकते हैं। आइए अगली सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के लिए प्रयास करें। अर्जुन ने यही किया, वह भगवान का निमित्त (साधन) बन गया। (11.33) निमित्त क्या करता है? वह खुद को भगवान की योजना के साथ संयोजित करता है। भगवान - निर्माता के पास एक योजना होती है जैसे एक बड़े व्यापारी के पास अपने साम्राज्य के लिए होगी, हालांकि भगवान की योजना सभी को शामिल करती है। हमारी बहुत सी इच्छाएं होती हैं लेकिन सबसे प्रबल इच्छा क्या है? यह हमारे कार्यों को प्रेरित करेगी। एक निमित्त ईश्वर के निर्देशों (18.73) का पालन करता है, जिसमें से भगवान की शरण लेना मुख्य है। (18.62)

यदि कोई भगवान का निमित्त बनने में कामयाब हो जाता है, तो वह उसे असाधारण करतब करने की शक्ति देता है, तो अकल्पनीय लाभ होते हैं। विविध क्षेत्रों से आने वाले कई अत्यधिक सफल व्यक्तियों ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उन्होंने जो हासिल किया वह उनकी क्षमताओं से परे था, इसमें भगवान की बड़ी भूमिका थी। व्यक्ति बहुत उपयोगी जीवन व्यतीत करेगा, व्यक्ति जो प्राप्त करता है उससे अत्यधिक संतुष्ट होगा। भगवान उसे जवाब देंगे : ऐसे संकेतों को लंबे समय तक संयोग नहीं माना जा सकता है। यह भी समझ में आता है। एक छोटी आत्मा बिना प्रोत्साहन के तपस्या पथ पर कैसे जा सकती है, और वो भी काफी ध्यान देने योग्य है।

भगवान अपने निमित्तों के लिए सभी प्रमुख निर्णय लेते हैं, यहां तक कि उनकी इच्छा के विरुद्ध भी, जैसा कि उन्होंने अर्जुन के लिए किया था। (11.34), जो शुरू में लड़ने के लिए तैयार नहीं थे। (2.9) भगवान ज्यादातर नींद के दौरान निर्देश देते हैं, खासकर शुरुआती घंटों में, जब हम उठने वाले होते हैं। इतना ही नहीं, परमेश्वर तब तक पीछा करता रहता है जब तक हम वह स्वीकार नहीं करते जो वह हमसे चाहता है, जब तक हम उसके अनुरूप नहीं होते तब तक भगवान कई माध्यमों का उपयोग करता है। भगवान वास्तव में कर्ता की भूमिका निभाते हैं, जैसा कि उन्होंने अर्जुन के लिए किया था, जैसा कि भगवान कृष्ण ने गीता के ग्यारहवें अध्याय में कहा है। और भगवान कभी असफल नहीं होते, क्या वह सर्वशक्तिमान नहीं है? यह आश्चर्यजनक लग सकता है, हम शायद उनका निमित्त बनना भी नहीं चाहते, यदि ईश्वर हमारी क्षमता को देखता है, तो वो यह उपकार करता है। यह कुछ हद तक टैलेंट हंटिंग जैसा है। क्या भगवान कृष्ण ने अर्जुन को उनके चार भाइयों में से नहीं चुना, भले ही अर्जुन सबसे बड़ा नहीं था, वह तीसरा भाई था। भगवान के निमित्त गलतियां करते हैं जैसे हम सब करते हैं लेकिन एक महत्वपूर्ण अंतर है, वे स्वेच्छा से ऐसा नहीं करते हैं। और भगवान उन्हें जमानत देते हैं। (18.58) कोई अब अपने दम पर रह नहीं सकता है, वह भगवान की शरण का आनंद लेता है, जिसका अर्थ है बहुत कुछ। अंत में, भगवान अपने निमित्तों के कृत्यों से आसानी से प्रसन्न होते हैं, और उन्हें छोटी-छोटी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बड़ा लाभ देकर पुरस्कृत करते हैं। परमेश्वर की उदारता की उसके चुने हुए लोगों के लिए कोई सीमा नहीं है।

-बिश्नोई एक आध्यात्मिक लेखक हैं।

रंग संकेत

आरती जावेरी कहती हैं कि रंग अक्सर हमारे चारों ओर पैटर्न बनाते हैं, विभिन्न भावनाओं, भावों और व्यवहारों को उद्घाटित करते हैं

रंग हमारे मूड को कभी भी और कहीं भी पहुंचा सकते हैं। हर व्यक्ति के पसंदीदा रंग होते हैं, जिन्हें वे पहनना पसंद करते हैं, जिनसे वे खुद को घेरना पसंद करते हैं, और जो उन्हें सुखद यादों की याद दिलाते हैं। हम पर रंग का प्रभाव शब्दों के प्रभाव से कहीं अधिक होता है।

नतीजतन, यह आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए कि रंग अक्सर हमारे चारों ओर पैटर्न बनाते हैं, विभिन्न भावनाओं,

भावों और व्यवहारों को उजागर करते हैं। क्योंकि हम रंगों को कुछ खास चीजों से जोड़ते हैं, रंगों का हमारे लिए एक विशेष अर्थ होता है। नीला रंग आकाश या समुद्र की तरह शांत होने का प्रतिनिधित्व करता है, हरा प्रकृति के विकास का प्रतिनिधित्व करता है, और नारंगी आग की गर्मी का प्रतीक है। अपने वातावरण में रंगों के माध्यम से हम अपने जीवन में संतुलन, आनंद और शांति पा सकते हैं। रंग हमें कैसे प्रभावित करते हैं, इसकी एक छोटी गाइड यहां दी गई है।

● **बैंगनी :** हम बैंगनी रंग के माध्यम से ब्रह्मांड से जुड़ा महसूस करते हैं। जब आप छोटे-छोटे विवरणों और छोटी-छोटी बातों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, या जब आप किसी लक्ष्य से अधिक जुड़ाव महसूस करना चाहते हैं, तो अपने वातावरण में अधिक बैंगनी रंग लाने पर विचार करें।

● **गहरा नीला :** यदि आप क्षणभंगुर या उड़ता हुआ महसूस कर रहे हैं, या यदि आपको सोने में कठिनाई हो रही है, तो अपने सोने के क्षेत्र में गहरे नीले रंग लाएं।

● **हल्का नीला :** धूप भरे दिन साफ नीले आकाश को देखें और उस शांतिपूर्ण आनंद की कल्पना करें जो आपके दिल में आता है। आप इस रंग का उपयोग करके अपने घर या कार्यालय में शांति की भावना पैदा कर सकते हैं। इसे कई तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है। अपनी शांति की भावना को बढ़ाने और सृष्टि के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए इस रंग का उपयोग करें।

● **गुलाबी :** इस रंग में दया, देखभाल और स्नेह सभी परिलक्षित होते हैं। यदि आपके पास अनुग्रह या सहानुभूति की कमी है, तो अपने परिवेश में और अधिक गुलाबी रंग शामिल करने पर विचार करें।

● **हरा :** हरा वातावरण मानसिक स्वास्थ्य व खुशी में भी सुधार कर सकता है, जिससे आप आशावाद तक अधिक आसानी से पहुंच सकते हैं। बोझिल लोगों से बचने के लिए इसे उन क्षेत्रों से दूर रखें जहां आपको शांत और तनावमुक्त रहने की आवश्यकता है। यह रंग उन स्थानों के लिए आदर्श है जहां आपको रचनात्मक और सक्रिय महसूस करने की आवश्यकता है।

● **पीला :** जब आप उलझा हुआ या उदास महसूस कर रहे हों, तो पीला, सूरज की तरह, आपकी भावनाओं को उछाल दे सकता है। यदि आप अपने जीवन में और अधिक आनंद जोड़ने के तरीके तलाश रहे हैं, या यदि आप गति में बदलाव चाहते हैं, तो अपने पूरे घर में अधिक पीले रंग को शामिल करने पर विचार करें।

● **लाल :** इस रंग के पीछे बहुत सारे वैज्ञानिक शोध हुए हैं। मस्तिष्क इसकी खतरनाक के रूप में व्याख्या करता है, हमारी उड़ान-या-लड़ाई को प्रतिक्रिया को जागृत करता है, जो बदले में हमारी ऊर्जा, ताकत, आत्मविश्वास और शक्ति को बढ़ाता है। यह हमें अपने वास्तविक वातावरण के साथ अधिक संपर्क में रहने में भी मदद करता है, इसलिए वास्तविकता से हमारा संबंध मजबूत होता है। लाल रंग हमें जरूरत पड़ने पर ताकत और ऊर्जा देता है, लेकिन ऊर्जा का बढ़ा हुआ स्तर भी हमारी निर्णय लेने की क्षमता को कम कर सकता है। अगर आपको अपना आधार बनाए रखने या खुद पर भरोसा करने की जरूरत है, तो इसका इस्तेमाल करें, लेकिन अगर किसी मुद्दे पर गहन अध्ययन की आवश्यकता है तो इससे बचें।

-लेखक एक दृश्य कलाकार हैं